3 राजधानी
भाजपा का केजरीवाल के विरुद्ध प्रदर्शन

6 अभिमत
भारत-बांग्लादेश संबंधों में गिरावट

11 विदेश
ईरान में कोयला खदान में 34 श्रमिकों की मौत

12 स्पोर्ट्स
भारत ने बांग्लादेश को 280 रन से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 312
नई दिल्ली, सोमवार, 23 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
# पायनियर



युवा विधि स्नातक
दयालु इंसान
भी बनें
राष्ट्रीय-10

www.dailypioneer.com

# शतरंज में भारत के खिलाड़ियों ने पहला स्वर्ण जीत कर रचा इतिहास

**ऋषभ मलिक।** नई दिल्ली

**शतरंज के** काले और सफेद खानों के रण में में भारत के खिलाड़ियों ने परचम फहराते हुए देश के पुरुष और महिला दल ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड 2024 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। बेहद प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में भारत के लिए यह पहला स्वर्ण पदक है।

भारत के शतरंज ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीवो को हराया और अर्जुन एरिगैसी, ने इवेंट के अंतिम दिन सर्बिया के जान सुबेलज को हराया। अर्जुन ने बुडापेस्ट में भी शानदार प्रदर्शन किया था।

ओपन कैटेगरी के लिए भारतीय टीम में गुकेश, एरिगैसी, प्रज्ञानंद आर, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा और श्रीनाथ नारायणन (कप्तान) शामिल थे। टूर्नामेंट में लगातार अपराजित रहने वाली इस टीम ने शनिवार को फाइनल राउंड से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के फैबियानो कारूआना (2.5-1.5) के खिलाफ अविश्वसनीय प्रदर्शन किया, जिससे स्वर्ण पदक की पुष्टि हुई। भारत के 19 अंक होने के बावजूद (तालिका में शीर्ष पर) केवल चीन ही 17 अंकों के साथ भारत के ठीक पीछे है, जिसने पदक की पुष्टि की। अगर किसी तरह चीन अंतिम 11 राउंड में 2 अंक ले लेता है तो दोनों टीमें स्वर्ण पदक साझा करेंगी। चेन्नई के 18 वर्षीय गुकेश डोमराजू ने 45वें शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक भारत के पहले स्वर्ण पदक के बाद विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, साथ ही हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया



हंगरी के बुडापेस्ट में रविवार को 45वें शतरंज ओलंपियाड के अंतिम दौर में भारत के गुकेश डी। एपी/पीटीआई

सचदेव की सफलता के साथ महिला वर्ग फाइनल में अजरबैजान के खिलाफ 1-0 से आगे चल रही हैं। गुकेश तनाव के क्षणों में भी बेहद संयत होकर अपना प्रदर्शन जारी रखते हैं जो टूर्नामेंट के दौरान मददगार साबित हुआ।

अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने प्लेटफॉर्म एक्स पर टीम की सफलता पर गुकेश डी, प्रज्ञानंद आर, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा और श्रीनाथ नारायणन (कप्तान) को बधाई दी।महान विश्वनाथन आनंद ने 2000 से 2002 तक एफआईडीई (अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ) का खिताब और 2007 से 2013 तक एकीकृत खिताब अपने नाम किया।

गुकेश डी (चैलेंजर) और डिंग एफआईडीई विश्व चैम्पियनशिप मैच 2024 में फिर से एक-दूसरे का सामना करेंगे, जो इस साल 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच सिंगापुर में होने जा रहा है। इस विजयी क्षण ने पूरे देश में युवाओं के दिलो दिमाग में शतरंज की दिवानगी और भागीदारी बढ़ाने के लिए दरवाजे खोल दिए हैं और यह भविष्य की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

# केजरीवाल के तीखे तेवर, पीएम, आरएसएस पर बोला हमला




नई दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को जनता की अदालत में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लोगों को संबोधित करते हुए। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, आप नेता मनीष सिसोदिया भी मंच पर मौजूद थे। रंजन डिमरी/पायनियर

**संजय राय।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री पद** से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार जंतर-मंतर पर पहली 'जनता की अदालत' लगाई। तिहाड़ जेल से बाहर आए आम केजरीवाल एक नई राजनीतिक रणनीति के तहत तीखे तेवर दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछा कि क्या राजनीति से अवकाश की आयु पर भाजपा का नियम मोदी पर भी लागू होता है जैसा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी , मुरली मनोहर जोशी व अन्य पर लागू होता है। केजरीवाल ने कहा कि वह राजनीति में बदलाव लाने के लिए आए थे और उन्होंने इस्तीफा इसलिए दिया क्योंकि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नेताओं को डराने या लुभाने के लिए उन पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों से वह आहत थे।

अरविंद केजरीवाल ने रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग कर पार्टियां तोड़ने और सरकारें गिराने का आरोप लगाया। साथ कहा कि क्या यह देश के लिए सही है पीएम मोदी ने जिन नेताओं को सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी बताया, उन्हें ही भाजपा में शामिल करा लिया, क्या आप इन कदमों से सहमत हैं और उन्हें कभी रोका। लोकसभा चुनाव में जेपी नड्डा ने कहा था कि अब भाजपा को आरएसएस की जरूरत नहीं है, तो क्या बेटा इतना बड़ा हो गया कि वह अपनी मातृ तुल्य संस्था को आंखें दिखा रहा है। वहीं आपने कानून बनाया था कि 75 साल के बाद भाजपा नेता रिटायर हो जाएंगे, भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को रिटायर कर दिया गया, तो क्या यही नियम पीमए मोदी पर लागू नहीं होना चाहिए। केजरीवाल ने इन सवालों पर आरएसएस कार्यकर्ताओं से भी चिंतन करने की अपील की।


केजरीवाल ने कहा कि आरएसएस वाले कहते हैं कि वह राष्ट्रवादी और देशभक्त हैं। आज मैं पूरे सम्मान के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पांच प्रश्न पूछना चाहते हैं। मेरा उनसे पहला सवाल है, जिस तरह पीएम मोदी देशभर में लालच देकर, ईडी-सीबीआई की धमकी देकर और डराकर दूसरी पार्टी के नेताओं और उनकी पार्टियों को तोड़ रहे हैं। सरकारें गिरा रहे हैं। क्या यह देश के लिए सही है। क्या मोहन भागवत को नहीं लगता कि ये जनतंत्र के लिए हानिकारक है। दूसरा सवाल है कि पीएम मोदी ने देशभर में सबसे भ्रष्टाचारी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करवा लिया। जिन नेताओं को पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने खुद कुछ दिन पहले सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी बोला, कुछ दिनों बाद उन्हें भाजपा में शामिल करा लिया। मोहन भागवत बताएं कि क्या वह इस प्रकार की राजनीति से सहमत हैं। क्या उन्होंने कभी ऐसी भाजपा की कल्पना की थी। जब जेपी नड्डा ने कहा कि हमें आरएसएस की जरूरत नहीं है, तब क्या मोहन भागवत और आरएसएस के कार्यकर्ताओं को दुख नहीं हुआ। तीसरा प्रश्न है कि भाजपा आरएसएस की कोख से पैदा हुई है। कहा जाता है कि ये देखना आरएसएस की जिम्मेदारी है कि भाजपा पथ भ्रष्ट न हो। वह भागवत से पूछना चाहते हैं कि क्या वह आज की भाजपा के इन कदमों से सहमत हैं। क्या आपने कभी प्रधानमंत्री से ये सब नहीं करने के लिए बोला। भागवत बताएं कि क्या उन्होंने पीएम को कभी ये सब गलत हरकतें करने से रोका। चौथा सवाल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि अब भाजपा को अब आरएसएस की जरूरत नहीं है। आरएसएस भाजपा की मां समान है। क्या आज बेटा इतना बड़ा हो गया कि मां को आंखें दिखाने लग गया। जिस बेटे को पाल पोषकर बड़ा किया। जिस बेटे को प्रधानमंत्री बनाया। आज वह बेटा पलटकर अपनी मातृ तुल्य संस्था आंखें दिखा रहा है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पांचवां प्रश्न पूछते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप लोगों ने ही कानून बनाया था कि 75 साल का होने के बाद कोई भी व्यक्ति रिटायर होगा। (शेष पृष्ठ 9)

# थिएटर ऑफ वार पर अमेरिका-भारत सहमत

**एजेंसी।** विलमिंगटन (अमेरिका)

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले महीने की गई यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा और उनके दिए शांति संदेश की सराहना की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक के दौरान व्यापक विषयों पर वार्ता की और इस दौरान युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी के तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचने के कुछ घंटों बाद शनिवार दोपहर अमेरिकी राष्ट्रपति ने डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने निजी आवास में मोदी की मेजबानी की। विलमिंगटन में राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठक भावनात्मक रही। आधिकारिक रूप से पीएम की अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनकी अंतिम बैठक थी, क्योंकि अमेरिकी नेता फिर से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यूक्रेन संकट से निपटने संबंधी एक सवाल के जवाब में मीडिया से कहा कि संघर्ष के सभी पक्षों से जुड़े लोगों के साथ बहुत महत्वपूर्ण बातचीत जारी है। बैठक पर एक संयुक्त तथ्य-पत्र के अनुसार, वार्ता में, बिडेन ने भारतीय प्रधान मंत्री को बताया कि अमेरिका भारत की महत्वपूर्ण आवाज़ को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार की पहल का समर्थन करता है, जिसमें सुधारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नई दिल्ली की स्थायी सदस्यता भी शामिल है। बैठक के संबंध में जारी संयुक्त तथ्य-पत्र के अनुसार, वार्ता के दौरान बाइडन ने भारत के प्रधानमंत्री से कहा कि अमेरिका भारत की महत्वपूर्ण आवाज को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार की पहल का समर्थन करता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव करके भारत को स्थाई सदस्य बनाने की मांग भी शामिल है। हालाँकि मोदी-बिडेन की



क्लेमोंट, डेल के आर्कमेरे अकादमी में शनिवार को क्वाड लीडर्स समिट के दौरान क्वाड्रीलेटरल कैंसर मूनशॉट पहल के बारे में बोलने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समूह फोटो खिंचाने के दौरान साथ दिखे। एपी/पीटीआई

बातचीत मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित थी, लेकिन दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और इंडो-पैसिफिक की स्थिति सहित प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर भी बात की, जिसमें चीन की बढ़ती ताकत देखी गई है।

तथ्य-पत्र में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन ने वैश्विक मंच पर भारत की अग्रणी भूमिका, विशेष रूप से जी-20 और ग्लोबल साउथ में मोदी के नेतृत्व और स्वतंत्र, मुक्त एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए क्वाड को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता की अत्यधिक सराहना की। इसमें कहा गया कि भारत कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के वैश्विक प्रयासों में सहयोग करने से लेकर दुनिया भर में संघर्षों के विनाशकारी परिणामों से निपटने तक बड़ी चुनौतियों का समाधान करने की कोशिशों में सबसे आगे है। तथ्य-पत्र में कहा गया, राष्ट्रपति बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्राओं के लिए उनकी सराहना की, जो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग सहित यूक्रेन के लिए मानवीय सहायता और मोदी के शांति संदेश की भी सराहना की। समझा जाता है कि मोदी ने बाइडन को जुलाई में मास्को और पिछले महीने कीव की अपनी यात्रा के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री से जब पूछा गया कि दोनों नेताओं के बीच रूस-यूक्रेन संघर्ष पर किस हद तक चर्चा हुई और क्या भारतीय पक्ष ने किसी तरह के शांति प्रस्ताव का उल्लेख किया, उन्होंने केवल इतना कहा कि नई दिल्ली वार्ताओं में शामिल है। उन्होंने कहा, वह इस बात पर पुन: जोर देना चाहते हैं कि वह सभी पक्षों के वार्ताकारों के साथ निरंतर बातचीत में शामिल हैं। उन्होंने कहा, जाहिर है कि लोग इन वार्ताओं में भारत की भागीदारी को महत्व देते हैं और हम कई वार्ताकारों से बात करने में सक्षम हैं। मौजूदा चरण में इसके कोई परिणाम निकलने वाले नहीं हैं, क्योंकि अब भी काफी काम किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि इस समय, इस संघर्ष के सभी पक्षों के विभिन्न लोगों के साथ बहुत महत्वपूर्ण बातचीत हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 23 अगस्त को यूक्रेन की यात्रा के दौरान उसके राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को बिना समय बर्बाद किए साथ बैठकर युद्ध को समाप्त करना चाहिए तथा भारत क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। तथ्य पत्र में कहा गया है कि अपनी बैठक में मोदी और बाइडन ने पश्चिम एशिया में उन महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों सहित सभी मार्गों में नौवहन की स्वतंत्रता और वाणिज्य की सुरक्षा के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की, जहां भारत 2025 में अरब सागर में समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने के लिए संयुक्त समुद्री बलों के साथ काम करते हुए संयुक्त कार्य बल 150 का सह-नेतृत्व संभालेगा। (शेष पृष्ठ 9)

# पुरातत्व महत्व की कई वस्तुएं अमेरिका से भारत वापस लाई जाएंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उत्तर भारत से** 15-16वीं शताब्दी के के बलुआ पत्थर से बने खड़े भगवान बुद्ध। पूर्वी भारत से 17-18वीं शताब्दी के कांस्य में भगवान विष्णु। उत्तर भारत से 2000-1800 ईसा पूर्व की तांबे की मानवरूपी आकृति। दक्षिण भारत से 17-18वीं शताब्दी के कांस्य में भगवान कृष्ण और दक्षिण भारत से 13-14वीं शताब्दी ईसा पूर्व के ग्रेनाइट में भगवान कार्तिके आदि भारत से चुराई गई कुछ प्राचीन वस्तुएं हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा के दौरान सौंपा गया।

ये पुरावशेष वस्तुएं लगभग 4000 वर्ष पुरानी समयावधि अर्थात 2000 ईसा पूर्व से लेकर 1900 ईसवीं तक की हैं और इनका उद्गम भारत के विभिन्न हिस्सों से हुआ है। इनमें से अधिकांश पुरावशेष पूर्वी भारत की टेराकोटा कलाकृतियां हैं, जबकि अन्य वस्तुएं पत्थर, धातु, लकड़ी तथा हाथी दांत से बनी हैं और देश के विभिन्न



भागों से संबंधित हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, शनिवार को भारत से चुराई गई कुल 297 प्राचीन वस्तुएं प्रधानमंत्री को लौटा दी गईं। इसके साथ ही, वर्ष 2016 से अमेरिका से बरामद की गई चोरी हुई भारतीय प्राचीन वस्तुओं की कुल संख्या 578 हो गई, जो किसी भी देश द्वारा भारत को लौटाई गई अधिकतम प्राचीन वस्तुएं हैं।

अधिकांश प्राचीन वस्तुएं पूर्वी भारत से टेराकोटा कलाकृतियाँ हैं, जबकि अन्य पत्थर, धातु, लकड़ी और हाथीदांत से बनी हैं और देश के विभिन्न भागों से संबंधित हैं। ये लगभग 4000 वर्ष की अवधि, 2000 ई.पू. से 1900 ई. तक की हैं और इनकी उत्पत्ति भारत के विभिन्न भागों से हुई है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत को लौटाई गईं कुछ उल्लेखनीय कलाकृतियों में 10-11वीं शताब्दी ईसा पूर्व की मध्य भारत की बलुआ पत्थर से निर्मित एक अप्सरा , 15-16वीं शताब्दी ईसा पूर्व में कांस्य से निर्मित एक जैन तीर्थंकर, तीसरी-चौथी शताब्दी ईसा पूर्व का पूर्वी भारत का टेराकोटा का एक फूलदान तथा पहली शताब्दी ईसा पूर्व की दक्षिण भारत की पत्थर की एक मूर्ति शामिल हैं।

इससे पहले भी मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत को कलाकृतियां लौटाई गई हैं। मोदी की वर्ष 2021 में अमेरिकी यात्रा के दौरान अमेरिकी सरकार ने 157 कलाकृतियां लौटाई थीं जिनमें 12वीं शताब्दी ईसा पूर्व की नटराज की कांसे की प्रतिमा शामिल थी। वर्ष 2023 में मोदी की अमेरिकी यात्रा के कुछ दिन बाद भारत को 105 कलाकृतियां लौटाई गई थीं। भारत ने अन्य देशों से भी कलाकृतियों को सफलतापूर्वक लाया है, जिसमें यूके से 16 और ऑस्ट्रेलिया से 40 कलाकृतियाँ शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, सांस्कृतिक जुड़ाव को गहराते और सांस्कृतिक संपत्तियों की अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करते हुए। मैं भारत को 297 अमूल्य कलाकृतियां लौटाने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन और अमेरिकी सरकार का अत्यधिक आभारी हूं।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि कलाकृतियों को घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को ध्यान में रखते हुए और अधिक सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने के लिए लौटाया गया। इन कलाकृतियों को जल्द ही भारत वापस लाया जाएगा। इसमें कहा गया है कि विलमिंगटन, डेलावेयर में अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान मोदी और बिडेन को कुछ चुनिंदा कलाकृतियाँ दिखाई गईं। अमेरिकी विदेश विभाग के शैक्षिक और सांस्कृतिक मामलों के ब्यूरो और केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए जुलाई 2024 में एक सांस्कृतिक संपत्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत की रक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करना है, जैसा कि जून 2023 में उनकी बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है।



## मोदी ने जो बाइडन को प्राचीन ट्रेन का मॉडल जिल को भेंट किया पश्मीना शॉल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान उनके गिफ्ट्स काफी चर्चा में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरे के तीसरे दिन अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन को चांदी से बना एक प्राचीन हाथ से उकेरा हुआ ट्रेन का मॉडल उपहार में दिया है, जो भाप इंजन युग की याद दिलाता है जबकि अमेरिका की प्रथम महिला जिल बिडेन को पेपर-मैचे बॉक्स में पश्मीना शॉल भेंट की है। अधिकारियों ने बताया कि 92.5 फीसदी चांदी पर हाथ से उकेरा गया ट्रेन का मॉडल एक दुर्लभ और असाधारण कृति, जिसे महाराष्ट्र के कारीगरों ने बेहतरीन तरीके से तैयार किया है। इस मॉडल को भारत में यात्री ट्रेनों पर दिल्ली- डेलावेयर और इंजन पर अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में भारतीय रेलवे उकेरा गया है, जो आमतौर पर भारतीय यात्री ट्रेनों पर देखे जाने वाले प्रारूप जैसा है।

# लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मांगी 2 करोड़ की रंगदारी

## गाजियाबाद के कारोबारी को डराने के अंदाज में कहा- मिलकर चलेगा तो फायदे में रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



फाइल फोटो

गाजियाबाद में एक कंस्ट्रक्शन कारोबारी से लॉरेंस बिश्नोई का नाम लेकर दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। कारोबारी को धमकी दी गई कि अगर मिलकर चलेगा तो फायदे में रहेगा। पीड़ित ने इस संबंध में थाना शालीमार गार्डन में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच में पता चला है कि मोबाइल नंबर का कोड पुर्तगाल का है। पुलिस मानकर चल रही है कि आरोपियों ने वर्चुअल नंबर के जरिए ये कॉल की होगी।

इस संबंध में वॉट्सऐप से जानकारी मांगी गई है, ताकि आरोपी का आई पी एड्रेस ट्रेस हो सके। शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-एक निवासी सुधीर मलिक कंस्ट्रक्शन कारोबारी हैं। सुधीर ने बताया- 20 सितंबर की शाम पौने 7 बजे मेरे मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले नाम पूछा, फिर हाल-चाल पूछा। फिर कहा कि आपके लिए लॉरेंस बिश्नोई का मैसेज है, लो भाई से बात करो।

मैंने पूछा कि कौन बोल रहे हो। इस पर कॉलर ने कहा- दो करोड़ रुपए तैयार करो, कल दोगे और इसे मजाक या स्केम ना समझो, कॉल रिकॉर्ड कर लो। मैंने कहा कि भाई आपकी इन्फॉर्मेशन सही नहीं है। मैं बहुत छोटा आदमी हूं। इतने पैसे मेरे पास नहीं हैं।

आप पता कर लो। मैं इतना बड़ा आदमी नहीं हूं। आखिर में कॉलर ने कहा कि मिलकर रहेगा तो फायदे में रहेगा। इतना कहकर उसने कॉल काट दी। सहायक पुलिस आयुक्त सलोनी अग्रवाल ने कहा- उक्त प्रकरण में थाना शालीमार गार्डन पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के खुलासे के लिए साइबर और सर्विलांस टीम का गठन कर दिया गया है। शीघ्र घटना का विधिक अनावरण किया जाएगा।

### पूर्व मेयर आशु वर्मा को मिली धमकी

*__गाजियाबाद।__ पूर्व मेयर आशु वर्मा को फोन पर धमकी मिली है। इस संबंध में थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज कराया है। आशु वर्मा के अनुसार उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से एक कॉल आई। टेली कम्प्यूटर ने कहा- आपका फोन अगले दो घंटे में बंद हो जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 9 दबाएं। मैंने 9 नंबर बटन दबा दिया। इसके बाद एक पुरुष की आवाज आई। वो मुझसे पर्सनल जानकारी मांगने लगा। मैंने पूछा कि आप किस डिपार्टमेंट से हो। इस पर मेरी उससे नोकझोंक हो गई। उसने मुझे ठिकाने लगाने की धमकी दी और कॉल काट दिया। फिर मैंने उस नंबर पर दोबारा कॉल करनी चाही, लेकिन कॉल कनेक्ट नहीं हुई। पूर्व मेयर कहा कि 21 सितंबर को इसी तरह की कॉल गाजियाबाद में कई लोगों को आई। एक पत्रकार लोकेश राय पर भी कॉल आई और कहा गया कि आपका नंबर अगले दो घंटे में बंद हो जाएगा। फिर एक महिला ने लोकेश से बात की और नाम पूछा। लोकेश ने अपना नाम अकरम बताया। इस पर महिला कॉलर ने कहा कि सॉरी सर ये एक स्कैम कॉल है। मैं भी मुस्लिम हूं, इसलिए आपको ये बात बता रही हूं। यानी लोकेश राय नाम बदलने की वजह से इस फ्रॉड से बच गए। इसी तरह एक और व्यक्ति को कॉल आई।*

### सीलिंग लाइट लगाते समय मजदूर गिरा, मौत

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्र में शनिवार देर रात फॉर्म हाउस में सीलिंग लाइट लगाते वक्त हादसा हो गया। तीन मजदूर 25 फुट की ऊंचाई से नीचे आ गिरे। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ये हादसा इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के प्रहलादगढ़ी स्थित फार्म हाउस में हुआ। इस फार्म हाउस की नवंबर में री-ओपनिंग होनी है। इसलिए रेन्योवेशन का काम तेजी से चल रहा है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात तीन मजदूर रस्सी का झूला बनाकर 25 फुट ऊंचाई पर सीलिंग लाइट लगा रहे थे। इस दौरान मजदूरों के झूले आपस में टकरा गए और तीनों ही नीचे आ गिरे। हादसे में तीनों मजदूरों के गंभीर चोट आईं। उनको तुरंत नजदीकि अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में अरुण ठाकुर को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि पवन ठाकुर और अतुल ठाकुर का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## संक्षिप्त समाचार


पुलिस व आबकारी टीम ने अवैध शराब के साथ सात तस्कर को गिरफ्तार किया

### अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले गिरफ्तार

**नोएडा। हथियारों** की तस्करी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को ग्रेटर नोएडा की बीटा 2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी मेरठ से कम दामों में हथियार लाकर दिल्ली-एनसीआर में बदमाशों को यह हथियार सप्लाई किया करते थे। पुलिस ने बदमाशों से ग्राहक बनकर संपर्क किया। जब यह लोग पुलिस को हथियार सप्लाई करने के लिए आए, तो इस दौरान पुलिस ने इन्हें धर दबोचा। दरअसल बीटा 2 पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अवैध हथियारों के तस्करहथियारों की तस्करी कर रहे हैं। इसको लेकर पुलिस ने इन लोगों से कस्टमर बनकर कॉन्टेक्ट किया और इनसे अवैध हथियार मांगे। इसके बाद मेरठ से यह तीनों आरोपी हथियार देने के लिए ग्रेटर नोएडा आ गए। जहां पुलिस ने पी थ्री गोल चक्कर के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लोगों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल और दो चाकू भी बरामद किए। इस दौरान पुलिस ने शिवम, हर्ष और अर्जुन नाम के आरोपियों के गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है और इनसे यह भी जानकारी जुटा रही है कि इनके द्वारा किन-किन बदमाशों को हथियारों की सप्लाई की गई है।

### महामाया स्टेडियम की बदहाली पर मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के महामाया स्पोटर्स स्टेडियम में बदहाली के खिलाफ राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने मंत्री से कहा कि वे एक बार स्टेडियम का दौरा करें, ताकि सच्चाई से रूबरू हो सकें। राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष अरुण चौधरी ने कहा- महामाया स्पोटर्स स्टेडियम में बेडमिंटन कोर्ट की हालत अत्यंत चिंताजनक है। हॉल की दीवारों का प्लास्टर टूटा पड़ा है। कोर्ट में बना वुडन का फ्लोर भी कई जगह से टूटा हुआ है। फ्लोर पर पानी आ जाने से कई बार खिलाड़ी फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि वहां प्रेक्टिस करने वाला प्रत्येक खिलाड़ी निर्धारित शुल्क जमा करके ही स्टेडियम में जाता है। रालोद नेता ने कहा कि महामाया स्पोटर्स स्टेडियम में बेडमिंटन कोर्ट को व्यवस्थित कराएं, ताकि यहां प्रेक्टिस करने वाले खिलाड़ियों के साथ कोई अप्रिय घटना न हो। महानगर अध्यक्ष ने मंत्री असीम अरुण से ये भी कहा कि फिलहाल आप गाजियाबाद जिले में मौजूद हैं, इसलिए एक बार स्टेडियम का दौरा भी कर लें। उन्होंने बतौर सुबूत मंत्री को स्टेडियम में अव्यवस्थाओं की कई वीडियो भी दिखाईं। मंत्री असीम अरुण ने समस्याओं का जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिया है।

### गाजियाबाद में दीवार बनाने को लेकर हुआ विवाद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर की भगवान गंज मंडी कॉलोनी में दीवार बनाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने व्यापारी के सिर पर बट मारकर दो राउंड फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पूरा मामला कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की भगवान गंज मंड़ी कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार गर्ग और मुकुल कुमार गर्ग का मकान आसपास है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच दीवान बनाने को लेकर विवाद चल रहा है। इस बात को लेकर रविवार को विवाद हो गया। प्रदीप कुमार का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने अचानक हमला बोल दिया। इतना ही नहीं पिस्टल की बट मार दी। जिस कारण उनका सिर फट गया। मारपीट का यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। पीड़ित ने इस मामले में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद के प्रताप विहार में जीएसटी अधिकारियों ने की छापेमारी

**● कई घंटों से चल रही है तलाशी, वेव सिटी ग्रुप से जमा करवाए थे 6.21 करोड़ रुपए**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना विजयनगर स्थित प्रताप विहार में एक शख्स के यहां जीएसटी की रेड चल रही है। हालांकि जीएसटी अधिकारियों ने अभी मीडिया से बात करने से मना कर दिया है लेकिन मिली जानकारी के मुताबिक, रेड करने आई टीम शख्स की कंपनियों के कागजात खंगाल रही है।

वहीं गाजियाबाद नोएडा और मुरादाबाद में वेव सिटी बिल्डर की 2 फर्म में खामी पाए जाने पर 6.21 करोड़ रुपए जीएसटी टीम ने जमा भी कराए थे। प्रताप विहार स्थित भावराव देवरस कॉलोनी सेक्टर-12 के फ्लैट नंबर 333 में जोगेश्वर मिश्रा रहते हैं। मूल रूप से जोगेश्वर मिश्रा बिहार के रहने वाले हैं। जीएसटी की कई टीम रविवार की सुबह से उनके यहां तलाशी का काम कर रही हैं। फिलहाल जीएसटी अधिकारियों ने किसी तरीके की जानकारी देने से मना कर दिया है। लेकिन पता चला है कि जोगेश्वर मिश्रा के जीएसटी अकाउंट में गड़बड़ी पाई जाने के बाद जीएसटी की टीम यहां उनके कागजों को खंगाल रही है।

वहीं जीएसटी की एक बड़ी कार्रवाई में वेव सिटी ग्रुप से जुड़ी दो फार्मो के गाजियाबाद नोएडा मुरादाबाद स्थित आठ ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। जहां जीएसटी चोरी का खुलासा हुआ था। 20 सितंबर की सुबह शुरू हुए सर्च अभियान को 24 घंटे तक जारी रखा गया था। उसके बाद जीएसटी की हेरा फेरी के आधार पर 6.21 करोड़ रुपए की धनराशि जमा कराई गई थी।

# जूस में मूत्र प्रकरण को लेकर लोनी में महापंचायत

**● संत बोले- खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को फांसी हो**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद में जूस में मूत्र प्रकरण को लेकर लोनी में सर्वसमाज की ओर से महापंचायत की गई। महापंचायत में लोगों ने केंद्र सरकार से खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को मृत्यु दंड देने का कानून बनाने की मांग की। लोनी स्थित शिव मंदिर टीला कोठी में हुई महापंचायत में 4 प्रस्ताव भी पास किए गए।

साध्वी प्राची ने तिरुपति बालाजी मंदिर और राम जन्मभूमि के उद्घाटन के अवसर पर वितरित किए गए प्रसाद में मिलावट के मुद्दे पर शंकराचार्यों की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब प्रसाद जैसे पवित्र पदार्थ में मिलावट हो रही है, तो शंकराचार्य क्यों चुप हैं? मोदी को गाली देने के लिए शंकराचार्य तुरंत खड़े होते हैं, लेकिन जब धर्म भ्रष्ट हो रहा है, तब कोई प्रतिक्रिया नहीं आती। साध्वी ने कहा- बांग्लादेश में हिंदू बच्चियों के साथ हुए अत्याचारों पर किसी शंकराचार्य ने आवाज नहीं उठाई। ऐसे मामलों में चुप रहना गलत है। इससे यह दिखाता है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है।

साध्वी प्राची ने कहा- चादर और फादर के साथ मिलकर कुछ लोग सनातन धर्म को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने हिंदुओं के इस साजिश को नाकाम करने के लिए हिंदू समाज को एकजुट होना होगा। अब समय आ गया है कि ऐसे काले धंधों की दुकानों को ढहा दिया जाए, जो सनातन धर्म के खिलाफ काम कर रही हैं। हिंदू समाज को सतर्क रहना चाहिए और अपने धर्म की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। लोनी से भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा- हिन्दुस्तान के अंदर खाने-पीने की चीजों में मिलावट करने से लेकर बेटियों का कत्ल कर दिया जा रहा है। लोनी क्षेत्र में अब कोई भी गड़बड़ नहीं करेगा। योगी की सरकार है। देश में 500 साल तक किसी की बोलने की औकात नहीं हुई। अब एक हजार साल तक कोई नहीं बोलेगा। नस्लें मिट जाएंगी।

अपर पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने बताया- महापंचायत के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल और पीएसी तैनात की गई। वीडियोग्राफी और ड्रोन का उपयोग किया गया। एलआईयू की रिपोर्ट के अनुसार- करीब एक हजार लोगों के पहुंचने की बात सामने आई है। सतर्कता बरती जा रही है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में इंदरपुरी पुलिस चौकी के नजदीक खुशी जूस एंड शेक नाम से दुकान है। 13 सितंबर को कुछ लोग यहां जूस पीने पहुंचे। उन्होंने दुकान संचालक आमिर पर आरोप लगाया कि वो जूस में यूरिन मिलाकर लोगों को पिला रहा था। हंगामा हुआ तो पब्लिक ने आमिर की पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने दुकान की तलाशी ली। यहां से एक प्लास्टिक कैन रिकवर हुई। इसमें करीब एक लीटर पीले रंग का द्रव्य पदार्थ मिला। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे यूरिन बताया। हालांकि लैब से जांच रिपोर्ट अभी नहीं आ सकी है।

इसके बाद से स्थानीय लोग जूस बेचने वाले मुस्लिम दुकानदारों का विरोध कर रहे हैं। तीन दिन पहले विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी मुस्लिम जूस विक्रेताओं के यहां पहुंचे थे और लाइसेंस नहीं होने पर उन्हें दो दिन में दुकान बंद करने के लिए कहा था।

इसमें साध्वी प्राची, स्वामी दीपांकर, स्वामी यशवीर महाराज सहित कई हिंदू संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। महापंचायत में कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर नेमप्लेट लगाने के फैसले को सही ठहराया। स्वामी दीपांकर ने लोगों को शपथ दिलाई- एक होकर, हिन्दू होकर, सनातनी होकर भारत में रहूंगा। जातियों में नहीं बंटूंगा। गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। हिन्दुस्तान हमारा है, हमारा था और हमारा रहेगा। महापंचायत में विधर्मियों को रासुका के तहत गिरफ्तार किया जाए। मुस्लिम समाज के लोग एक हफ्ते में एक महापंचायत करके ऐसे लोगों का बहिष्कार करें। सुप्रीम कोर्ट से जनसंख्या नियंत्रण के लिए 2 बच्चों का कानून शीघ्र बनाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई। रोहिंग्या एवं बांग्लादेशियों को देश से खदेड़ने के लिए प्रधानमंत्री शीघ्र कठोर कानून बनाकर उसे लागू करें जैसे चार प्रस्ताव पास किए गए।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, ANJU BHARDWAJ, aged 47** years, wife of Mr. Deepak Bhardwaj, resident of A-28, Alok Park, Modi Nagar, Ghaziabad-201204, presently at New Delhi, hereby declare That after my marriage, my sur-name has been changed from SHARMA to BHARDWAJ. presently I am known as "ANJU BHARDWAJ" and shall be known the same in future for all purposes.

PD(773)C

LOST & FOUND

**Rajwant Kaur W/o late Sh.** Jasvinder Singh have lost original allotment letter of flat No. B-103, vasundhra apartments CGHS Ltd., Plot No.16, Sector-6, Dwarka, New Delhi. Finder contact-9971867474.

PD(775)A

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार दीपक दत्ता, फ्लैट नंबर 19 ए जीएफ, पाकेट-बी,सेक्टर-26 द्वारका, नई दिल्ली की मालिक हैं और दीपक दत्ता के पास 1.आवंटन पत्र डीडीए द्वारा श्रीमती जोनी के पक्ष में का ओरिजिनल नहीं है, तथा यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि सिवाय दीपक दत्ता के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न.पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

**एडरेम लिगल सल्यूशन**
चेंबर न.760,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई देल्ही-75
मोबाइल : 9899013918

**NOTICE**

I **SHAHNAJ BEGUM** wife of Late **MOHD. SAMED** residence of **Q. NO. 1480, TYPE-2, DMW COLONY, PATIALA (PUNJAB) INDIA** do hereby solemnly and declare as under:-

**1.** That I am permanent resident of above mentioned address.
**2.** That this is to inform to all that my husband Late Mr. MOHD. SAMED booked a FLAT No. **B1B/412A in SUPERTECH GOLF VILLAGE COUNTRY PROJECT AT YAMUNA EXPRESSWAY (U.P.)** in 2014. He has expired on 19.04.2015.
**3.** That now after his death I requested to supertech to transfer this property to my only daughter **MS. JAINAB SAMAD.**
**4.** That if anybody has objection for the same he/she may contact in Supertech Head office E-square Plot. No. C2, sector-96, Noida (U.P.) within 15 days of this notice or can contact on 93100-12345

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती नेहा कवात्रा मदान पत्नी श्री करण मदान और श्री उमेश कवात्रा पुत्र स्वर्गीय श्री कृष्ण चंद कवात्रा 'फ्रीहोल्ड निर्मित आवासीय संपत्ति के संपूर्ण भूतल, प्लॉट संख्या 111, ब्लॉक संख्या बी (सामान्यतः बी-111 के रुप में जाना जाता है), मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017, 289.00 वर्ग गज क्षेत्रफल' के कब्जे में 'स्वामित्व धारक' है। जिसे आगे दिनांक 9 अगस्त, 2023 के बिक्री विलेख के तहत 'अनुसूची संपत्ति' के रुप में संदर्भित किया गया है, जो उप रजिस्ट्रार-V-A, हौज खास, नई दिल्ली के कार्यालय में 11.08.23 को पंजीकरण संख्या 6802, पुस्तक नंबर 1, खंड सं. 5571, पृष्ठ 113-130 के रुप में विधिवत पंजीकृत है। मूल दस्तावेज यानि (i) पट्टा विलेख दिनांक 31.10.64, (ii) हस्तांतरण विलेख दिनांक 31.10.64, (iii) श्रीमती राम राखी का मृत्यु प्रमाण पत्र, (iv) श्रीमती राज कुमारी नंदा का मृत्यु प्रमाण पत्र, (v) श्री राम प्रकाश नंदा का मृत्यु प्रमाण पत्र, (vi) प्रतिस्थापन पत्र (एल एंड डीओ) दिनांक 24.06.04, (vii) प्रतिस्थापन पत्र (एल एंड डीओ) दिनांक 15.07.04 और (viii) प्रतिस्थापन पत्र दिनांक 02.03.12 अनुसूची प्लॉट के संबंध में सभी खो गई हैं/गुम हो गए है और आज की तारीख में अप्राप्य है। जिसके बदले में सूचना रिपोर्ट दिनांक 22.09.24 को दिल्ली पुलिस में दर्ज किया गया है जिसका एलआर नंबर 2140399/2024 है। इसलिए, यह आम जनता को बड़े पैमाने पर सूचित किया जाता है, यानी किसी भी व्यक्ति, कंपनी, प्राधिकरण, सोसायटी, संगठन, वित्तीय संस्थान, बैंक, एचयूएफ आदि, उपर्युक्त खोए हुए/गुम हुए मूल दस्तावेजों के बारे में कोई जानकारी, अभिरक्षा या कब्ज़ा होना या अन्यथा अनुसूची संपत्ति में स्वामित्व, उत्तराधिकार, विरासत, बिक्री, बंधक के माध्यम से कोई दावा, अधिकार, शीर्षक, हित, कब्ज़ा आदि। विनिमय, शुल्क, उपहार, ट्रस्ट, ऋणभार इत्यादि। सहायक दस्तावेजों के साथ आगे आ सकते हैं, जिन्हें इस प्रकाशन की दिनांक से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सौंप दिया जाना चाहिए, जिसकी समाप्ति के बाद, कोई भी दावा या आपत्ति, यदि उठाया या प्राप्त किया जाता है, तो उसे अमान्य शून्य माना जाएगा और माफ कर दिया जाएगा।

जोनी कश्यप, अधिवक्ता
पता : चैंबर नंबर 6, ब्लॉक-ई, कड़कड़डूमा कोर्ट नई दिल्ली-110032, संपर्क नंबर: +91 99716 26467

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शॉल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री राजेश कुमार (कर्ज़दार), श्रीमती रत्नावली (सह-कर्ज़दार), ऋण खाता संख्या LBBWD00002987335 | प्लॉट नंबर-178, प्लॉट-एस खसरा नंबर-556, 557, 558, 559, श्री पारस रेजीडेंसी, गाँव पाटन कलाँ, तह. तिजारा, भिवाड़ी, राजस्थान। क्षेत्रफल : 908.55 वर्ग फुट | रु. 8,50,774/- (सितम्बर 11, 2024 तक) | रु. 4,00,000/- / रु. 40,000/- | अक्टूबर 04, 2024 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अक्टूबर 15, 2024 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 14, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शॉल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** में **अक्टूबर 14, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन्ड इमेज (छायाप्रति) **अक्टूबर 14, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शॉल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 14, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **8657476284/8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ऑगियो एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : सितम्बर 23, 2024**
**स्थान : दिल्ली और गुड़गाँव**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**


# रन्हेरा क्षेत्र में जल भराव को लेकर डीएम ने लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर में पिछले एक हफ्ते से हो रही बारिश ने कई इलाकों को तहस-नहस करके रख दिया है। बारिश के चलते नोएडावासी को लम्बे जाम का सामना तो करना पड़ ही रहा है इसके अलावा लगातार हो रही बारिश ने शहर की सड़कों को गड्ढे में तब्दील कर दिया है। हालांकि पिछले दो दिनों से खिलखिलाती धूप निकल रही है।

इस दौरान गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ग्राम रन्हेरा जेवर में पहुंचे और जल भराव से प्रभावित परिवारों को दी जा रही सुविधाओं एवं जल भराव क्षेत्रों में किये जा रहे पानी निकासी के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए प्रभावित परिवारों को दी जा रही सुविधाओं एवं जल भराव से आ रही समस्याओं का अनुश्रवण किया। साथ ही प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद कराये जाने एवं जल भराव की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये।

उन्होंने जल भराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए नाराजगी व्यक्त की एवं नाला निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था के विरूद्ध ठोस कार्यवाही के भी सख्त निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि, जल भराव से प्रभावित परिवारों में खाद्यान्न राहत सामग्री का मानकों के अनुरूप वितरण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाए।

# सिपाही ने थाने में खुद को मारी गोली, मौत

**● मानसिक तनाव में चल रहे थे अंकुर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में कॉन्स्टेबल ने थाने के अंदर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। सिपाही ने सरकारी पिस्टल से अपनी कनपटी पर गोली मारी। गोली की आवाज सुनते ही साथी जवान मौके पर पहुंचे, तो उनके होश उड़ गए। तत्काल सिपाही को अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद सिपाही को मृत घोषित कर दिया।

पूरा मामला रबूपुरा थाने का है। रात करीब 11.30 बजे सिपाही अंकुर राठी (30) ने सुसाइड किया है। मौके से सरकारी पिस्टल को एविडेंस के लिए कलेक्ट कर लिया गया है। पुलिस ने अंकुर राठी के घर वालों को सूचना दे दी है। अंकुर राठी ने उस समय खुद को गोली मारी, जब साथी जवान नाइट पेट्रोलिंग के लिए निकलने वाले थे। जवान थाने से बाहर आए थे कि तभी उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी। इसके बाद सभी सरकारी क्वार्टर की तरफ दौड़ पड़े। यहां अंकुर राठी तड़प रहा था। उसके सिर से खून बह रहा था।

पास में सरकारी पिस्टल पड़ी हुई थी। इसके बाद साथी जवान बिना किसी देरी के अंकुर को अस्पताल ले गए। वहीं अधिकारियों को पूरी घटना की सूचना दी गई। जांच-पड़ताल में अंकुर के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सिपाही अंकुर काफी दिनों से डिप्रेशन में था। साथी जवानों की माने तो अंकुर स्टाफ से दूर रहता था। उससे कई बार पूछा भी गया कि क्या हुआ है, तो जवाब मिलता कि घर-परिवार की टेंशन है। अंकुर के करीबी सिपाहियों की मानें तो वह पर्सनल लाइफ से परेशान था। परिवार में विवाद चल रहा था। इसी क्लेश से तंग आकर उसने सुसाइड किया है। अंकुर 2016 बैच का कॉन्स्टेबल था। वह मुजफ्फनगर का रहने वाला था।

रबूपुरा थाने के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि अंकुर राठी ईमानदार पुलिसकर्मी थे। वे पिछले 5 साल से पुलिस सेवा में तैनात थे। साथ ही अंकुर अपनी कर्तव्य निष्ठा के लिए जाने जाते थे। लेकिन बीते कुछ महीनों से उनके पारिवारिक जीवन में उथल-पुथल चल रही थी। अशोक कुमार ने कहा- इसकी वजह से वे मानसिक रूप से बहुत परेशान थे। थाने में ड्यूटी के दौरान भी कई बार उनकी ये परेशानी साफ दिखाई देती थी। पुलिस ने कॉन्स्टेबल अंकुर राठी की मौत की खबर उनके परिवार को दे दी है।

### फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है, जो बेरोजगार युवाओं को शिप में नौकरी का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए ठग रहा था। यह गिरोह सोशल मीडिया, फर्जी वेबसाइट्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम के जरिए लोगों को फंसाता था।

पुलिस ने आइथम टावर, सेक्टर 62 में छापा मारते हुए इस कॉल सेंटर के संचालक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गैंग बेरोजगार युवाओं को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर उनके मेडिकल टेस्ट और सीडीसी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठता था। एक युवक से गिरोह 50,000 तक वसूल लेता था। इनका मुख्य निशाना दूर-दराज के लोक होते थे, ताकि वे आसानी से शिकायत करने न आ सकें।

# ग्रेनो में आ रहे हैं ब्रज, अवध व पूर्वांचल के कलाकार

**● 25 सितंबर से 29 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 का होगा आयोजन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश की समृद्धशाली सांस्कृतिक धरोहर की झलक दिखाने के लिए ब्रज, पश्चिमांचल, अवध, रुहेलखंड, बुंदेलखंड और पूर्वांचल के कलाकार आ रहे हैं। इन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा में खूब रंग जमाएंगे।

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा शहर में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक दूसरी बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 का आयोजन किया जा रहा है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जाएगा। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और संगीत की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जाएगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए तैयार है। ग्रेटर नोएडा में स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है।

इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर की अनूठी मिसाल पेश की जाएगी। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो- 2024 में प्रदेश की समृद्धिशाली अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के अंतर्गत विभिन्न अंचलों ब्रज, पश्चिमांचल, अवध, रूहेलखंड, बुंदेलखंड व पूर्वांचल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संगीत के क्षेत्र में प्रदेश का नाम ऊंचा करने वाले प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा भी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रस्तुति दी जाएगी।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रस्तुत किए जाने वाले उत्तर प्रदेश के लोक नृत्य दर्शकों को बेहद आकर्षित करेंगे। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में प्रमुख तौर पर गुजरी लोकनृत्य, मयूर लोकनृत्य, बीन नृत्य, मादल लोकनृत्य, ढेढिया लोकनृत्य, धोबिया लोकनृत्य, राई लोकनृत्य, पाई-डंडा लोकनृत्य, थारू आदिवासी लोकनृत्य, फरूआई लोकनृत्य, सैरा, लोकनृत्य तथा बधावा लोकनृत्य की प्रस्तुति लोक कलाकारों द्वारा दी जाएगी।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित किए जाने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस वर्ष अतिथि देश वियतनाम है। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान वियतनाम के कलाकारों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसके अलावा बोल्विया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राज़ील, वेनेजुएला व इजिप्ट के कलाकार भी अपने देश की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुक्त कर देंगे।

# भाजपा ने अपने पाले में करने की कोशिश की : सिसोदिया

- आप नेता ने कहा, आबकारी नीति मामले से बचने के लिए मुझे केजरीवाल का नाम लेने को कहा
- पूर्व उपमुख्यमंत्री ने जंतर-मंतर पर आयोजित जनता की अदालत में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित


जनता दरबार में कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकर करती सीएम आतिशी व पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वरिष्ठ आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने उन्हें अपने पाले में करने की कोशिश की और दिल्ली आबकारी नीति मामले से बचने के लिए केजरीवाल का नाम लेने को कहा। उन्होंने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के अधूरे मिशन पर जोर देते हुए कहा कि वे तभी सार्वजनिक पद पर लौटेंगे जब जनता उनकी ईमानदारी को मान्यता देगी। गौरतलब है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने जंतर-मंतर पर जनता की अदालत में को बयान नहीं दिया।

सिसोदिया ने जंतर-मंतर पर जनता की अदालत को संबोधित करते हुए कहा, वे कहते थे आप केजरीवाल की वजह से इस स्थिति में हैं। ये अदालती मामले को बहुत लंबा चलने वाला है, वे बोलते थे आप की पत्नी बीमार है, बेटा बाहर है, आप छोड़ो ये सब। उन्होंने मुझे मामले से बचने के लिए केजरीवाल का नाम लेने को कहा।

उन्होंने कहा, मैं मुस्कुराकर उनसे (भाजपा से) भी कहता था, तुम लक्ष्मण को राम से अलग करने की कोशिश कर रहे हो। ऐसी कोशिश भी मत करना, कोई रावण कामयाब नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल 26 साल से मेरे गुरु और भाई हैं। मैंने अपनी पत्नी को इस बारे में बताया और उनसे पूछा कि मेरे कार्यकर्ता मेरे बारे में क्या कहेंगे। मैं उन्हें अपना चेहरा कैसे दिखाऊंगा। मेरी पत्नी ने कहा, पार्टी कार्यकर्ता छोड़ो, तुम मुझे क्या मुंह दिखाओगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे मुझे भीतर से नहीं तोड़ सके, तो उन्होंने मुझे बाहर से तोड़ने की कोशिश की। वे मुझे संदेश भेजते थे, जिसमें कहा जाता था कि मुझे नहीं पता था कि मुझे अरविंद केजरीवाल ने धोखा दिया है।

मैं उन्हें बताता था कि उन्होंने मुझे 26 साल पहले धोखा दिया था और तब से मैं उसी काम के लिए समर्पित हूं। उनकी बेशर्मी इस हद तक पहुंच गई कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद सीबीआई ने अदालत में झूठ बोला कि उन्होंने मेरा नाम लिया है और सारा दोष मुझ पर मढ़ दिया। उसी दिन सीबीआई मेरे पास आई और कहा कि चूंकि अरविंद केजरीवाल ने मेरा नाम लिया है, इसलिए बेहतर होगा कि मैं खुद को बचाने के लिए उन्हें भी फंसा दूं।

सिसोदिया ने कहा, दुनिया का कोई भी रावण लक्ष्मण को राम से अलग नहीं कर सकता। उन्होंने 'तानाशाही के रावण' के खिलाफ लड़ाई में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के प्रति अटूट निष्ठा की शपथ ली।

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने छह महीने जेल में बिताने के बाद आबकारी नीति मामले में अपने खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का समाधान करने के लिए 'अदालत' लगाई थी। 2011 में जंतर-मंतर पर ही केजरीवाल ने अन्ना हजारे के साथ मिलकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जन लोकपाल के गठन की मांग को लेकर देशव्यापी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू किया था। इस आंदोलन को पूरे देश से भारी जनसमर्थन मिला था और इसने आप के उदय की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आप दिल्ली के प्रदेश संयोजक और दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा, भाजपा ने पहले एलजी के जरिए काम रुकवाने की कोशिश की, लेकिन काम जारी रहा। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। इन प्रयासों के बावजूद जब दिल्ली में काम नहीं रुका तो भाजपा ने सोचा कि अन्य राज्यों की तरह आप के शीर्ष नेतृत्व को जेल में डालकर वह दिल्ली सरकार को गिरा सकती है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा के पास ईडी और सीबीआई की ताकत, पैसा और प्रभाव हो सकता है, लेकिन अरविंद केजरीवाल के पास जनता के समर्थन की ताकत है।

# आप कार्यकर्ताओं की रैली फ्लाप रही: सचदेवा

- केजरीवाल ने गुरू, मित्रों, बच्चों के साथ विश्वासघात किया: वीरेंद्र
- सड़कों से हट रही डीटीसी, क्यों नहीं खरीदी नई बसें, सरकार दे जवाब: विजेन्द्र गुप्ता



धरने पर बैठे विधानसभा के प्रतिपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर आयोजित पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जनता की अदालत को भाजपा ने फ्लाप रैली बताया है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल का राजनीतिक सफर अब खत्म होने की ओर है और आज इसका पहला नजारा जंतर मंतर पर देखने को मिला जब भारी प्रचार के बावजूद वहां जनता तो क्या वह पार्टी कार्यकर्ता भी नहीं जुटा पाये। वहीं नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भी आप का निशाना साधते हुए पिछले दस साल के शासन का हिसाब मांगा है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि केजरीवाल ने 2015 में जनता दरबार लगाने की घोषणा की थी, वहां से भी कुछ मिनटों में भाग गये थे और आज जनता अदालत का सपना दिखाया तो वहां से कुछ मिनटों का राजनीतिक भाषण करके बिना किसी की सुने खिसक गए।

सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल ने अपने गुरू, मित्रों, बच्चों, आदर्शों एवं इमानदारी के सपने सबके साथ विश्वासघात किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि अपने दस साल के भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता के आरोपों में घिरे शासन के बाद केजरीवाल दूसरे राजनीतिक दलों से प्रश्न पूछने एवं भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने राजधानी की सड़कों से हटाई जा रही डीटीसी की बसों के कारण जनता को होने वाली परेशानी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि बसों को हटाने से पहले दिल्ली सरकार को कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

गुप्ता ने बताया कि अगले तीन महीनों में डीटीसी की 394 बसें दिल्ली की सड़कों से हटने जा रही हैं। गुप्ता ने कहा कि एक तय शेड्यूल के अनुसार अगले तीन महीने में डीटीसी की 394 बसें हट जाएंगी। जनवरी से अब तक 225 बसों को पहले ही हटाया जा चुका है। इस तरह से दिसंबर तक कुल 619 बसें दिल्ली की सड़कों से गायब हो चुकी होंगी। इसके बाद डीटीसी के बेड़े में बहुत कम बसें ही रह जाएंगी और वो भी अगले एक साल में खत्म हो जाएंगी।

## केजरीवाल के खिलाफ किया प्रदर्शन

*__नई दिल्ली।__ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को राजघाट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया और दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार अपने चुनाव घोषणापत्र में उल्लेखित किसी भी वादे को पूरा करने में विफल रही है। भाजपा की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन का नेतृत्व किया। मिश्रा ने कहा कि आप ने 10 साल पहले अपने घोषणापत्र में 70 वादे किए थे, जिनमें प्रदूषण मुक्त शहर और आठ लाख नौकरियां देना शामिल था। उन्होंने कहा कि इनमें से केजरीवाल के कार्यकाल के दौरान कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने आप सरकार का रिपोर्ट कार्ड भी जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि केजरीवाल सरकार ने 70 में से कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने लोकपाल विधेयक और स्वराज विधेयक लाने का वादा किया था, लेकिन इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया। मिश्रा ने कहा, दिल्ली की जनता केजरीवाल से तंग आ चुकी है और हम आप का रिपोर्ट कार्ड लेकर हर घर तक पहुंचेंगे और जब वह शहर की जनता से झूठ बोलेंगे तो उनका पर्दाफाश करेंगे।*

## विजय गोयल ने पूछे पांच सवाल

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विजय गोयल ने अरविंद केजरीवाल से पांच सवाल पूछे हैं। गोयल ने कहा अरविंद केजरीवाल अब वह 2013 वाले नहीं है जिनको जनता जानती ना हो, अब उन पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप हैं और वह अभी तक बरी नहीं हुए हैं। गोयल ने केजरीवाल के बच्चे की कसम, बंगला, गाड़ी और सिक्योरिटी, भ्रष्टाचार के आरोपियों से साथ गठबंधन, लोकपाल बिल जैसे वालों को लेकर सवाल उठाये।

# जी-20 की कलाकृतियां बढ़ा रही शोभा : एलजी

- उपराज्यपाल ने कहा, विभिन्न एजेंसियां इसका रखरखाव कर रही सुनिश्चित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने कहा है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान, दिल्ली की विभिन्न और प्रमुख सड़कों पर लगाई गई कलाकृतियां, स्थायी संपत्ति के रूप में राजधानी की शोभा बढ़ा रही हैं।

एलजी ने बताया, पिछले वर्ष जी-20 के दौरान और उससे पहले, दिल्ली को अलग-अलग रूप, रंग और आकार कीविभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से सजाया गया था। हालांकि, उस दौरान इन्हें उसी रूप में बनाए रखने को लेकर कई तरह की आशंकाएं औरसवाल उठाए गए थे। विरोधियों ने जी-20 की समाप्ति के बाद, उस दौरान लगी कलाकृतियों के नष्ट होने, फव्वारों के बंद होने, उनके रखरखाव और उनके बर्बाद होने तक की भविष्यवाणी की थी। लेकिन, इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के एक वर्ष बाद, दिल्ली की सड़कों की सुंदरता और उन पर लगी शानदार कलाकृतियों की स्थिति ने विरोधियों की आशंकाओं को पूरी तरह से गलत साबित कर दिया है। उपराज्यपाल ने हाल ही में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, दिल्ली को सुंदर बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर लगी कलाकृतियों की स्थितितथा उनके रखरखाव का जायजा लिया। दिल्ली की मुख्य सड़कों और पर्यटक स्थलों पर लगाई गई 150 कलाकृतियां, जिनमें कोणार्क व्हील, छत्रियां, अश्व परिवार, फव्वारे, यक्षिणी, विघ्नहर्ता, हाथी, शेर, बुद्ध, सूर्य और नंदी आदि शामिल हैं, आज भी शानदार स्थिति में हैं, और इन्हें खरीदने वाली संबंधित एजेंसियों द्वारा इनका रखरखाव किया जा रहा है। इसी तरह, राजस्थान से लाए गए लगभग 150 फव्वारे देश की राजधानी में आज भी ठीक से काम कर रहे हैं।

## गंगा में नहाते समय दिल्ली के दो युवक बहे, तलाश जारी

**नई दिल्ली, देहरादून।** शिवपुरी में रविवार को दिल्ली के दो युवक गंगा नदी में नहाते समय उसके तेज बहाव में बह गए। पुलिस ने यहां बताया कि सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीम मौके पर पहुंची और युवकों की तलाश के लिए नदी में खोजबीन अभियान शुरू किया लेकिन उनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली के ओखला निवासी आकाश और संदीप (दोनों की उम्र 23 वर्ष) अपने तीन अन्य मित्रों सचिन, राजीव चौधरी और महेश के साथ शनिवार देर रात्रि करीब दो बजे शिवपुरी के एक होटल पहुंचे थे।

पुलिस ने बताया कि आकाश और संदीप सुबह होटल के नीचे गंगा नदी के किनारे नहाने लगे और इसी दौरान वे पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। एसडीआरएफ और पुलिस के गोताखोरों के दल युवकों की तलाश के अभियान में जुटे हैं। युवकों के परिजन को घटना के बारे में सूचना दे दी गई है।

# महिला सहकर्मी और उसके माता-पिता पर युवक ने धारदार हथियार से किया हमला

- पीड़िता के बात नहीं करने पर था नाराज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पश्चिमी इलाके में 21 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी सहकर्मी और उसके माता-पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने अपनी सहकर्मी पर इसलिए हमला किया क्योंकि उसने आरोपी से बात करना बंद कर दिया था।

उन्होंने बताया कि आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रघुबीर नगर इलाके में सुबह नौ बजे इस घटना की सूचना मिली जिसके बाद ख्याला पुलिस थाने की एक टीम को मौके पर भेजा गया।

अधिकारी ने बताया कि घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अभिषेक पीड़िता के घर आया और उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि जब उसके माता-पिता ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला और उसके माता-पिता की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि राजौरी गार्डन इलाके में रहने वाला अभिषेक पीड़िता के साथ इलाके के एक सैलून में काम करता था और उसका दोस्त था। अधिकारी ने बताया कि कुछ महीने से पीड़िता ने उससे दूरी बना रखी थी और वह इस बात से चिढ़ गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# गांवों की सुविधाओं पर दिया जा रहा विशेष ध्यान : बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली देहात के गांवों में मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और आने वाले समय में इन गांवों की कायाकल्प होगा। वे छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के उद्घाटन के अवसर पर ये बात कही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सांसद रामबीर सिंह बिधूड़ी ने दक्षिण दिल्ली के छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में साढ़े 5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल श्री वी.के. सक्सेना इन गांवों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने गांवों के विकास के लिए 960 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं जिससे आने वाले दिनों में दिल्ली देहात के गांवों में अनेक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

बिधूड़ी ने मांडी से डेरा गांव तक सड़क और फुटपाथ निर्माण कार्य और डेरा गांव में सैन समाज की चौपाल के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन किया। दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता विधायक करतार सिंह तंवर ने की। इस अवसर पर निगम पार्षद सुंदर तंवर भी उपस्थित रहे।

## पार्सल लेकर भागने वाला कूरियर प्रतिनिधि धरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक स्मार्टफोन ऐप के जरिए कूरियर सेवा बुक करने वाली महिला से लिया गया 35,000 का पार्सल लेकर भागने के आरोप में कूरियर कंपनी के प्रतिनिधि को गिरफ्तार किया है।

18 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने कूरियर सेवा बुक की थी, जिसके बाद पार्सल पहुंचाने का काम दीप चंद नामक व्यक्ति को सौंपा गया था। पुलिस के मुताबिक, दीप ने महिला के घर से पार्सल तो ले लिया, लेकिन इससे निर्धारित पते पर नहीं पहुंचाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने दीप को फोन किया और मैसेज भी भेजा, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया।

# एबीवीपी प्रत्याशियों ने हॉस्टलों में किया प्रचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


हॉस्टल में छात्रों से बात करतीं एबीवीपी नेता।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर एबीवीपी से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ऋषभ चौधरी, उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह, सचिव पद की प्रत्याशी मित्रविंदा कर्नवाल एवं सह-सचिव पद के प्रत्याशी अमन कपासिया सहित एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने रविवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के राजीव गांधी महिला छात्रावास, ग्वायर हॉल, मानसरोवर छात्रावास, पीजी मेन्स, मेघदूत, आदि छात्रावासों में संपर्क अभियान चलाते हुए इस वर्ष होने वाले डूसू चुनावों में विद्यार्थियों को अपने मुद्दे बताते हुए चुनाव प्रचार किया और उनसे सहयोग मांगा।

एबीवीपी के चारों प्रत्याशी दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रत्येक कॉलेज के विद्यार्थियों से अपने मुद्दों को प्रमुखता से रखते हुए उनका समर्थन एवं सहयोग मांग रहे हैं। एबीवीपी द्वारा जारी किया गया घोषणा-पत्र विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार ही बनाया गया है और उनकी समस्याओं के निवारण हेतु एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। आगामी छात्रसंघ चुनाव में हम रिकॉर्ड मतों से चारों सीटों पर विजयी होते दिखाई देंगे।

एबीवीपी की तरफ से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ऋषभ चौधरी ने कहा कि छात्रों के लिए एबीवीपी नेतृत्व वाला डूसू हमेशा से प्रतिबद्ध रहा है। एबीवीपी के नेतृत्व में डूसू ने छात्रों के सर्वांगीण उत्थान के लिए हर स्तर पर कार्य किया है। एबीवीपी की तरफ से सचिव पद की प्रत्याशी मित्रविंदा कर्णवाल ने कहा कि डूसू पढ़ने वाले छात्रों के लिए 365 दिन किसी भी परिस्थिति में उपस्थित रही है और आगे भी रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## लवकुश रामलीला में रोल करेंगे नेता और अभिनेता




**नई दिल्ली।** रामलीला की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक दिल्ली और देश में रामलीलाओं का आयोजन किया जाएगा। लाल किला की लवकुश रामलीला कमेटी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। लवकुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार और महामंत्री सुभाष गोयल ने बताया कि इस बार लवकुश रामलीला में देश और दिल्ली के जाने माने अभिनेता, गायक, राजनेता अलग अलग किरदार में नजर आएंगे, मशहूर फिल्म अभिनेता असरानी नारद मुनि के किरदार में नजर आएंगे, आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश सचिव और सीटीआई चेयरमैन बृजेश गोयल इस साल लवकुश रामलीला में मेघनाद के किरदार में नजर आएंगे। जाने माने गायक शंकर साहनी इस बार केवट के रोल में नजर आएंगे जबकि मेजर जनरल शालू वर्मा कैकेई के रोल में नजर आएंगी।

## रासायनिक पदार्थ के गोदाम में लगी आग

**नई दिल्ली।** रासायनिक पदार्थ के एक गोदाम में रविवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। एक अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि शाहबाद दौलतपुर गांव स्थित रसायन के एक गोदाम में सुबह 8.45 बजे आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्जीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 357 किलोग्राम गांजा भी जब्त किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.78 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि आरोपी आंध्र प्रदेश और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों से मादक पदार्थ लाकर दिल्ली-एनसीआर में इसकी तस्करी करते थे। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संदीप, जोगिंदर, नवीन कुमार और राजेश के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उन्हें मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के बारे में सूचना मिली थी जिसके बाद इस मामले में कार्रवाई करते हुए संदीप, जोगिंदर और नवीन कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से 357 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। उन्होंने बताया, दिल्ली पुलिस की एक टीम ने इस मामले की जांच के दौरान ओडिशा निवासी राजेश को भी गिरफ्तार किया।

# जुकाम और मौसमी रोगों का आयुर्वेद में बेहतर उपचार

- डॉ आरपी पाराशर ने कहा, षडंगपानीय सभी प्रकार के बुखार के लिए है महत्वपूर्ण औषधि


डॉ. आरपी पाराशर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मौसम में बदलाव के साथ फ्लू और मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की बढ़ोतरी हो रही है जिनमें बच्चों की संख्या अधिक है।

इन बीमारियों को आयुर्वेद में बेहतर इलाज संभव है यह दावा दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. आरपी पाराशर ने किया है। डॉ. पाराशर ने कहा कि मौसम बदलने के दौरान शरीर की प्रतिरोध क्षमता कम हो जाती है जिसके चलते बैक्टीरिया व वायरस के शरीर में संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। तापमान में गिरावट के साथ-साथ वातावरण में फ्लू, हेपेटाइटिस तथा टाइफाइड जैसे रोगों की उत्पत्ति के लिए जिम्मेदार वायरस और बैक्टीरिया का संक्रमण आसान हो जाता है। कम तापमान के कारण मच्छरों का प्रजनन बढ़ने से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे रोगों के संक्रमण में तेजी आ जाती है। इन सभी रोगों में प्रमुख लक्षण बुखार ही होता है। डॉ. पाराशर ने कहा कि बुखार के दौरान भूख में कमी, खाने में अरुचि, कब्ज, पाचन में गड़बड़ी, कमजोरी, बेचैनी व शरीर का तापमान बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं और सिद्धांतों से न केवल इन रोगों का भली भांति उपचार किया जा सकता है बल्कि रोगियों को गंभीर स्थिति में पहुंचने से भी बचाया जा सकता है। इस ऋतु में पित्त शरीर में प्रकुपित हो जाता है। साथ ही कम तापमान के बावजूद ठंडे पानी, एयर कंडीशनर व फ्रिज की वस्तुओं का प्रयोग कफ की उत्पत्ति का कारण भी बनता है। इस प्रकार इस मौसम में कफ और पित्त का असंतुलन होने से शरीर की इम्युनिटी कम हो जाती है जिससे रोगों की उत्पत्ति आसान हो जाती है। आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अनुसार यदि इस ऋतु में ठंडे पानी, आइसक्रीम, चावल, मटर, गोभी, आदि ठंडी तासीर के पदार्थो का प्रयोग न किया जाए ।



डॉ. पाराशर ने कहा कि ऐसी बीमारी में षडंगपानीय एक महत्वपूर्ण औषधि है जो सभी प्रकार के बुखार में उपयोगी है। षडंगपानीय मुस्तक (मोथा), पर्पटक (पित्त पापड़ा) उशीर (खस), चंदन, उद्दीच्य (सुगंध बाला) और नागर (सौंठ) नामक छह औषधियों का मिश्रण है। इन्हें बराबर मात्रा में लें और 64 गुना पानी में उबालें व आधा रह जाने पर छान कर रख लें। इसके प्रयोग से बुखार तो जल्दी उतर ही जाएगा, साथ ही बुखार में होने वाले उपद्रव भी परेशान नहीं करेंगे। ये सभी दवाएं जीवाणु (बैक्टीरिया) नाशक और कीटाणु ( वायरस) नाशक हैं। ये पाचन व भूख बढ़ाने में भी सहायक हैं। चंदन और उशीर शरीर में पसीना उत्पन्न करते हैं जिससे बुखार तो उतरता ही है, साथ में बैक्टीरिया, वायरस और टॉक्सिन भी शरीर से बाहर निकल जाते हैं।

ये सभी दवाईयां पंसारी के पास आसानी से उपलब्ध हैं। कई दवा उत्पादक कंपनियों द्वारा निर्मित षडंगपानीय चूर्ण भी बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा संजीवनी वटी, आरोग्यवर्धिनी वटी, कुटकी, महासुदर्शन चूर्ण, भुंईआंवला, जयमंगल रस, हिंगुलेश्वर रस, वृहत वात चिंतामणि रस, सितोपलादि चूर्ण, शुण्ठी चूर्ण, आरोग्यवर्धिनी वटी, अश्वगंधारिष्ट, हरितकी चूर्ण, सुदर्शन चूर्ण, कुटकी, नवायस लौह, गुडूची सत्व आदि दवाएं फ्लू व अन्य मौसमी संक्रमण के इलाज में प्रभावी हैं।

## 65 किलोग्राम पटाखे जब्त, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली के निहाल विहार में शनिवार को रात्रि गश्त कर रहे पुलिस अधिकारी एक कोयला विक्रेता स्टॉल के पास पहुंचे तो उन्होंने एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार को संडे बाजार इलाके की ओर जाते देखा।

बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिराम ने कहा, संदेह होने पर पुलिसकर्मियों ने स्कॉर्पियो कार को रुकने का इशारा किया और पाया कि पीछे और बीच की सीटों पर प्लास्टिक के चार बैग रखे हुए थे। एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि वाहन में सवार दो अन्य भागने में सफल रहे। आगे की जांच में टीम को प्लास्टिक की थैलियों के अंदर 65 किलोग्राम पटाखे मिले और उन्हें जब्त कर लिया गया।

# बेटे का शव देख मां-बाप पर टूटा गम का पहाड़

## कजाकिस्तान में डॉक्टर बनने गए दो छात्रों के शव भारत पहुंचे, पीजी में दम घुटने से हो गई थी मौत

- मौत छीन ले गई परिवार का इकलौता बेटा

दयाराम वशिष्ठ। फरीदाबाद




शमशान घाट पर रोते-बिलखते मृतक छात्र क्षितिज के पिता नरेश कुमार व परिवार के अन्य सदस्य। विदेश जाने से पहले परिजनों के साथ प्रसन्न मुद्रा में क्षितिज।

कजाकिस्तान में डॉक्टर बनने गए जिन दो भारतीय छात्रों की सोमवार मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, उन दोनों छात्रों के शव शनिवार देर रात भारत लाए गए। दिल्ली एयरपोर्ट से बिलखते परिजन उन्हें अपने अपने पैतृक गांव लेकर पहुंचे। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

मृतकों में एक छात्र हरियाणा के गांव नरियाला व दूसरा छात्र राजस्थान के चुरू जिले के गांव बाइजुवा का रहने वाला था। दोनों छात्रों की मौत की सूचना के बाद परिजन मंगलवार को कजाकिस्तान रवाना हुए थे, जहां से आज दोनों के परिजन अपने-अपने इकलौते लाडले बेटों के शव लेकर दिल्ली पहुंचे। कजाकिस्तान पुलिस ने इन दोनों छात्रों की मौत का कारण गैस से दम घुटना बताया है।

दिल्ली एयरपोर्ट से 21 वर्षीय क्षितिज का शव फरीदाबाद के गांव नरियाला लाया गया। सुबह साढ़े चार बजे एंब्यूलेंस को गांव से करीब दो किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया। करीब 6 बजे शव को गांव में लाया गया। विदेश से क्षितिज के शव के आने की खबर इलाके में आग की तरह फैल गई। क्षितिज अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जैसे ही एंब्यूलेंस क्षितिज के मकान के सामने रूकी तो उसमें क्षितिज के ताबूत में रखे शव को देख परिजन बिलख उठे। इस ताबूत में उसी लाडले का शव था, जिसे परिवार के लोगों ने 9 अगस्त को विदेश में डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए आशीर्वाद देकर भेजा था। चीख पुकार के बीच जो भी रोते बिलखते परिजनों को शान्त कराने का प्रयास करता तो वह खुद भी रो पड़ता।

### मां को नहीं बताया कि उसका बेटा अब नहीं रहा

बेटे की मौत के बाद मां जीनत, पिता नरेश व अन्य परिजनों का हाल बेहाल है। क्षितिज की मां को परिजनों ने रविवार सुबह तक यह नहीं बताया था कि अब उसका लाडला अब इस दुनिया में नहीं है, केवल इतना बताया था कि उसका एक्सीडेंट हो गया है, वह ठीक है और आईसीयू में है। इसके बाद से उसकी मां जीनत पूजा करके अपने लाडले के लिए दुआ मांगती रही, लेकिन जब सुबह एंबुलेंस से शव पहुंचा तो उसके सभी अरमानों पर पानी फिर गया। बिलखते पिता नरेश कुमार ने कहा कि आज तक उसने हिम्मत नहीं हारी, लेकिन अब हार गया।

# मतदाता जागरुकता के लिए आनलाइन शपथ का अभियान शुरू

**गुरुग्राम।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आनलाइन शपथ लेने की महत्वपूर्ण पहल आरंभ की है। जिला स्तरीय स्वीप अभियान के नोडल अधिकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा है कि मतदान की शपथ लेने के लिए नागरिक चुनाव आयोग की स्वीप वेबसाइट पर लाग इन कर सकते हैं। उन्होंने गुरुग्राम के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को भी इस अभियान से जोड़ें और मतदान का संकल्प लें। जिससे कि अधिक से अधिक लोग जागरूक होकर अपने मतदान के अधिकार का सदुपयोग कर सकें। इस अभियान का उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त बनाना और हर नागरिक को अपने मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करना है।

एडीसी ने बताया कि गुरुग्राम जिला में मतदाता जागरूकता की इस बार जोरदार मुहिम चलाई जा रही है। सिविल डिफेंस के वालंटियर भी शहर के मुख्य बाजारों में लोगों को 5 अक्तूबर के दिन वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# गुरुग्राम जिले में 27 और 29 सितंबर को होगी होम वोटिंग

- मतदान की गोपनीयता को दी जाएगी प्राथमिकता
- जिले में 1173 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर जाएंगी टीमें

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार गुरुग्राम के बादशाहपुर, पटौदी, सोहना और गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक एवं चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के 27 व 29 सितंबर को उनके निवास स्थान पर ही वोट डलवाए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने रविवार को बताया कि जो मतदाता वोट डालने के लिए बूथ पर नहीं आ सकते, उनके लिए निर्वाचन आयोग ने घर पर ही होम वोटिंग करवाने की सहूलियत प्रदान की है। जिला में दो से दस सितंबर तक बीएलओ ने घर-घर जाकर बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं से फार्म 12 डी भरवाया था। चारों विधानसभा क्षेत्र में 1084 बुजुर्ग और 121 दिव्यांग नागरिकों को बीएलओ द्वारा ये फार्म दिए गए थे। बाद में इनमें से 1076 बुजुर्ग व 97 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से वोट डालने की अपनी सहमति प्रकट की। उन्होंने बताया कि अब सभी विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार चल रहा है और 5 अक्तूबर को मतदान करवाया जाएगा। इससे पहले 27 और 29 सितंबर को कर्मचारियों और अधिकारियों की टीम 12 डी फार्म जमा करवाने वाले बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर होम वोटिंग की प्रक्रिया को मतदान की गोपनीयता के साथ पूरी करवाएंगे। कुल 1173 मतदाताओं के ये वोट डलवाए जाएंगे। जिसकी सूचना उम्मीदवारों को भी दी जाएगी। वे चाहें तो अपना प्रतिनिधि भेजकर या स्वयं आकर होम वोटिंग को दूर खड़े होकर देख सकते हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि होम वोटिंग की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी।

# ट्रेकिंग के बहाने वोटरों को किया जाएगा प्रेरित

- अरावली की पहाड़ियों में कार्यक्रम आयोजित करेगा पर्यटन निगम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अरावली पहाड़ी का दृश्य।

विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा आगामी 28 सितंबर को खूबसूरत अरावली पहाड़ियों में एक रोमांचक ट्रेकिंग अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

हरियाणा पर्यटन निगम के जोन प्रमुख हरविंदर यादव ने बताया कि 28 सितंबर को यह ट्रेकिंग सुबह 6 बजे सरस टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, दमदमा से बड़ा झोड़ (तालाब) तक शुरू होगी। उन्होंने बताया किअरावली पहाड़ियों के शांत परिदृश्यों में यह ट्रेकिंग 4.5 किमी की दूरी तय करेगी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा प्रकृति प्रेमियों के लिए जैव विविधता का अध्ययन करने, पक्षी देखने, पेड़ों की पहचान करने और संभावित वन्य जीव देखने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा प्रदेश के अन्य टूरिस्ट डेस्टिनेशन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणावासियों को लोकतंत्र व प्रकृति के महत्ता बताने के लिए उक्त दिन मोरनी हिल्स पर ट्रेकिंग, होटल राजहंस फरीदाबाद, तिलयार टूरिस्ट रिसॉर्ट रोहतक, रेड बिशप टूरिस्ट रिसॉर्ट पंचकूला और कई अन्य स्थानों पर कार्यक्रम होंगे।

# पोलिंग पार्टियों के ट्रेनिंग कैंप 24-25 सितंबर को लगेंगे

**गुरुग्राम।** सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में 24 और 25 सितंबर को गुरुग्राम जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियों के ट्रेनिंग कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण शिविर में पोलिंग पार्टियों को मतदान करवाने की पूरी प्रक्रिया समझाई जाएगी। मानेसर के एसडीएम व चुनाव ड्यूटी के नोडल अधिकारी दर्शन यादव ने रविवार को बताया कि 24 सितंबर को सुबह 9 बजे पटौदी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण सत्र आरंभ होगा। पटौदी के एसडीएम व निर्वाचन अधिकारी दिनेश लुहाच मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाएंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों की ट्रेनिंग शुरू होगी। एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार चौकसी यह ट्रेनिंग देंगे। दर्शन यादव ने बताया कि 25 सितंबर को सुबह 9 बजे गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र का प्रशिक्षण सत्र आरंभ होगा। गुड़गांव विधानसभा के निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम रविन्द्र कुमार पोलिंग बूथ के रखरखाव, मॉक पोल, फार्म भरने, मतदान की रिपोर्ट देने आदि के बारे में बताएंगे।

# 'संविधान को लेकर कांग्रेस कर रही भ्रामक प्रचार'

- संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बोले, पूर्व सहकारिता मंत्री बनवारी लाल

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



पूर्व सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान को लेकर भ्रामक प्रचार कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों में भाजपा सरकार पर संविधान बदलने और देश में तानाशाही लाने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान को बचाने का कार्य किया है। केंद्र में मोदी सरकार ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न देकर सम्मान दिया।

डॉ. बनवारी लाल रविवार को पलवल के मिलन होटल में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पलवल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी गौरव गौतम, जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, राजीव कत्याल सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब के पांच तीर्थ स्थानों का नवीनीकरण करने का कार्य किया। इसके अलावा संविधान दिवस के रूप में बाबा साहब को याद किया जाता है। वहीं कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ था, उसके बाद बाबा साहब ने संविधान बनाया और जब चुनाव हुआ तब कांग्रेस ने बाबा साहब को हराने का कार्य किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उनके खिलाफ चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस महापुरुषों के नाम पर वोट तो लेना चाहती है लेकिन उनका सम्मान करना नहीं चाहती है।

# झूठ और धोखेबाजी से लोगों को भ्रमित करती है कांग्रेसः गौरव

- भाजपा प्रत्याशी का आरोप- लोकसभा चुनाव में खटाखट खटाखट 8500 रुपये का लालच देकर पार्टी ने वोट बटोरा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



पलवल हल्के के शहरी और ग्रमीण क्षेत्रों में जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी गौरव गौतम ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में हर वर्ग को लाभान्वित किया है। महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये देने की गारंटी दी है। 500 रुपये में गैस सिलेंडर, नए शहर बसाकर 50 हजार हरियाणा के युवाओं को नौकरी देने का वादा किया है।

गौरव गौतम आज शनिवार पलवल शहर में आर्य समाज मंदिर कैंप कॉलोनी, गुरु रामदेव समिति, नंदगांव समिति हुडा सेक्टर 2, आदर्श कॉलोनी, कमल दास मंदिर, तकियापुर मोहल्ला, किठवाडी गांव, पंचवटी वाटिका, अंशुल समिति, बघेल चौपाल शेखपुरा, मडिया मोहल्ला, मीट मार्केट, थाई मोहल्ला हाउसिंग बोर्ड, भाटिया कॉलोनी, शमशाबाद आदि में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से मिले। उन्होंने पलवल के विकास और तरक्की के लिए भाजपा को जिताने की अपील की। गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला। गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस बड़े-बड़े वादे कर गुमराह करने में एक्सपर्ट है। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र को हर हरियाणवीं की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताया। सभाओं में गौरव गौतम ने मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ और धोखेबाज से लोगों को भ्रमित करती है। हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना में लोगों ने कांग्रेस को जिताया और आज कांग्रेस को भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी झूठ का पुलिंदा है जो कभी पूरा होने वाली नहीं है। गौरव गौतम ने कहा कि मोदी जी वादा करते हैं, उन्हें गारंटी के साथ पूरा करते हैं। देश के 80 करो ? लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है। आयुष्मान और चिरायु कार्ड के जरिए गरीब लोगों का 5 लाख रुपये तक इलाज हो रहा है।

पीएम मोदी ने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए भी 5 लाख रुपये तक के इलाज की गारंटी दी है। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में खटाखट खटाखट 8500 रुपये का लालच देकर वोट बटोरा।

# निर्वाचन आयोग के अधिकारी आज करेंगे तैयारियों की समीक्षा

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक की तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारतीय निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का दल विधानसभा चुनाव को लेकर जारी प्रक्रिया की सोमवार 23 सितंबर को गुरुग्राम में समीक्षा करेगा। भारतीय निर्वाचन आयोग का दल इस समीक्षा बैठक में राज्य के 10 जिलों से संबंधित मंडल आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी, आईजी, पुलिस आयुक्त, एसपी, सामान्य पर्यवेक्षक, व्यय पर्यवेक्षक व पुलिस पर्यवेक्षक आदि अधिकारियों के साथ चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कार्यों की समीक्षा करेगा।

निशांत कुमार यादव ने गुरुग्राम में होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक की तैयारियों का रविवार को होटल क्राउन प्लाजा में जायजा लिया। इस बैठक में गुरुग्राम सहित प्रदेश के विभिन्न जिले नामत- फरीदाबाद, नूंह, पलवल, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, झज्जर व रोहतक के अधिकारीगण भागीदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी दो अलग-अलग सत्रों में समीक्षा बैठक लेंगे। उन्होंने बैठक से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि इस बैठक में पीपीटी के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आयोग के अधिकारी भी बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

## संक्षिप्त समाचार



बड़ी पूजा कराते गायक महेंद्र कोचर।

### श्री मणिधारी दादा गुरुदेव की श्रद्धा से की गई बड़ी पूजा

**फरीदाबाद।** भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति के अनमोल रत्न खरतरगच्छीय जैनाचार्य 1008 श्री मणिधारी दादा गुरुदेव श्री मणिधारी दादा गुरुदेव के 884वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को बड़ी पूजा का आयोजन किया गया। आयोजन श्री आत्म वल्लभ जैन भवन सेक्टर-16 में किया गया। पूजा बीकानेर के भजन गायक महेंद्र कोचर द्वारा बेहद अच्छे ढंग से कराई गई। कार्यक्रम के दौरान सुबह 7 बजे से स्नात्र पूजा मंदिर परिसर में हुई । इसके बाद सुबह 9 बजे से श्री मणिधारी दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा कराई गई। इस दौरान श्री मणिधारी गुरुदेव के शानदार भजनों पर पूजा के दौरान मौजूद सैकडों भक्तों ने नृत्य कर माहौल को बेहद भक्तिमय बना दिया। आयोजन टीआर जैन परिवार, राजेंद्र जैन सिंधड परिवार व पी.सी जैन परिवार की ओर से कराया गया। इस मौके पर श्री आत्मनन्द जैन सभा के प्रधान एवं उद्योगपति राजकुमार जैन ओसवाल, वीनित जैन, जे.बी.जैन, प्रवीन रांका, प्रमोद कुमार सिंधड, पंकज जैन सहित फरीदाबाद के अनेक उद्योगपति सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### हर विद्यार्थी में छिपी है अद्भुत प्रतिभाः डॉ.पवन सिंह



जेसी बोस विवि के कसीदा कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा क़सीदा कार्यक्रम का आयोजन कृष्णा भवन के सामने सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्रों ने अपनी अनूठी प्रस्तुतियों के माध्यम से रचनात्मकता और कला की नई ऊंचाइयों को छुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर ने अपने संदेश में बधाई देते हुए कहा कि मीडिया विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि क़सीदा एक ऐसा मंच है, जो सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि छात्रों के आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को भी प्रोत्साहित करता है। संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के अध्यक्ष डॉ.पवन सिंह के सान्निध्य में संचालित इस कार्यक्रम को एक विशेष मंच के रूप में देखा जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक ढर्रे से हटकर कुछ नया करने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी मौलिकता और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का मुक्त मंच प्रदान करना है। उनका मानना है कि विश्वविद्यालय में आए हर छात्र की अनछुई प्रतिभा को पहचानने में उनकी मदद करना और उसे सही दिशा में प्रोत्साहित करना बहुत ज़रूरी है।

# टूटी सड़कों पर चढ़े लोगों के तेवर, बोले- ऐसा विकास नहीं चाहिए

- गुरुग्राम की टूटी सड़कों, गहरे गड्ढों को लेकर लोगों में बढ़ी नाराजगी
- शहर के माथे पर काला धब्बा हैं यह गड्ढे
- डीसी ने दौरा करके सौंदर्यीकरण के दिए थे आदेश, पर नहीं हुआ काम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



अभय जैन, संदीप फोगाट, रश्मि सिंह, प्रताप सिंह, महेंद्रपाल, नवीन जैन, लोकेश।






बसई में आधी से ज्यादा सड़क पर भरा बरसाती पानी व धनकोट के पास बरसात से टूटी सड़क से आवागमन हुआ बंद।

शहर के भीतरी, बाहरी क्षेत्रों में टूटी सड़कों, गहरे गड्ढों से परेशान हुए लोगों का कहना है कि अगर यही विकास है तो हमें यह विकास नहीं चाहिए। मिलेनियम सिटी कागजों में है, हकीकत से इसका कोई लेना-देना नहीं है। विकास के दावे करने वालों को शर्म आनी चाहिए।

**झज्जर-गुड़गांव स्टेट हाइवे के बुरे हालातः संदीप फोगाटः** सेक्टर-102 स्थित गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी के प्रेसिडेंट संदीप फोगाट का कहना है कि उनकी सोसायटी से निकलकर झज्जर-गुड़गांव स्टेट हाइवे पिछले 30 दिनों से बंद है। यहां सड़क के हालात बहुत खराब हो गए हैं। गहरे गड्ढे और गड्ढों में भरा बरसाती पानी परेशानी बना है। विकास के बड़े दावे करने वाली सरकार ने जमीन पर दावों के अलावा कुछ नहीं किया। ऐसा नरक का जीवन हम लोग जी रहे हैं। हर आदमी सरकार को टैक्स देता है, मगर बदले में सरकार गड्ढे वाली सड़कें, जलभराव दे रही है। यह बहुत ही शर्मनाक है।

**करोड़ों के घर खरीदे बाहर सड़क तक नहींः रश्मि सिंहः** गुड़गांव ग्रीन्स सोसायटी निवासी रश्मि सिंह ने कहा कि करोड़ों रुपये के घर लेकर तो हम रह रहे हैं, लेकिन जब सोसायटी से बाहर निकलते हैं तो शर्म आती है। सड़क का बुरा हाल है। गहरे गड्ढों में गाड़ियां टूट रही हैं। महीने तक पानी सड़ता रहता है, जो बीमारियां पैदा होने का कारण बनता है। सरकार ने इस सड़क को बनाने के लिए कभी कोई ध्यान नहीं दिया। गंदे पानी में बीमारियां देने वाले मच्छर पैदा हो रहे हैं।

**कौन से विकास की बात भाजपा के नेता कर रहेः प्रताप सिंहः** सेक्टर-102 स्थित सनसिटी एनेव्यू सोसायटी के प्रधान प्रताप सिंह भी भाजपा सरकार के विकास के दावों पर सवाल खड़े करते हैं। उनका कहना है कि आखिर कौन सा विकास सरकार और उसके प्रतिनिधि चुनाव में बताते फिर रहे हैं। यहां जीवन नरक बना दिया गया है। धनकोट से लेकर पटौदी चौक तक सड़क के जो हालात हैं, वो किसी को नजर नहीं आते। सेक्टर-10 सिविल अस्पताल के साथ सेक्टर-10 की तरफ जाने वाली सड़क पर बरसात में 4-5 फुट तक पानी भरता है। सरकार टैक्स वसूली का काम तो पूरी ईमानदारी से करती रही, लेकिन जनसुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी लापरवाही बरती गई। गुड़गांव की जनता इसका जवाब देगी।

**वर्षों से टूटी सड़कों पर ध्यान नहींः महेंद्रपालः** महेंद्रपाल सिंह निवासी गुड़गांव ग्रीन्स का कहना है कि हम मिलेनियम सिटी में रह रहे हैं, लेकिन यह मलीन सिटी है। यहां की सड़कें तालाब में बदल जाती हैं। बरसाती पानी की निकासी के कोई उपाय नहीं हैं। सड़क एक बार टूट जाए तो फिर वह सालों तक भी नहीं बनाई जाती। पुराने गुड़गांव शहर की सड़कों की हालत बता रही है कि यहां ना तो सरकार का ध्यान है और ना ही प्रशासन का। धनकोट में प्रशासन ने समस्याओं को देखकर यहां मॉडल सड़क बनाने की बात कही थी। उस पर आज तक कुछ काम नहीं हुआ है।

**गुरुग्राम बना दिया है कूड़ाग्रामः अभय जैनः** मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन (एडवोकेट) ने कहा कि सफाई के मामले में गुरुग्राम कूड़ाग्राम बन चुका है। सड़कों की दुर्दशा ऐसी है जैसे हम किसी ऐसे इलाके के बाशिंदे हों जहां विकास कभी नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि बसई गांव के बीचों-बीच सड़क का बुरा हाल है। इस सड़क पर करोड़ों रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन यहां का जलभराव खत्म नहीं हो पाया। बहुत चौड़ी यह सड़क है, लेकिन हल्की बारिश में यहां तालाब बन जाता है। महीने भर तक यहां आधी से ज्यादा सड़क से आवागमन बाधित हो जाता है। अधिकारियों की जवाबदेही तय करके उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**विकास के नाम पर किया विनाशः नवीन जैनः** समाजसेवी नवीन जैन ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास के नाम पर विनाश का कार्य किया है। अगर यही विकास होता है तो हमें नहीं चाहिए ऐसा विकास। उन्होंने यह भी कहा, प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। अगर पैसे से कोई काम होता है तो उस काम करने वाले कर्मचारी को ईमानदार की श्रेणी में गिना जाया है। सरकार भ्रष्टाचार मिटाने में भी फेल रही है।

**भाजपा ने काम नहीं सिर्फ दावे किएः लोकेशः** लोकेश ने कहा कि सिर्फ बड़े-बड़े दावे करने से कुछ नहीं होता। काम जमीन पर होता है तो दिखाई देता है। पिछले 10 साल में गुड़गांव की सड़कों तक को नहीं सुधारा गया। सफाई की समस्या को सही नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि गुड़गांव में भाजपा के दो मुख्यमंत्रियों ने अधिकारियों को सफाई के मुद्दे पर लताड़ा भी, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। आज भी शहर सड़ रहा है।

# कांग्रेस ने बाबा साहब का अपमान किया: योगी

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी कृष्ण बेदी के समर्थन में नरवाना में की विशाल जनसभा

● आदित्यनाथ बोले- कांग्रेस का काम सिर्फ लोगों को बरगलाना और वोट बैंक बनाना

**शिखा शर्मा।** नरवाना (जींद)



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी कृष्ण वेदी के समर्थन में नरवाना विधानसभा क्षेत्र में विशाल जनसभा की। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की उपलब्धियां तो बताई ही साथ में कांग्रेस को भी जमकर लपेटा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से भारत के महापुरुषों का अपमान किया है। चाहे वह श्री राम हों, श्री कृष्ण हों, या फिर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर। योगी ने कहा कि जब भी कांग्रेस को सत्ता मिली, उन्होंने अनुसूचित जातियों पर अत्याचार किए। कांग्रेस की नीतियां हमेशा देश को कमजोर करने वाली रही हैं। उन्होंने जातिवाद और संप्रदायवाद को बढ़ावा देकर समाज में फूट डालने का काम किया। कांग्रेस कभी भी देश के विकास और सुरक्षा के लिए गंभीर नहीं रही। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान किया था और उन्हें चुनाव में हराने की साजिश रची थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में कई योजनाओं की शुरुआत की, जैसे बाबा साहब के घर को स्मारक में तब्दील करना और उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना। कांग्रेस केवल सत्ता के लिए राजनीति करती है, जबकि भाजपा देश के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, महिला, युवा और व्यापारियों के हितों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अब परिवारवाद और भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि विकास का केंद्र बना है। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल ब ?ौली, नरवाना प्रत्याशी कृष्ण वेदी, जींद जिलाध्यक्ष तेजिंदर ढुल, प्रभारी मदन गोयल, पूर्व सांसद अशोक तंवर, नरवाना विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा व पूर्व विधायक पृथ्वी सिंह सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

राम मंदिर निर्माण में देरी के लिए कांग्रेस जिम्मेदार: योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण की अयोध्या का जिक्र करते हुए की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में वर्षों से लंबित राम मंदिर का निर्माण अब पूरा हो चुका है। योगी ने राम मंदिर निर्माण में देरी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि अगर आजादी के बाद तुरंत राम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया, तो इसके लिए कांग्रेस की नीतियां जिम्मेदार हैं। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा सभी का सम्मान करने वाली पार्टी है।

# वाहन का चालान नहीं भरा है तो नहीं मिलेगा बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र

● पंचकूला पुलिस ने शुरू किया ट्रायल, पूरे प्रदेश में होगा लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने के बाद होने होने वाले चालान को नहीं भुगतने वालों पर सख्ती के लिए हरियाणा पुलिस ने नए नियम लागू कर दिया है। अब चालान नहीं भरने वालों को इंश्योरेंस व पॉल्यूशन सर्टीफिकेट नहीं मिलेगा। ट्रायल के तौर पर सोमवार से यह नियम राजधानी चंडीगढ़ से सटे पंचकूला में लागू होने जा रहे हैं। इसके बाद इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। यह कदम ट्रैफिक नियमों को सख्ती से लागू करने और चालान भरने में हो रही देरी को रोकने के लिए उठाया गया है।

पंचकूला में ट्रैफिक नियमों को मजबूत करने के लिए यह पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है, जिसे पूरे हरियाणा में लागू करने की योजना है। नियमों के तहत, यदि कोई व्यक्ति चालान का भुगतान नहीं करता है, तो वाहन बेचने, ट्रांसफर करने या इंश्योरेंस रिन्यू कराने में समस्या हो सकती है। इसी के तहत पंचकूला पुलिस ने सभी इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी करने वाली कंपनियों को इस बारे में नोटिस भेज दिया है।

पंचकूला पुलिस कमिश्नर शिबास कविराज और डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सांगवान के नेतृत्व में एक विशेष बैठक गत दिवस हुई, जिसमें ट्रैफिक नियमों की स्थिति और चालान भुगतान की समस्याओं पर चर्चा की गई। इसके बाद फैसला लिया गया कि यदि पंचकूला में यह नियम सफल रहता है, तो इसे पूरे हरियाणा में लागू किया जाएगा। पंचकूला पुलिस ने इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी करने वाली कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे उन वाहनों का इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट रिन्यू न करें, जिनका चालान लंबित है। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि कोई कंपनी इस नियम का पालन नहीं करती है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, पंचकूला के पेट्रोल पंपों और वाहन एजेंसियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे इन नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

# जमकर उड़ रहीं आचार संहिता की धज्जियां

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

● हरियाणा में आचार संहिता के उलंघन की 12 हजार शिकायतें आई

● जांच में 11 हजार शिकायतें मिली सही

● फरीदाबाद में आए सबसे अधिक मामले

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए जहां प्रचार जोरों पर है वहीं आचार संहिता के उलंघन के मामले में भी बड़ी तेजी से सामने आ रहे हैं। हरियाणा में 16 अगस्त को आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 12 हजार से अधिक शिकायतें आयोग के पास आ चुकी हैं।

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने रविवार को चंडीगढ़ में जारी एक जानकारी में बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर सी-विजिल ऐप पर आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित शिकायत का 100 मिनट के अंदर निपटान किया जा रहा है। इस ऐप पर ऑडियो, वीडियो के साथ-साथ फोटो को भी अपलोड करने की सुविधा है। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सजगता का ही परिणाम है कि हरियाणा में 16 अगस्त से 22 सितंबर तक 12 हजार 11 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से 11 हजार 122 शिकायतें सही मिली हैं। उन्होंने जिलावार विवरण देते हुए बताया कि जिला अंबाला से 856, भिवानी से 75, फरीदाबाद से 2873, फतेहाबाद से 64, गुड़गांव से 1585, हिसार से 220, झज्जर से 953, जींद से 76, कैथल से 194, करनाल से 48, कुरुक्षेत्र से 289, महेंद्रगढ़ से 24, मेवात से 13, पलवल से 206, पंचकूला से 326, पानीपत से 21, रेवाड़ी से 186, रोहतक से 1015, सिरसा से 2093, सोनीपत से 247 तथा यमुनानगर से 647 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कुल शिकायतों में से 11 हजार 122 शिकायतों को रिटर्निंग अधिकारियों व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा सही पाया गया और इन पर कार्रवाई की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति, राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित शिकायत दे सकता है। ऐप पर चुनाव के दौरान किसी भी समय शिकायत दर्ज की जा सकती है। चुनाव में सभी अधिकारी इस सी-विजिल से जुडकर चुनाव की गतिविधियों पर नजर रखें हुए है और कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना होने पर निवारक कार्यवाही की जा रही है।

# हरियाणा चुनाव में पर्ची-खर्ची बना बड़ा मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

● कांग्रेस प्रत्याशियों के वायरल वीडियो को भाजपा ने बनाया मुद्दा

● भाजपा व कांग्रेस कर रहे हैं दो लाख पदों को भरने का दावा

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है तो रोजाना नए-नए मुद्दे भी सामने आ रहे हैं। इस चुनाव में प्रचार का अंतिम चरण शुरू होने जा रहा है अभी तक का सबसे बड़ा मुद्दा पर्ची व खर्ची बना है। जिसे लेकर कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी आमने-सामने हैं। दोनों दलों द्वारा सोशल मीडिया पर जहां नौकरियों के मामले में प्रचार किया जा रहा है वहीं कांग्रेस प्रत्याशियों के वायरल हो रहे वीडियो को भी बीजेपी द्वारा जारी किया जा रहा है।

नौकरियों के मुद्दे पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा आमने-सामने हो चुके हैं। हरियाणा की पूर्व हुड्डा सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान करीब 85 हजार सरकारी नौकरियां दी थी। वर्तमान बीजेपी सरकार ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान एक लाख 47 हजार सरकारी नौकरियां दी है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी देने को लेकर प्रदेश में नारा भी जारी किया था।

वर्तमान में हरियाणा में सरकारी विभागों में करीब दो लाख पद खाली हैं। कांग्रेस तथा बीजेपी अपने घोषणा पत्रों में इन पदों को भरने का वादा प्रदेश की जनता से कर चुके हैं। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा तथा शमशेर गोगी के नौकरियों संबंधी वीडियो वायरल होने का मामला अभी थमा भी नहीं था कि कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा का एक वीडियो शनिवार को वायरल हो गया। जिसके बीजेपी ने मुद्दा बना लिया।

इस वीडियो में कुलदीप शर्मा बोल रहे हैं कि अपने रिश्तेदारों को नौकरी पर लगवाया है। उन्होंने कहा कि हुड्डा साहब इसी खर्ची-पर्ची के तर्ज पर गांव के लोगों को नौकरी देने का काम करेंगे। कुलदीप शर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि उनके गांव का जो हिस्सा बनता है कि उससे 20 प्रतिशत अधिक मिलेगा।

हिसार जिले की बरवाला विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी राम निवास घोड़ेला को जब स्थानीय लोगों ने मंच पर ही भाषण देने से रोका तो उन्होंने कहा कि तुझे वोट दिया, तूने पर्ची पर साइन नहीं किए। नौकरियों के मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं के वीडियो वायरल होने के बाद बीजेपी इसे लगातार भुना रही है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को अपने एक्स पर कांग्रेस नेताओं का ताजा वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि कांग्रेस का ध्येय वाक्य...लूटा था लूटेंगे नौकरी खर्ची-पर्ची से बांटी थी बाटेंगे।

ये हैं गन्नौर से कांग्रेस के प्रत्याशी कुलदीप शर्मा जी। नायब सैनी ने लिखा कि मुझे लगता है जिस प्रकार टिकटार्थियों से आवेदन के साथ कांग्रेस ने 20 हजार रुपए लिए थे। उसी तरह टिकट देने के बाद खर्ची-पर्ची का ठेका भी दे दिया है जो लोग खुलेआम बोलने में शर्म नहीं कर रहे, यकीन मानिए उन्हें करने में कोई शर्म नहीं आयेगी, युवाओं नौकरी बचाओ कांग्रेस से हाथ छुड़ाओ।

मुख्यमंत्री के इस ट्वीट के बाद कांग्रेस एक बार फिर से घिर गई है और पर्ची-खर्ची के मुद्दे पर कटघरे में खड़ी हो गई है।

# चुनाव में बड़े लक्ष्य पर टिकी जजपा के दुष्यंत चौटाला की नजर

**चंडीगढ़।** हरियाणा में चुनाव में आजाद समाज पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही जननायक जनता पार्टी के नेता दुष्यंत चौटाला ने त्रिशंकु विधानसभा की भविष्यवाणी की है, लेकिन विश्वास जताया है कि उनका गठबंधन पर्याप्त सीट जीतकर नतीजों के बाद एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरेगा। हरियाणा में 2019 के विधानसभा चुनाव में जजपा ने 90 सीटों में से 10, भाजपा ने 40 और कांग्रेस ने 31 सीट जीती थीं। जजपा ने किंगमेकर की भूमिका निभाते हुए चुनाव के बाद भाजपा के साथ गठबंधन किया था। पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल के प्रपौत्र 36 वर्षीय चौटाला का अनुमान है कि विधानसभा चुनाव में कोई भी पार्टी 40 सीट का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी।

# महम में भाजपा प्रत्याशी के लिए आसान नहीं चुनावी मुकाबला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

कबड्डी मैचों में अपने प्रतिद्वंद्वियों से निपटने के लिए पहचाने जाने वाले दीपक हुड्डा के लिए हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला आसान नजर नहीं आ रहा है।

भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान और भाजपा उम्मीदवार हुड्डा हरियाणा विधानसभा चुनाव में रोहतक जिले के जाट बहुल महम विधानसभा क्षेत्र में बहुकोणीय चुनावी मुकाबले का सामना कर रहे हैं। भाजपा के इस निर्वाचन क्षेत्र से अपनी पहली चुनावी जीत का स्वाद चखने का दावा करते हुए हुड्डा ने कहा, कोई भी महम में कमल को खिलने से नहीं रोक पाएगा। अर्जुन पुरस्कार विजेता हुड्डा (30) रोहतक के चमारियां गांव के रहने वाले हैं। वह 2016 में दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय कबड्डी टीम का हिस्सा थे। हुड्डा ने कहा कि वह चुनाव प्रचार के लिए घर-घर जा रहे हैं और महम विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अपार समर्थन प्राप्त कर रहे हैं। महम विधानसभा क्षेत्र को कभी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का गढ़ माना जाता था। वह 1982, 1985 और 1987 में यहां से विधायक बने। इसके बाद कांग्रेस के आनंद सिंह डांगी चार बार (1991, 2005, 2009 और 2014) विधायक चुने गए। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में डांगी को निर्दलीय उम्मीदवार बलराज कुंडू ने 12,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया था।

# पीएसईआरसी ने शुरू की औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए ओटीसी योजना

● पीएचडीसीसीआई ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलकर की थी मांग

● बकाया बिलों की अदायगी से सरकार को मिलेगा राजस्व, खत्म होंगे अदालती मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त निपटान (ओटीएस) योजना शुरू किए जाने का पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ने स्वागत किया है। पीएचडीसीसीआई के पंजाब स्टेट चैप्टर के चेयरमैन आरएस सचदेवा ने सप्लाई कोड-2014 के रेगुलेशन 47 के तहत जारी आदेश के बाद के कहा कि यह ओटीएस योजना पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) द्वारा कमर्शियल सर्कुलर जारी करने की तारीख से तीन महीने की अवधि के लिए उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि पीएचडीसीसीआई ने 31 जुलाई 2024 को एक ज्ञापन देकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुलाकात की थी और योजना के लाभों पर प्रकाश डाला था। उन्होंने अधिकारियों द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया और माना कि यह पहल पंजाब के आर्थिक पुनरोद्धार में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

जिला न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक उद्योग और पीएसपीसीएल के बीच मुकदमेबाजी के मामले समाप्त हो जाएंगे और उद्योग को अब राहत मिलेगी। पीएचडीसीसीआई पंजाब चेप्टर के को-चेयर करण गिल्होत्रा ने पंजाब राज्य विद्युत नियामक आयोग (पीएसईआरसी) के हालिया आदेश पर कहा कि वन-टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना चूककर्ता उपभोक्ताओं को अपने बकाए का निपटान करने का अवसर प्रदान करती है, जो बदले में, पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के लिए बकाया राशि की वसूली को बढ़ाएगा। को-चेयर संजीव सिंह सेठी ने कहा कि यह बिल भरने से चूके उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें एक संरचित योजना के माध्यम से अपने बकाया बकाए का भुगतान करने की अनुमति देता है। पीएचडीसीसीआई के क्षेत्रीय विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा समिति के संयोजक पर्व अरोड़ा ने कहा कि अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाकर और अधिक पारदर्शी और परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित करके उपभोक्ताओं को काफी लाभान्वित करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीएचडीसीसीआई ने उद्योग की आवाज के रूप में कार्य करते हुए पहले एकमुश्त निपटान योजना के आदेश में उल्लिखित प्रावधानों के समान एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।

# राहुल के आरक्षण विरोधी बयान से भड़का दलित समाज

● जींद और बादली में 20 हजार से अधिक लोगों ने सम्मेलन कर कांग्रेस का विरोध करने का फैसला लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** बादली/जींद



जींद की नई अनाज मंडी में रविवार को वंचित अनुसूचित जाति वर्ग के महासम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आरक्षण विरोधी बयान और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा दलित नेताओं का अपमान अब कांग्रेस के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। रविवार को जींद और बादली में दलित समाज के लगभग 20 हजार लोग एकत्रित हुए और खुलकर कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता का विरोध किया। यहां तक कि दोनों ही स्थानों पर दलित समाज के हजारों लोगों ने चुनाव में कांग्रेस का विरोध करने का फैसला लिया।

जींद की नई अनाज मंडी में रविवार को वंचित अनुसूचित जाति वर्ग का महासम्मेलन हुआ। हरियाणा के साथ-साथ, दिल्ली, पंजाब व अन्य राज्यों से हजारों की संख्या में वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों ने भाजपा से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को जल्द लागू करने की मांग की। देवीदास वाल्मीकि ने कहा कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति के आरक्षण के वर्गीकरण का फैसला दिया था जो कि एतिहासिक फैसला था। अनुसूचित जाति वर्ग में जो आज भी निम्न स्तर पर जी रहे हैं, उनको आरक्षण में वर्गीकरण होने का फायदा मिलेगा।

यदि प्रदेश सरकार आरक्षण को नौकरियों में लागू कर दे तो अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को भी लाभ मिल जाएगा। उनके परिवारों को भी नौकरियों में हिस्सेदारी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों वंचित अनुसूचित जाति वर्ग ने बैठक कर भाजपा सरकार को हरियाणा में इस फैसले को लागू करने के लिए 21 सितंबर तक का समय दिया गया था। अल्टीमेटम के बावजूद मांग पूरी नहीं होने पर रविवार को डीएससी महासम्मेलन जींद में बुलाया गया था। महासम्मेलन में रविवार को गणमान्य लोगों ने निर्णय लिया कि फैसले को लागू करने के लिए भाजपा को एक और मौका दिया जाए। यदि विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनने पर भाजपा प्रदेश में ये फैसला लागू नहीं करती है तो भविष्य में वंचित अनुसूचित जाति वर्ग भाजपा का भी साथ नहीं देगा।

महासम्मेलन में स्वदेश किराड़, दर्शन रतन रावण, चंद्रपाल अनार्य, गुरुशरण दास महाराज, बाबा संगम नाथ, बाबा मंशा महाराज सहित समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**बादली में भी दलितों ने किया कांग्रेस का विरोध:** कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता का दलित समाज खुलकर विरोध कर रहा है। चुनाव के ऐन वक्त दलितों का विरोध कांग्रेस पार्टी को विधानसभा चुनाव में भारी पड़ने वाला है। झज्जर जिला की बादली विधानसभा में दलित समाज एकत्रित हुए और एक सभा का आयोजन किया। सभा में दलित समाज ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर कांग्रेस का बॉयकाट कर भाजपा प्रत्याशी ओम प्रकाश धनखड़ को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है।

कांग्रेस की नीति सदा से ही दोगली रही है। वोट बटोरना, समाज को खंड-खंड करने की रणनीति के तहत ही कांग्रेस अपनी राजनीति चमकाती रही है। अब कांग्रेस की इस विखंडनकारी नीति को समाज अच्छी तरह से समझ चुका है। यही कारण रहा है कि आज दलित समाज ने कांग्रेस को संविधान और संविधान में दिए गए अधिकारों का हनन करने वाली पार्टी करार कर दिया है।

बादली विधानसभा से बीएसपी उम्मीदवार के अपहरण और दबाव बनाकर पर्चा उठाने के मुद्दे पर दलित समाज भड़का हुआ है। दलित समाज के नेताओं ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा है कि अब वोट की चोट से ही कांग्रेस को जवाब दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस नेत्री सांसद कुमारी सैलजा का कांग्रेस नेताओं द्वारा अपमान करना व अभद्र टिप्पणी ने आग में घी का काम कर दिया है। दलित नेताओं का कहना है कि कांग्रेस एक षडयंत्र के तहत दलित नेताओं को राजनीतिक दृष्टि से नीचा दिखा रही है। डा. अशोक तंवर की तरह ही सैलजा को भी राजनीतिक रूप से खत्म करने का कांग्रेस का प्रयास है।

दलित नेताओं ने मंच से खुलकर कांग्रेस का विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस बाबा साहेब अम्बेडकर के सपनों को खत्म करने व संविधान में दिए अधिकारों को समाप्त करना चाहती है। दलित समाज ने एक स्वर में भाजपा नेता एवं प्रत्याशी ओम प्रकाश धनखड़ का समर्थन किया।

# भाजपा की नीतियों को घर-घर पहुंचा रहे सुभाष सुधा

● पार्टी प्रत्याशी ने धीमान धर्मशाला, रजक जागरूक समाज धर्मशाला, सेक्टर 4 में किया जनसंपर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** थानेसर

थानेसर हलके में भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा द्वारा हर दिन लगातार चुनाव प्रचार अभियान किया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी हलके में डोर-टू-डोर जाकर भाजपा की नीतियों व योजनाओं का प्रचार कर रहें हैं। रविवार को हलके में स्थित धीमान धर्मशाला में विश्वकर्मा समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा पहुंचे। सुभाष सुधा ने उपस्थित सभी सम्मानित जनों के बीच भाजपा की जन हितैषी और कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों की जानकारी दी।

हरियाणा के विकास और उत्थान के लिए भाजपा में आस्था जताते हुए अनेक मतदाताओं ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है। ताकि तीसरी बार हरियाणा में भाजपा अपनी सरकार बना सके। भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा ने इस अवसर पर आगामी 5 अक्तूबर को भाजपा के कमल के निशान का बटन दबाकर अधिक से अधिक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डालने की अपील की। इस अवसर पर प्रभारी रविंद्र सांगवान, पूर्व प्रधान खुशवंत धीमान, उपप्रधान राजिंद्र धीमान, जिला महामंत्री भाजपा तरुण धीमान, मास्टर अजमेर, धीमान समाज के कैशियर बलराम, विजय धीमान, रोशन लाल फौजी, रमेश धीमान, सौरभ लाल धीमान, वेद धीमान, महक धीमान, बवानी खेड़ा सरपंच प्रवीण, ब्लॉक समिति बहादुरपुरा, पाल गडरिया समाज पूर्व प्रधान रमेश पाल, ऑटो प्रधान सन्नी आदि मौजूद रहे और सभी ने भाजपा की नीतियों को पूर्ण समर्थन दिया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा रजक जागरूक समाज, धर्मशाला में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में चेयरमैन मदनलाल, प्रभारी रविंद्र सांगवान, राम कुमार, ईश्वर सिंह चौहान, चेयरमैन धोबी सभा धर्मपाल, प्रधान रजक समाज दीपक चौहान, एम सी दरबारा, प्रवीन कुमार, जोगिंद्र सिंह व गोगी आदि मौजूद रहे। सुधा ने कहा कि नायब सैनी की प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्धता तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाएगी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, hitherto known as Bimla** Devi W/o Late Charan Singh R/o B4/465, Sector-8, Rohini Delhi 110085 have changed my name and shall hereafter be known as Vimla Devi.
PD(776)C

**I, hitherto known as Ritika** Raj alias Ritika D/o Ravinder Kumar R/o 9/4414, Street no.7, East Delhi, Ajeet Nagar, Gandhi Nagar, PO; Gandhi Nagar, Dist: East Delhi,Delhi - 110031 have changed my name and shall hereafter be known as Ritika Raj.
PD(777)C

**I, hitherto known as Abdul** Nazeer alias Vaqar Ahmad S/o Mukhtar Ahmad R/o H-3/1479, Near Masjid Jahangir Puri, Ajadpur, PO: N.S. Mandi Dist: North West Delhi,Delhi 110033 have changed my name and shall hereafter be known as Abdul Nazeer.
PD(778)C.

**I, hitherto known as Manish** Grover Alias Jai Bisht S/o Bhagwan Dass Grover R/o PP-66, Pitampura, PO: Saraswati Vihar, Dist: North West Delhi, Delhi - 110034 have changed my name and shall hereafter be known as Manish Grover.
PD(779)C

**I, hitherto known as Hanuman** Prasad alias Hanuman Singh S/o Moola Ram R/o H.No.-73A, Sainik Enclave, Vipin Garden Extn., D.K. Mohan Garden, PO: D.k Mohan Garden, Dist: West Delhi, Delhi, 110059 have changed my name and shall hereafter be known as Hanuman Singh.
PD(780)C

**It is for general information** that I, Kanchid Pal S/o Jaipal Singh, R/o House Number - C-Block, Main 20 Foota Road Pratap Nagar Soboli Mandoli North East Delhi Delhi-110093, declare that name of mine and my minor daughter namely Hanshika Pal aged 14 years, has been wrongly written mine and my minor daughter is Kanchid Pal and Hanshika Pal, which may be amended accordingly.
PD(781)C

# एकसाथ चुनाव
## बड़ी चुनौती

**एकसाथ चुनाव** भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में बड़ी चुनौती है। केन्द्रीय कैबिनेट ने 'एक देश एक चुनाव' का महत्वाकांक्षी प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इसका उद्देश्य लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, शहरी निकायों तथा पंचायतों के चुनाव एकसाथ कराना है। यह महत्वपूर्ण परिवर्तन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की संस्तुतियों पर आधारित है जिसने इस प्रस्ताव पर 'पूर्ण सहमति' प्रकट की थी। मोदी सरकार इस पहल को संसद में पेश करने की ओर बढ़ रही है, ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह योजना संभव है और हमारी वर्तमान स्थिति क्या है? मुख्य रूप से 'एक देश एक चुनाव' लोकसभा, राज्य विधानसभाओं तथा स्थानीय निकायों के चुनाव एकसाथ कराने पर केन्द्रित है। यह व्यवस्था भारत में देश के पहले आम चुनाव 1951-52 से लेकर 1967 तक मानक व्यवहार थी। लेकिन बाद में 1960 के दशकांत में कुछ राज्य सरकारों और लोकसभा के समय से पूर्व भंग होने के कारण एकसाथ चुनाव की लय टूट गई। ऐसे में 'एक देश एक चुनाव' का क्रियान्वयन करने की तुलना में कहना ज्यादा आसान है। इसका कारण वर्तमान संवैधानिक प्राविधान हैं जो सदन में बहुमत समाप्त होने पर राज्य सरकारों या केन्द्र सरकार को भंग करने की अनुमति देते हैं।

एकसाथ चुनाव व्यवस्था पर वापस लौटने के लिए महत्वपूर्ण संवैधानिक परिवर्तनों और 'लाजिस्टिक नियोजन' की जरूरत पड़ेगी। कोविंद समिति द्वारा मार्च में पेश रिपोर्ट में एकसाथ चुनाव के लिए समर्थन रेखांकित करते हुए कहा गया है कि इसका समर्थन 32 राजनीतिक पार्टियों तथा न्यायपालिका के प्रमुख व्यक्तियों ने किया है। 'एक देश एक चुनाव' को यथार्थ बनाने के लिए मोदी सरकार को अनेक विधायी बाधाओं से निपटना होगा। संसद को दो महत्वपूर्ण विधेयक पास करने होंगे जिनमें से एक का संबंध लोकसभा व राज्य विधानसभा चुनावों से तथा दूसरे का नगरपालिका व पंचायत चुनावों से है। विधायिकाओं के कार्यकाल और उनको भंग करने तथा राष्ट्रपति शासन के बारे में संविधान संशोधन जरूरी हैं। संसद की वर्तमान संरचना में यह काम कठिन लगता है। हालांकि, भाजपा सरकार को बहुमत प्राप्त है, पर उसके पास दो तिहाई बहुमत नहीं है, इसलिए संविधान संशोधनों के लिए राज्यसभा में उसे 52 तथा लोकसभा में 72 वोटों की कमी पड़ेगी। ऐसे में विपक्षी पार्टियों का समर्थन महत्वपूर्ण होगा, पर विपक्ष का प्रतिरोध देखते हुए यह कठिन होगा। संसदीय स्वीकृति के साथ ही दूसरे विधेयक को कम से कम आधे राज्यों का समर्थन प्राप्त करना होगा। वर्तमान समय में भाजपा और उसके सहयोगियों का 19 राज्यों पर नियंत्रण है। इसका अर्थ है कि विपक्ष के विरोध के बावजूद यह उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। 'एक देश एक चुनाव' के पैरोकारों का कहना है कि इससे मतदाताओं में अनिच्छा कम होगी तथा मतदान प्रतिशत बढ़ेगा। सरकार का दावा है कि चुनावों की संख्या कम होने से सुरक्षा बलों की तैनाती घटेगी, ईवीएम का खर्च घटेगा तथा राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार खर्च में बचत कर सकेंगी। लेकिन विपक्ष को इससे राजनीतिक सत्ता पर कब्जे तथा संविधान के उल्लंघन का भय है। इस आशंका का जवाब है कि देश में 1967 तक एकसाथ चुनाव की व्यवस्था सुचारु रूप से जारी थी। एकसाथ चुनाव से प्रशासन देश के विकास के दृष्टिकोण से दीर्घकालीन निर्णय लेने में सफल होगा, 'आदर्श आचार संहिता' से उसके कामकाज में बाधा नहीं पड़ेगी तथा राजनीतिक दलों पर 'लोकरंजक नीतियां' अपनाने का दबाव कम होगा। देखना होगा कि सरकार इस पर व्यापकतम सहमति बनाने में कहां तक सफल होगी।



# भारत-बांग्लादेश संबंधों में गिरावट

**भारत द्वारा अच्छे संबंध बनाए रखने के प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश की कट्टरपंथी प्रभुत्व वाली अंतरिम सरकार में बढ़ती भारत-विरोधी भावनायें बड़ी चुनौती बन गई है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



कटु तथ्य यह है कि भारत चाहे जितने प्रयास करे, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ उसके अच्छे संबंध संभव नहीं हैं। यह बहुत से ऐसे लोगों के लिए आश्चर्यजनक है जिनका विश्वास था कि प्रधानमंत्री पद के समान सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस न भारत से घृणा करने वाले हैं और न वे कट्टरपंथी इस्लामवादी हैं। उनको ऐसा व्यक्ति माना जाता है जिनके साथ कामकाजी संबंध बनाए रखे जा सकते हैं। यदि इस आंकलन के साथ विश्वास किया जाए कि वे हमारे देश के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं तो भी समस्या उन लोगों के साथ है जिनका अंतरिम सरकार में प्रभुत्व है।

इनमें छात्र नेता तथा शेख हसीना का तख्तापलट के जिम्मेदार 'एंटी-डिस्क्रिमनेटरी स्टूडेंट्स मूवमेंट'-एडीएसएम के समन्वयक शामिल हैं। कहा जाता है कि उन्होंने मुहम्मद यूनुस को वर्तमान स्थिति में पदोन्नत किया है और वे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी की मांग मानते हैं। इसके साथ ही सेवानिवृत्त ले.जन. जहांगीर आलम चौधरी को सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर शखावत हुसेन के स्थान पर गृह मंत्रालय का सलाहकार बनाया गया है क्योंकि उनको 'अवामी-समर्थक' माना जाता था। ब्रिगेडियर जनरल हुसेन को टेक्सटाइल एवं जूट मंत्रालय दिया गया है।

वर्तमान समय में अधिकांश समन्वयक कट्टर रूप से भारत-विरोधी हैं और उन्होंने अपने व्यवहार से इसे सिद्ध किया है। बांग्लादेश में अगस्त, 2024 में पूर्वी जिलों में आई बाढ़ की जिम्मेदारी जिस तरह भारत पर डाली गई, इससे स्पष्ट होता है कि वे भारत से घृणा करते हैं। भारत पर बाढ़ की जिम्मेदारी डालते हुए कहा गया कि बांग्लादेश में आने वाली गुमटी नदी पर स्थित डंबर बांध के स्लूज़ गेट बांग्लादेश के अधिकारियों को बिना चेतावनी दिए खोल दिए गए जिससे उनको स्थितियों से निपटने की तैयारी का मौका नहीं मिला। लोगों ने इसके बाद भारत-विरोधी रैलियां निकालीं तथा उसे अनेक प्रकार की धमकियां दी गईं।

22 अगस्त, 2024 को 'द डेली स्टार' में 'अचानक बाढ़ के लिए भारत को दोषी ठहराने वाले छात्रों का प्रदर्शन' शीर्षक से खबर दी गई कि अनेक विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन, रैलियां तथा मशाल जुलूस निकाल कर भारत को अचानक बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया गया और 'भारत का हमला रोको' जैसे नारे लगाए गए। रिपोर्ट में समन्वयक गुलाम किबरिया चौधरी मिशू को यह कहते हुए बताया गया कि 'पिछले 53 साल से भारत बांग्लादेश को अनेक तरीकों से परेशान कर रहा है।' बांग्लादेश के अधिकांश महत्वपूर्ण विश्वविद्यालयों में ऐसे ही प्रदर्शन और रैलियां की गईं जिनमें भारत के खिलाफ ऐसे ही नारे लगा कर जहर उगला गया।

22 अगस्त, 2024 को 'द डेली सन' में 'ढाका विश्वविद्यालय में हुए प्रदर्शन में अचानक बाढ़ के लिए भारत जिम्मेदार' शीर्षक से प्रकाशित खबर में एडीएसएम के एक समन्वयक हसीब अल इस्लाम के हवाले से अन्य बातों के साथ ही यह भी कहा गया कि 'दिल्ली अपना प्रभुत्व और आक्रमण भूल जाओ। फासिस्ट हसीना का समय बीत गया।' 22 अगस्त, 2024 को 'द डेली स्टार' में 'नाहीद ने कहा, भारत ने बांध खोल कर अमानवीयता दिखाई' शीर्षक से प्रकाशित खबर में एक समन्वयक व सूचना एवं प्रसारण समेत अनेक मामलों के सलाहकार मुहम्मद नाहीद इस्लाम ने सलाहकार परिषद की बैठक के अंत में ढाका में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 'हम ऊपर से पानी आते और बाढ़ जैसी स्थिति पैदा करते देख सकते हैं। भारत ने बिना पूर्व-चेतावनी के बांध खोल कर अमानवीयता और असहयोग प्रदर्शित किया है।' उन्होंने कहा, 'हम प्रार्थना करते और उम्मीद करते हैं कि भारत जल्द ही बांग्लादेश की जनता के खिलाफ इस प्रकार की नीति छोड़ देगा।

हमें ऐसा समाधान खोजना होगा कि हम भारत और बांग्लादेश के लोगों को ऐसी प्राकृतिक विभीषिका से बचा सकें।' इस कथन में दूसरा वाक्य भारत के साथ बिजनेस करने का धोखाधड़ी वाला प्रयास स्पष्ट करता है। यह उनके इस कथन से भी स्पष्ट है कि 'बांग्लादेश की जनता और छात्र भारत की इस नीति से गुस्सा हैं।' उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोग लंबे समय से अपने हिस्से के पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, यानी भारत इसे देने से इनकार कर रहा है।

इस मामले पर भारत ने बताया कि बाढ़ का कारण भारत के सटे क्षेत्रों में अभूतपूर्व मूसलाधार बारिश है जिससे पूर्वी बांग्लादेश प्रभावित हुआ है। इसके बाद से बांग्लादेश के छात्र 'क्रांतिकारियों' की ओर से बाढ़ संबंधी कोई भारत-विरोधी घोषणा सुनने मे नहीं आई। लेकिन उन्होंने जो कहा और किया, उससे दो चीजों का संकेत मिलता है। पहला, भारत के खिलाफ गहरे तक व्याप्त घृणा है जो अचानक भड़काऊ बयानों से फूट पड़ती है और इसका तथ्यों व सही सूचनाओं से कोई संबंध नहीं है। नाहीद इस्लाम का उपरोक्त भड़काऊ बयान इसका एक उदाहरण है। यह खासकर इसलिए भी निन्दनीय है क्योंकि सलाहकार होने के नाते उनकी घोषणा पर सरकार की मुहर मानी जाती है।

दूसरा, रैलियों और प्रदर्शनों से स्पष्ट होता है कि कार्रवाइयों के माध्यम से भारत-विरोधी भावनायें अभिव्यक्त करने वाली कोई ढांचागत संरचना है अथवा वह एडीएसएम द्वारा भारत को निन्दा करने वाली लामबंदी व्यवस्था पर लगाम लगाने की इच्छा नहीं रखती है या इसमें सक्षम नहीं है। दूसरे शब्दों में इससे यह सोच स्पष्ट होती है कि वह अवसर मिलते ही भारत की निन्दा करने का मौका खोजती है। इस भावना को समाप्त करना बहुत कठिन है। वैसे भी हर हाल में सलाहकार परिषद की वर्तमान संरचना को देखते हुए इस सोच को समाप्त करने के गंभीर प्रयास की उम्मीद नहीं है क्योंकि वह भारत से घृणा करने वाले लोगों से भरी पड़ी है।

गृह मामलों के सलाहकार ले.जन. जहांगीर आलम चौधरी का मामला उल्लेखनीय है। उनकी घोर भारत-विरोधी भावना कई बार सामने आई है। मेजर जनरल के रूप में वे बांग्लादेश राइफल्स के महानिदेशक थे। तत्कालीन सीमा सुरक्षा बल-बीएसएफ के महानिदेशक अजय राज शर्मा के साथ वार्ता के लिए भारत आ कर उनहोंने 28 सितंबर, 2004 को मजाक उड़ाते हुए उस विस्तृत सूचना को खारिज कर दिया था जो भरत ने उनको भारत के पूर्वोत्तर से सटे बांग्लादेश में भारत के अलगाववादी विद्रोही समूहों के शिविरों के बारे में दी थी।

उन्होंने कहा था, 'बांग्लादेश में एक भी शिविर नहीं है। हमने बीएसएफ की सूची में दिए गए शिविरों का स्थान देखा है। इनमें से कुछ पते हमारे छावनी क्षेत्रों और मुख्यालयों के थे, तथा कुछ पते तो बंगाल की खाड़ी के थे।' इसी यात्रा में उन्होंने भारत में घुसने वाले अवैध बांग्लादेशियों के बारे में कहा था, 'बांग्लादेश से भारत लोग क्यों आएंगे? आपकी आर्थिक स्थिति बांग्लादेश से बेहतर नहीं है। बांग्लादेश में 50,000 भारतीय हैं जो वहां अवैध रूप से गए हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि यदि भारत की अर्थव्यवस्था बांग्लादेश से बेहतर होती तो 'आप मध्यपूर्व व अरब देशों में काम करने न जाते।'

धार्मिक मामलों के सलाहकार एएफएम खालिद हुसेन 'हिफाजते इस्लाम बांग्लादेश'-हिफाजत के नायबे अमीर तथा 'बांग्लादेश इस्लामी आंदोलन' के सलाहकार हैं। ये दोनों घोर भारत-विरोधी हैं। 26 मार्च, 2024 को बांग्लादेश की स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ पर हुए आयोजन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ढाका यात्रा के अवसर पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों में हिफाजत के समर्थकों और सुरक्षा बलों तथा अवामी लीग समर्थकों के बीच टकराव में 13 लोग मारे गए तथा अनेक अन्य घायल हुए थे। मुख्य सलाहकार मुहम्मद युनुस ने 31 अगस्त, 2024 को हिफाजत के नेताओं के साथ मैत्रीपूर्ण बैठक की है।

इन सभी तथ्यों को देखते हुए भारत को अंतरिम सरकार को स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि हम आपके साथ अच्छे संबंध कायम करना चाहते हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आपको हमें परेशान करने वाले काम नहीं करने चाहिए जैसा आपके देश की पिछली सरकारों ने भारत-विरोधी पूर्वोत्तर भारत के अलगाववादी विद्रोही तत्वों को सुरक्षित स्वर्ग प्रदान कर किए थे। याद रखें कि आप की तुलना में हम आपके लिए ज्यादा बड़ी मुसीबतें पैदा कर सकते हैं।

# विचलनों के दौर में ऊबाऊ होता जीवन

**शाइनी शर्मा**
(लेखिका शिक्षाविद हैं)



ऐसी दुनिया में जहां विकल्प अंतहीन प्रतीत होते हैं, नेटफ्लिक्स शो से लेकर यूट्यूब वीडियो और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म तक, कोई उम्मीद कर सकता है कि बोरियत अतीत की बात होगी। हालाँकि, स्थिति यह है कि अक्सर विपरीत होता है। इतने सारे विकल्पों के साथ, लोग अक्सर जानकारी की मात्रा से अभिभूत हो जाते हैं, जिससे विकल्प का विरोधाभास पैदा होता है।

इस संज्ञानात्मक अधिभार ने निर्णय थकान पैदा करना शुरू कर दिया है, जिससे किसी व्यक्ति के लिए किसी एक गतिविधि का आनंद लेना या उसमें पूरी तरह से शामिल होना मुश्किल हो जाता है। संतुष्ट होने के बजाय, कई लोग अलग-थलग, असंलग्न और अंतत: ऊब महसूस करते हैं। सोशल मीडिया और मुख्य रूप से इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर शॉर्ट-फॉर्म कंटेंट के उदय ने एक उपभोग पैटर्न को जन्म दिया है जो संक्षिप्त और अक्सर सतही जुड़ाव को प्राथमिकता देता है। इंस्टाग्राम फ़ीड को स्क्रॉल करना, टॉकटॉक देखना या यूट्यूब वीडियो ब्राउज़ करना उपयोगकर्ताओं को क्षणिक विकर्षण प्रदान करता है लेकिन अक्सर गहराई की कमी होती है। स्मार्टफोन और इंटरनेट की सर्वव्यापकता का मतलब है कि लोग लगभग हमेशा ऑन रहते हैं। काम के ईमेल, सोशल मीडिया अपडेट या यहां तक कि टेक्स्ट के लिए लगातार उपलब्ध रहने की अपेक्षा ने उस प्राकृतिक डाउनटाइम को खत्म कर दिया है जो कभी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा था।



विडंबना यह है कि, जबकि ये तकनीकें अंतहीन उत्तेजना प्रदान करती हैं, उन्होंने बोरियत के अनुभव को भी बढ़ा दिया है। जुड़े रहने का निरंतर दबाव लोगों को वास्तव में आराम करने या सार्थक गतिविधियों में गहराई से शामिल होने से रोकता है, जिससे वे मानसिक बेचैनी की स्थिति में रहते हैं।

कई नौकरियों में दोहराए जाने वाले कार्य, लंबे समय तक स्क्रीन पर समय बिताना या ऐसे कार्य शामिल होते हैं जिनमें व्यक्तिगत संतुष्टि की भावना नहीं होती है। यहां तक कि अधिक कार्यभार वाली नौकरियां भी व्यक्तियों को मानसिक रूप से असंतुलित या असंलग्न महसूस करा सकती हैं। एक ऐसी दुनिया में जो पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई और उत्तेजक लगती है, यह कहना विरोधाभासी लग सकता है कि बोरियत तेजी से नई सामान्य होती जा रही है। यह अपेक्षा कि हमें लगातार मनोरंजन या उत्पादक होना चाहिए, ने दुनिया के साथ जुड़ने के हमारे तरीके को बदल दिया है, जिससे विकल्पों और विकर्षणों की प्रचुरता के बावजूद बोरियत की निरंतर भावना पैदा होती है। आज की तेज-तर्रार, हाइपर-कनेक्टेड दुनिया में, कोई यह मान सकता है कि बोरियत एक दुर्लभ घटना होगी। डिजिटल मनोरंजन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और काम की मांग के अंतहीन प्रवाह के साथ, ऊब का विचार लगभग कालभ्रमित लगता है। फिर भी, विडंबना यह है कि कई लोग पहले से कहीं ज़्यादा बार ऊब महसूस करने की रिपोर्ट करते हैं। ऊब का अनुभव एक सामयिक, क्षणभंगुर स्थिति से जीवन के एक नियमित हिस्से में बदल गया है। कई मायनों में, ऊब महसूस करना नया सामान्य हो गया है।

सच्चे डाउनटाइम की कमी हमारे ध्यान को खंडित करती है और हमें किसी भी गतिविधि में गहराई से शामिल होने से रोकती है। अपनी नकारात्मक प्रतिष्ठा के बावजूद, ऊब रचनात्मकता और आत्म-खोज के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक हो सकती है। दुनिया के कई महान विचारकों और नवप्रवर्तकों ने अपनी सफलताओं का श्रेय ऊब के दौर को दिया है। जब मन लगातार इनपुट से विचलित नहीं होता है, तो उसके पास घूमने, प्रतिबिंबित करने और नए विचारों के साथ आने की जगह होती है। बोरियत गहन विचार और रचनात्मकता को पनपने के लिए आवश्यक मानसिक विश्राम प्रदान करती है। बोरियत को विराम देने और गहरी मानसिक अवस्थाओं का पता लगाने के अवसर के रूप में फिर से परिभाषित करके, व्यक्ति आधुनिक दुनिया के सतही विकर्षणों से परे पूर्णता पा सकते हैं, अंतत: एक अधिक सार्थक और संतुलित जीवन बना सकते हैं।

यह अब केवल एक अस्थायी स्थिति नहीं है, बल्कि आधुनिक जीवन का एक नियमित हिस्सा बन गया है, जो विकल्पों की अधिकता, ध्यान अर्थव्यवस्था और हमेशा उत्पादक होने के दबाव से और भी बढ़ गया है। बोरियत मन की शांति और आत्म-जागरूकता विकसित करने का एक अवसर हो सकता है और भावनाओं से बचना पलायनवाद में बदल सकता है, अक्सर बिना सोचे-समझे सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग, बिंज-वॉचिंग शो या मनोरंजन के अन्य निष्क्रिय रूपों में संलग्न होने के रूप में। जबकि ये गतिविधियां अल्पकालिक राहत प्रदान करती हैं, वे शायद ही कभी बोरियत के मूल कारण को संबोधित करती हैं और बचने के चक्र को जन्म दे सकती हैं। मानसिक रूप से समृद्ध होने के बजाय, ये विकर्षण असंतोष की भावना को गहरा कर सकते हैं।

## आप की बात

### आतिशी से उम्मीदें

**आम आदमी पार्टी**-आप ने दिल्ली में आतिशी को मुख्यमंत्री पद पर सुशोभित कर राजनीतिक पैंतरेबाजी की है। नए मंत्रिमंडल से दिल्ली में काफी अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं। सभी क्षेत्रों में बढ़ी हुई समस्याओं को न्यूनतम करने में नई सरकार को ध्यान लगाना चाहिए। चुनाव समय से पहले कराने में कम एवं रुके हुए विकास कार्यों को पूरा करने में ज्यादा समय, धन और ऊर्जा लगाएं तो राजधानी की धूमिल होती छवि में थोड़ा सुधार आ सकता है। चल रही विकास परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से बजट आवंटन के लिए केंद्र सरकार के साथ तालमेल बेहतर करना चाहिए। राजनीतिक उठापटक में ऊर्जा नष्ट करने की बजाय अनियमिताओं को हटाने एवं घटाने में यदि आतिशी मंत्रिमंडल सफल होता है तो देश एवं प्रदेश का हित होगा। आतिशी के सिर पर कांटों का ताज है। उन्हें स्वयं को केजरीवाल की कठपुतली की छवि से बाहर ला कर दिल्ली के संसाधनों को आम आदमी पार्टी के विस्तार और चुनावी संभावनाओं पर खर्च करने के बजाय दिल्ली की जनता के कल्याण पर खर्च करने का प्रयास करना चाहिए। आतिशी के सामने सुश्री शीला दीक्षित का उदाहरण हैं जिन्होंने केन्द्र में विरोधी सरकार होने के बावजूद दिल्ली के विकास में अभूतपूर्व व असाधारण योगदान दिया था।

**युगल किशोर शर्मा**, फरीदाबाद

### अधिकारियों की सोच

**पूजा खेडेकर** का बर्खास्त किया जाना कोई आश्चर्यजनक घटना नहीं है। पूजा खेडेकर ने अपने लिए जिन सुविधाओं की मांग की थी और जिस तरह अपना रुतबा दिखाने का प्रयास किया था, वह अधिकांश बड़े अधिकारियों में व्याप्त सामंती सोच का प्रतीक है। इसीलिए कहा जाता है कि अंग्रेज चले गए मगर अपने रुतबे को यही छोड़ गए जो कि आज भी आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के रूप में जनता पर राज कर रहे हैं। कहने को तो हर कर्मचारी जनता का सेवक है। मगर यह सिर्फ कहने को ही होता है। मानसिकता मे वह जागीरदार ही होते है। प्रजातंत्र मे किसी के लिए भी वीआईपी संस्कृति की जरूरत नहीं है। मगर यहां तो मामला एकदम उल्टा है। किसी मंत्री से मिलना आसान है मगर किसी कलेक्टर से मिलना मुश्किल। हैरानी की बात यह है कि सबसे बड़े अधिकारी सबसे कम काम करते हैं क्योंकि उनके हर काम के लिए नीचे कर्मचारी नियुक्त होते हैं। इस पूरे ढांचे में आमूल चूल परिवर्तन की जरूरत है। वीआईपी रुतबा हटाने के साथ ही बड़े अधिकारियों को दी जाने वाली अधिकांश मुफ्त सेवाएं खत्म की जाना चाहिए। वैसे उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को हर मर्ज की दवा समझना बंद कर सक्षम कर्मचारियों की पदोन्नति होनी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### आधुनिक युद्ध तकनीक

**लेबनान** मैं इलेक्ट्रॉनिक पेजर में विस्फोट करके इसराइल ने आधुनिक तकनीक के विस्फोटक उपयोग का नमूना पेश कर दिया है। यदि इसके साथ आधुनिकतम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई को जोड़ दिया जाए तो आने वाले समय में स्मार्टफोन है भी छोटा बम बन सकता है। आधुनिक तकनीक का हिंसा, हत्या और युद्ध के लिए ऐसा प्रयोग गंभीर चिन्ता का विषय है। देखा जाए तो वैज्ञानिकों ने दिन-रात एक कर कठोर परिश्रम से मानव हित के लिए जो आविष्कार किये उनसे मानव ने फायदा कम और नुकसान करने में अधिक उपयोग किया है। भविष्य में यह स्थिति पूरी मानवजाति तथा निरपराध लोगों के लिए और अधिक खतरनाक होती जाएगी। इसे नियंत्रित करना और रोकना अब लगभग असंभव हो चुका है। कोई हैरानी की बात नहीं कि अगले दशक में हम बॉर्डर पर इंसानी सैनिकों के बजाय रोबोट सैनिकों को निगरानी करते और युद्ध करते देखें। दुनिया भर के वैज्ञानिकों को अपने आविष्कारों के इस हिंसक व मानव-विरोधी प्रयोग पर रोक लगाने के लिए व्यापक विचार-विमर्श कर कदम उठाने चाहिए। यदि ऐसा न हुआ तो युद्धों की लगातार बढ़ती विभीषिका पूरी मानव जाति के लिए ही विनाश का कारण बन सकती है।

**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### असाधारण चुनाव सुधार

**अधिकांश** समय चुनावी मोड में रहने वाले देश में बरसों से चुनाव सुधारों की अपेक्षा की जा रही थी। राजग सरकार की कैबिनेट ने एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी देकर लोकतंत्र एवं धन की बर्बादी रोकने की दिशा में सराहनीय पहल की है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। वस्तुस्थिति यह है कि लोकसभा चुनाव के अतिरिक्त विधानसभा चुनावों या स्थानीय निकायों के चुनाव हेतु महीनों सरकारी मशीनरी व्यस्त रहती है। चुनावी वातावरण में मतदाताओं को लुभाने हेतु क्षेत्रीय दलों में होड़ मची रहती है तथा बिना किसी अर्थ नियोजन के राजनीतिक दल जनता को असंभव सुविधाएं देने की गारंटी देने में पीछे नहीं रहते। ऐसे में यदि लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित होंगे तो अवश्य ही देश के लिए यह सकारात्मक स्थिति होगी। ऐसे में जरूरी है कि सभी राजनीतिक दल एक देश एक चुनाव का समर्थन दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करें। इससे मतदाताओं को भी राहत मिलेगी और बार-बार उनको मतदान पर अपना समय और ऊर्जा बरबाद करने से मुक्ति मिलेगी। इससे मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा।

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 23 सितम्बर, 2024



# कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा: योगी आदित्यनाथ

- हरियाणा के चुनावी रण में योगी की दहाड़, कांग्रेस-बसपा, इनेलो व आप पर खूब बरसे यूपी के सीएम
- बांग्लादेश में हिंदू मारे-काटे जा रहे, लेकिन वोटबैंक के कारण कांग्रेस-इनेलो के मुख से नहीं निकल रहे शब्द: मुख्यमंत्री




**लखनऊ/जींद/सोनीपत/करनाल** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हरियाणा के चुनावी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने नरवाना, राई और असंध विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा की। योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों के बलबूते हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने का आह्वान किया। कांग्रेस-इनेलो, बसपा व आम आदमी पार्टी उनके निशाने पर रही। कांग्रेस पर तंज कसते हुए सीएम योगी ने असंध में कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा। इसे ऑक्सीजन दोगे तो यह सुरक्षा में सेंध लगाएगी। सीएम कांग्रेस, इनेलो, आप और बसपा पर हमलावर रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली जनसभा नरवाना से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार कृष्ण कुमार बेदी के पक्ष में हुई। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हो चुके हैं। 1947 में आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री बने थे। वे भी राम मंदिर बना सकते थे। उस समय विवाद भी इतना नहीं था। आजादी के तत्काल बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं हो पाया तो इसके जिम्मेदार सेक्युलरिज्म का लबादा जोड़ने वाले दल हैं। प्रभु राम के नाम से कांग्रेस व इनेलो को परेशानी होती थी। इनका प्रयास भारत की आस्था व महापुरुष का अपमान करना था। भाजपा ने विवाद समाप्त कराए और राम मंदिर का निर्माण कराया।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया। कांग्रेस व इनेलो परिवारवाद में मस्त हैं। यह कभी प्रभु श्रीराम-श्रीकृष्ण तो कभी आंबेडकर का अपमान करते हैं। सत्ता मिलने पर अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार, सुरक्षा में सेंध व दंगा कराते हैं। सबसे लंबे समय तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर नहीं, बल्कि अपने पूर्वजों के नाम पर विकास योजनाओं का नामकरण करती थी। बच्चा पैदा बाद में होता था, पहले उनके नाम पर एयरपोर्ट व स्टेडियम का नाम रख दिया जाता था। इनेलो का हरियाणा के बाहर कोई अस्तित्व नहीं है। इन्हें वोट देना बेकार है।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस व इनेलो को सत्ता मिली थी तो लूट धड़ल्ले से होती थी। यह लोग हिंदू मंदिरों से पैसा ले लेते थे। कोरोना में कांग्रेस व इनेलो के नेता गायब थे, लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता %सेवा ही संगठन% के नारे संग सरकार के साथ मिलकर जनता की सेवा के लिए तत्पर था। सीएम योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना, मां शबरी के नाम पर रसोई घर बने तो बाबा साहेब आंबेडकर के पंच तीर्थों का निर्माण किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदू मारे-काटे जा रहे हैं। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। इनके मुख से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है। बांग्लादेश में जिन हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है, उनमें 90 फीसदी से अधिक दलित हैं। कांग्रेस को वोट बैंक की चिंता है, हिंदुओं की नहीं। चुनाव में कांग्रेस, इनेलो व निर्दलीय जाति के नाम पर आएंगे, लेकिन यह बिना पेंदी के लोटे हैं। इनका अपना कोई अस्तित्व-वजूद व विकास की विजन नहीं है। इनकी नीयत और राष्ट्र के प्रति नीति भी अच्छी नहीं है। भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया। योगी आदित्यनाथ ने राई विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गहलावत के समर्थन में जनआशीर्वाद रैली की। सीएम ने रैली से पहले राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की अश्वारोही प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। बोले कि महाराणा प्रताप ने सबसे बड़ी विदेशी हुकुमतों को चुनौती दी थी। उनकी लड़ाई सत्ता की नहीं, बल्कि स्वाभिमान, स्वदेश व स्वधर्म की थी। सीएम ने महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व की चर्चा की। बोले कि मेवाड़ व चित्तौड़गढ़ के स्वाभिमान की रक्षा करते हुए उन्होंने स्वधर्म के लिए कार्य किया था। उन्होंने समाज को जोड़ा था। जहां भामाशाह-महाराणा प्रताप जैसे महावीर होंगे, उस देश का कोई बालबांका नहीं कर सकता है। यह चुनाव भी एक भारत, श्रेष्ठ भारत के पीएम मोदी के विजन को आगे बढ़ाने की लड़ाई है। आपने डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में बदले हरियाणा की तस्वीर को देखा होगा।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस-इनेलो, आम आदमी पार्टी के एजेंडे में देश, आम नागरिक, गांव, नौजवान-किसान, महिलाएं नहीं हैं। इनका एजेंडा बांटो और राज करो का संकीर्ण एजेंडा है। कांग्रेस ने कश्मीर में धारा-370 लगाई थी। जनसंघ ने सबसे पहले इसके खिलाफ आवाज उठाई थी। पीएम मोदी ने धारा-370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार किया। कांग्रेस का डीएनए है, जो आतंकवाद व नक्सलवाद को पनपाया है, लेकिन भाजपा उसका सफाया कर रही है। कांग्रेस को मुस्लिम वोट चाहिए, इसलिए धारा-370 नहीं हटाई। कांग्रेस क्षेत्र व भाषा के आधार पर देश का बांटने वाली पार्टी है।

सीएम योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के खिलाफ शत्रुता रखने वाली है, इनेलो परिवारवाद से जुड़ी है। आम आदमी पार्टी जेल और बेल के चक्कर में पड़ी है। वादाखिलाफी इनकी पहचान बन चुकी है तो दूसरी तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सुरक्षा व समृद्धि का बेहतर कार्य करके दिखाया। कांग्रेस व इनेलो का भाई-भतीजावाद, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, वसूली किसी से छिपी नहीं है, लेकिन हरियाणा अब परिवारवाद-भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि मनोहर लाल खट्टर व नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है। देश में तीन खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। एक हरियाणा और दूसरा यूपी में बन रही है। सीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले यहां का नौजवान सीमा पर शहीद हो गया था। देश की सुरक्षा के लिए हरियाणा का जवान जान की बाजी लगाता है। कांग्रेस के समय चीन-भारत हमारी सीमा में घुसते थे। आज उन्हें वे घुसेंगे तो पिटेंगे। भारत के बहादुर जवान पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक के जरिए उनके आतंकी कैंप को नष्ट करते हैं। हरियाणा में अब जाति की नहीं, विकास, रोजगार, सुरक्षा, आवास, राशन, एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज की बात होती है। सीएम ने अपील की कि विकास की बहार हो, नायब सिंह सैनी की सरकार हो।

सीएम योगी ने तीसरी जनसभा में असंध विधानसभा क्षेत्र से योगेंद्र राणा को जिताने की अपील की। जेजेपी उम्मीदवार ने यहां सीएम योगी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। हरियाणा के लिंगानुपात को देखकर पता चलता है कि कांग्रेस शासन में यहां बेटी-बहनों के साथ अत्याचार होता था। 2014 से पहले सबसे खराब स्थिति हरियाणा की थी, लेकिन आज 1000 पुरुषों पर 900 महिलाएं हैं। करनाल में हरियाणा की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी खुल चुकी है। हरियाणा में खेल विश्वविद्यालय भी है। हरियाणा परिवारवाद का नहीं, विकास का नया मॉडल बनकर उभरा है। सीएम ने कहा कि पाकिस्तान में ननकाना साहिब कॉरिडोर बनाने के लिए कांग्रेस ने रोड़ा अटकाया था, वहां आज भी गुरु गोविंद सिंह महराज के प्रकाश पर्व पर हरिकीर्तन नहीं करने दिया जाता है। कांग्रेस का इतिहास तो कत्लेआम का रहा है। 1984 में सिख बंधुओं के साथ क्या हुआ, किसी से छिपा नहीं है। राहुल गांधी विदेशों में सिखों को गाली दे रहे थे। जो कांग्रेस महान गुरुओं की परंपरा का अपमान कर रही हो, जिस कांग्रेस के नेता बाहर भारत का अपमान करते हों। उस कांग्रेस से आस्था का सम्मान की उम्मीद बेमानी है। जनता ने कांग्रेस को उसके हालात पर पहुंचा दिया है। देश के संकट के समय राहुल गांधी को नानी याद आती हैं, भारत की 140 करोड़ जनता नहीं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा। रामभक्त कहते थे कि एक धक्का और दो, बाबरी ढांचा तोड़ दो। इस नारे के साथ गुलामी का ढांचा भी ध्वस्त हुआ। बाबरी ढांचा ध्वस्त हुआ तो अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। सीएम ने चेताया कि यह लोग जाति की राजनीति करके विभाजन करना चाहते हैं। बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

## अनुशासनिक कार्रवाई के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाए: हिमांशु

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर मुख्य** सचिव, उत्तर प्रदेश शासन (ग्राम्य विकास विभाग) हिमांशु कमार ने समस्त मण्डलायुक्तों, जिला अधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध यदि किसी प्रकार की अनुशासनिक कार्यवाही की आवश्यकता आपके स्तर पाई जाती है, तो उसके बारे में अपने प्रस्ताव भेजने हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास हिमांशु कुमार द्वारा जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि उनके संज्ञान में प्राय: यह देखने में आ रहा है कि जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों यथा मण्डलायुक्त/ डीएम/सीडीओ द्वारा मण्डल मुख्यालयों के जिलों व अन्य जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध निलम्बन/अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने के प्रस्तावों पर अपनी संस्तुति सीधे ही शासन को प्रेषित कर दी जाती है। ऐसे पत्रों के साथ प्राय: सुस्पष्ट आरोप पत्र, समुचित साक्ष्य एवं साक्षियों की सूची भी नहीं भेजी जाती है। कहा है कि उपरोक्त स्थिति प्रशासनिक अनुशासन के अनुकूल नहीं है। जिलों में तैनात ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों के प्रथम नियंत्रक अधिकारी उनके विभागाध्यक्ष, अर्थात आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग हैं। अत: जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने प्रस्ताव (जो समस्त अभिलेखों से पूर्ण हों) सीधे शासन को न भेजकर आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग को भेजे जाएं, ताकि आयुक्त, ग्राम्य विकास विभाग इन प्रस्तावों का समुचित परीक्षण अपने स्तर पर कर सकें और अपने अभिमत सहित यथावश्यकता कार्यवाही हेतु पूर्ण प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करा सकें।

# चित्रकूट मंडल के आध्यात्मिक व पर्यटक स्थलों के विकास पर योगी सरकार का फोकस

- यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. को सौंपा गया है इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने का जिम्मा

**लखनऊ/ चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार का प्रदेश में पर्यटन विकास पर सर्वाधिक जोर है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश तेजी से एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में, पर्यटन के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश के मोस्ट फेवर्ड डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित हो रहा है। प्रदेश देश तथा विदेश के सैलानियों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और इस प्रक्रिया में और बढ़ोत्तरी हो इसलिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न मंडलों में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। चित्रकूट मंडल के जिलों में भी पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख विकास व निर्माण कार्यों को गति देने की रूपरेखा तय कर ली गई है।

परियोजना के अंतर्गत चित्रकूट के प्रसिद्ध रामघाट के सौंदर्यीकरण, विकास व चौड़ीकरण की प्रक्रिया को 18.30 करोड़ की लागत से पूरा किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं, चित्रकूट के लालापुर व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, महोबा में सालट फोर्ट के समीप पार्किंग व टूरिस्ट फैसिलिटीज को बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा। चित्रकूट के चर स्थित सोमनाथ मंदिर व हमीरपुर के पातालेश्वर मंदिर में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने तथा चित्रकूट में वाल्मीकि आश्रम के समीप म्यूजियम के निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। इन सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है।

सीएम योगी के विजन अनुसार, चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के किनारे स्थित रामघाट पर बड़े स्तर पर सौंदर्यीकरण प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। यह कार्य इस प्रकार होगा कि यह सांस्कृतिक व शहरी कायाकल्प की मिसाल पेश करेगा। मान्यता है कि यह वही स्थल है जहां गोस्वामी तुलसीदास जी को प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए थे। ऐसे में, इस स्थल की आध्यात्मिक व ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करते हुए उसे मॉडर्न सिविक एमेनिटीज से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परियोजना के अंतर्गत रामघाट पर 18.30 करोड़ रुपए की लागत से सौंदर्यीकरण, चौड़ीकरण संपर्क मार्ग के सुधार व विस्तारीकरण व पर्यटक सुविधाओं के निर्माण व विकास प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस कार्य को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 2 वर्षों की समयावधि में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना के अंतर्गत चित्रकूट के लालापुर व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर तथा महोबा में सालट फोर्ट के समीप पार्किंग व टूरिस्ट फैसिलिटीज को बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा। लालापुर में टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर संबंधी कार्यों को 7.01 करोड़ की लागत से जबकि व बांदा में कलिंजर फोर्ट के समीप 3.83 करोड़ रुपए की लागत से कार्यों को पूरा किया जाएगा। इन दोनों कार्यों को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 12 व 9 महीनों की समयावधि में पूरा किया जाएगा। वहीं, महोबा के सालट फोर्ट के समीप पार्किंग व टूरिस्ट फैसिलिटीज के विकास को वर्षा अवधि के अतिरिक्त 9 महीने में 3.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा। चर में सोमनाथ महादेव मंदिर में वर्षा अवधि के अतिरिक्त 9 महीनों की समयावधि में टूरिस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर व विकास कार्यों को 1.48 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। वहीं, हमीरपुर के पातालेश्वर महादेव मंदिर में पर्यटन विकास प्रक्रिया को 6 महीने के अंदर 68.86 लाख रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। इसी प्रकार, चित्रकूट में वाल्मीकि आश्रम के समीप म्यूजिमय के निर्माण कार्यों को भी जल्द पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण मानकों के अनुरूप हो: केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में मनरेगा कन्वर्जेंस से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र जो किराये के मकान में चल रहे हैं,मनरेगा योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के अभिसरण से आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्र केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाय व गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा योजनांतर्गत मनरेगा, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग के अभिसरण बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1984 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी ग्राम पंचायतों में निरंतर आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, इस वर्ष अब तक 626 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, 8,237 कार्य निर्माणाधीन हैं। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के खेलने आदि की व्यवस्था भी की गई है। ध्यान रखा गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केन्द्र नेशनल हाईवे के बगल में ना बने। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा कन्वर्जेंस से बीते 5 सालों में 12 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रो का निर्माण किया जा चुका है।

## ई- हॉस्पिटल पोर्टल पर उपलब्ध दवाएं ही लिखेंगे डॉक्टर

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रशासन हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) दवाएं उपलब्ध कराने के लिये नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। ई- हॉस्पिटल पोर्टल पर सभी दवाओं की फीडिंग होगी। डॉक्टर वही दवाएं लिखें जो स्टॉक में उपलब्ध हैं। केजीएमयू में रोगियों को करीब 60 फीसदी तक सस्ती दवाएं मुहै कराने को लेकर एचआरएफ की व्यवस्था शुरू की गई। दवा काउंटर पर उपलब्ध बहुत सी दवाओं के बारे में डॉक्टरों को पता न होने से यह दवाएं नहीं लिखते हैं। कुछ डॉक्टर बाजार की दवाएं लिखते हैं।

# महाकुंभ क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को नया स्वरूप दे रही है योगी सरकार

- 391 करोड़ के बजट से हो रहे हैं बिजली के काम से कुंभ क्षेत्र की रातों में भी होगा दिन जैसा उजाला

**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के आयोजन को लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप महाकुंभ क्षेत्र में बिजली, सड़क और पानी आदि की बुनियादी व्यवस्था के साथ अन्य कार्यों में तेजी से प्रगति हो रही है। महाकुंभ को लेकर अन्य विभागों की तरह ही बिजली विभाग में कई नए प्रयोग किए जा रहे हैं। प्रयागराज महाकुंभ का दायरा बढ़ाने के साथ ही विभिन्न विभागों की तरफ से यहां होने वाली सुविधाओं और संसाधन में भी शासन की तरफ से बढ़ोत्तरी की गई है। बिजली विभाग इससे सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। 4000 हेक्टेयर में बसने जा रहे प्रयागराज महाकुंभ की बिजली की व्यवस्था भी इस बार पिछले आयोजनों से भिन्न होगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि महाकुंभ में 391.04 करोड़ की लागत से स्थायी और अस्थायी कार्य कराए जा रहे हैं। इस बार महाकुंभ को पॉवर कट की समस्या मुक्त रखने की योजना को धरातल में उतारा जाएगा। इसके लिए सोलर एनर्जी पर आधारित हाइब्रिड सोलर लाइट मेला क्षेत्र में लगाई जाएंगी।

महाकुंभ में इस बार 2004 हाइब्रिड सोलर लाइट लगाई जाएंगी। कुंभ के सभी प्रमुख चौराहों और पोल्टून पुल पर भी इन्हे लगाया जायेगा। इन लाइट्स के लगने से कुंभ क्षेत्र में बिजली के कभी कटने पर अंधेरा नहीं हो पाएगा। सम्पूर्ण महाकुंभ क्षेत्र रात में बिजली की रोशनी से जगमग रहेगा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता के मुताबिक बिजली विभाग की तरफ से पूरे महाकुम्भ क्षेत्र में 1543 किमी लंबी बिजली की लाइन खींची जाएगी, जिसमें 1405 किमी एलटी और 138 किमी एचटी की लाइन होगी। मेला क्षेत्र में 85 अस्थाई नए बिजली घर , 85 डीजी सेट, 15 आरएमयू और 42 नए ट्रांसफार्मर लगेंगे। मेला क्षेत्र में शिविरों में रहने वाले 4 लाख 71 हजार लोगों को विद्युत के कनेक्शन दिए जायेंगे। इन शिविरों में रोशनी के इंतजाम के अलावा मेला क्षेत्र 67 हजार स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी। मेला क्षेत्र के सभी प्रमुख चौराहों में हाईमास्ट लाइट भी लगाई जाएंगी। शिविरों और सड़कों के किनारे लगी इन स्ट्रीट लाइट से पूरा कुंभ मेला क्षेत्र रोशनी से नहा जायेगा। यहां रात में भी दिन जैसा उजाला रहेगा।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में महाकुम्भ को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जायेगा: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नई दिल्ली** में आयोजित किये जाने वाले ट्रेड शो की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) का आयोजन कर रही है। इस वर्ष दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ 25 सितंबर से होकर 29 सितंबर 2024 तक चलेगा। इसमें अन्य विभागों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग भी प्रतिभाग करेगा। भव्य मंडप में प्रदेश की आध्यात्मिक-धार्मिक, सांस्कृति, प्राकृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग के स्टाल पर आगंतुकों को प्रयागराज में अगले साल जनवरी माह में लगने वाले महाकुंभ-2025, प्रदेश में उभरते हुए वेडिंग डेस्टिनेशन, यूपी पर्यटन नीति-2022 के लाभ व इसके तहत तैयार नई इकाइयों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा यूपी नहीं देखा, तो इंडिया नहीं देखा के स्लोगन को आगे रखते हुए प्रदेश के धार्मिक-आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों, वाइल्ड लाइफ, इको टूरिज्म, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट, सूफी सर्किट और बुंदेलखंड के रोमांचक तथा आकर्षक पर्यटन स्थलों का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं/पर्यटकों का बड़ी संख्या में आगमन हो रहा है। पर्यटन विभाग ने हालिया आंकड़े के अनुसार मौजूदा वर्ष के शुरुआती छह माह में अयोध्या पहुंचने वालों की संख्या 11 करोड़ के करीब रही। अयोध्या में हर वर्ष की भांति इस साल भी दीपोत्सव भव्य, दिव्य तरीके से मनाने की तैयारी है। यूपीआईटीएस 2024 में अयोध्या को प्रमुखता से दर्शाया जाएगा।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोमार्ट में पर्यटन विभाग के स्टॉल से प्रदेश के विभिन्न टूरिज्म डेस्टिनेशन सहित अन्य जानकारियां प्राप्त की जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में महाकुंभ-2025 को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। टेड्ड शो में उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों एवं सांस्कृतिक विविधता की मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग भी की जायेगी। प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा कन्वर्जेंस से बीते 5 सालों में 12 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रो का निर्माण किया जा चुका है।

# प्रसादम में जानवरों की चर्बी की खबर के बाद एफएसडीए सक्रिय, लिए नमूने

**मथुरा।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए तैयार किए जाने वाले प्रसादम में कथित रूप से जानवरों की चर्बी मिलाए जाने की खबर आने के बाद मथुरा में भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) सक्रिय हो गया और पिछले 48 घंटों में अलग-अलग जगहों पर से प्रसाद के रूप में बिक रहे पदार्थों के कुल 13 नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि, वृन्दावन के ठा. बांकेबिहारी मंदिर एवं गोवर्धन के दानघाटी मंदिर के बाहर स्थित दुकानों पर से ए नमूने लिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रसाद में मिलावट का मामला सामने आने के बाद टीम ने ठाकुर बांके बिहारी मंदिर, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और गोवर्द्धन मंदिर के बाहर प्रसाद की दुकानों से नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद साफ हो पाएगा कि यहां बेचे जा रहे प्रसाद के रूप में भोग लगाए जाने वाले पदार्थों में किसी प्रकार की कोई मिलावट है या नहीं।

सिंह ने बताया कि सोमवार से पूरे जिले में वृहद स्तर पर प्रसाद की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा। हर क्षेत्र में अलग-अलग टीमें जाकर नमूने लेकर कार्वाई करेंगी। जहां भी प्रसाद की बिक्री खुले रूप में करते पाया जाएगा, वहां नमूने भरने का अभियान विशेष रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिन में टीम ने लगभग 13 स्थानों से नमूने एकत्र किए थे। उन नमूनों को भी प्रयोगशाला भेजा गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। रिपोर्ट के अनुसार जिसके भी सैंपल जांच में अनुपयुक्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ विधि अनुसार कार्वाई की जाएगी। सहायक आयुक्त ने बताया कि सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि वह प्रसाद ही नहीं बल्कि किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ में किसी भी तरह की मिलावट न करें। उन्होंने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# साढ़े सात वर्षों में 7015 कुख्यात अपराधियों पर एसटीएफ की कार्रवाई, 49 मुठभेड़ में ढेर

- प्रदेश के 872 दुर्दांत अपराधियों और 379 साइबर अपराधियों को भेजा गया सलाखों के पीछे
- पेपर लीक से संबंधित 193 गैंग के 926 अभियुक्तों के खिलाफ की गई कार्रवाई, 3970 संगठित अपराधी अरेस्ट

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत अपराध और अपराधियों की लगातार कमर तोड़ रही है। इसी के तहत यूपीएसटीएफ ने प्रदेश के दुर्दांत अपराधियों, अवैध नशे के सौदागरों, हथियार तस्करों, साइबर अपराधियों समेत परीक्षा माफिया के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश में 7 हजार से अधिक कुख्यात और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 49 कुख्यात अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। वहीं, बड़ी मात्रा में अवैध हथियार, नशीला पदार्थ, प्रतिबंधित जानवरों की खाल व हड्डियां भी बरामद की हैं। इसके अलावा, एसटीएफ ने अपनी सूझबूझ से 559 से अधिक अपराधिक घटनाओं को घटित होने से पहले ही रोककर अपराधियों की योजना को नाकाम कर दिया।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एसटीएफ की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में, एसटीएफ ने पिछले साढ़े सात वर्षों में कुल 7,015 कुख्यात और इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है जबकि इस दौरान 49 अपराधी मारे गये। इन सभी पर 10 हजार से लेकर 5 लाख का इनाम घोषित था। इसके अलावा, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सजगता और सतर्कता के फलस्वरूप 559 से अधिक अपराधिक घटनाओं को घटित होने से पहले रोका गया। जनप्रतिनिधि, प्रतिष्ठित व्यक्ति, आम नागरिकों के अपहरण, लूट, हत्या जैसे अपराध की घटनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही 3970 संगठित अपराधियों को अरेस्ट किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसटीएफ ने पिछले साढ़े सात वर्षों में परीक्षाओं में नकल और पेपर लीक जैसी धांधली को रोकने एवं जड़ से खत्म करने के लिए 193 गिरोहों के 926 सरगना और साल्वरों के खिलाफ कार्रवाई की। एसटीएफ की इस कार्रवाई से युवाओं में योगी सरकार की साख बढ़ी है। वहीं, साइबर अपराधों में लिप्त 379 साइबर अपराधियों को भी दबोचा गया है। इसके अलावा, अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर 189 अपराधियों की गिरफ्तारी कर उनके कब्जे से 2080 अवैध शस्त्र और 8229 अवैध कारतूस बरामद किये गये हैं। एसटीएफ ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों से शराब की तस्करी करने वाले 523 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 80579 पेटी शराब, 330866 लीटर रेक्टिफाइड स्प्रिंट और 7560 लीटर तैयार देशी शराब बरामद की गयी है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने बताया कि एजेंसी ने मादक पदार्थों के अवैध व्यवसाय में लिप्त 1082 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 91147.48 किलो गांजा, 2054.651 किलो चरस, 19727.1 किलो डोडा/पोस्ता, 7.06 किलो मॉरफीन, 723.758 किलो स्मैक, 21.521 किलो हेरोइन, 181.012 किलो अफीम, 6.1 किलो ब्राउन शुगर, 6.938 किलो मैथाड्रोन और 280899 अद ?द प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद की गयी। इस दौरान मादक पदार्थों के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों की भी बरामदगी करते हुए उचित कार्रवाई की गई। वहीं, प्रतिबन्धित वन्य जीवों का शिकार कर उनकी तस्करी करने वाले विभिन्न गिरोह के 170 अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 341 किलो कछुआ कैलीपी, 2 पैगोलिन, 1 बाघ की खाल, 18 किग्रा बाघ की हड्डी, 2 अदद हाथी दांत, 8011 कछुए, 4922 प्रतिबंधित पक्षी, 1 लकड़बग्घे का कंकाल, 20 अदद ग्रे लंगूर, 1 तेंदुए की खाल, 4.12 किलो अम्बरगेरिस, 1 पैंगोलीन स्कलप, 4 जंगली शूकर के दाँत, 563.1 किग्रा लाल चन्दन की लकड़ी, 44 हाथी दांत से बनी वस्तुएं, 25 अदद तेंदुए के दांत, 24 अदद तेंदुए के नाखून, 110 सियार सिंगी, 140 इंद्रजाल के पेड़, 1 बाघ का ढांचा, 1 अजगर और 1 स्नेक बरामद किया गया। वहीं, इनके लिए प्रयुक्त किये जाने वाले वाहन, नगद धनराशि आदि की भी बरामदगी की गयी। एसटीएफ ने कुल 2670 सराहनीय कार्य किये।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से गहराया बाढ़ का संकट

● विस्थापित कैंप में नहीं पहुंची खाने-पीने की सामग्री

● कैंप में 48 बाढ़ पीड़ित परिवारों के पहुंचने पर हरकत में आया प्रशासन



**संवाददाता।** चौडगरा, फतेहपुर

**मलवां** विकास खण्ड के अभयपुर ग्रामसभा के गंगा कटरी क्षेत्र में पांडु नदी व गंगा नदी का लगातार जल स्तर बढ़ने से गंगा कटरी में बसे किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। पांडु नदी का जल दरियापुर पुल से बिन्दकी फॉर्म तक बनी सड़क के ऊपर से लगभग एक दर्जन जगहों से जल बहने लगा है जल के सड़क के ऊपर से बहने से आवागमन प्रभावित है। लोगों के घरों में पानी घुस गया है लेकिन लोग अपना घर छोड़कर आने को तैयार नहीं है। ननका निषाद मदारपुर ने बताया कि अब लोगों की फसलों में 100 फीसदी पानी भर गया है अब सारी फैसले पानी के भरने से नष्ट हो चुकी हैं।

मेवालाल निषाद बंबुरी खेड़ा ने बताया कि जानवरों के चारे के लिए विकराल समस्या खड़ी हो गई है लोगों का जहां भूसा भरा था वहां पानी भर चुका है जिससे भूसा खराब हो गया है। खेतों में पानी भरने से हरा चारा भी खत्म हो गया है अब जानवरों के लिए विकराल समस्या खड़ी हो रही है। लोग घर छोड़कर विस्थापित कैंप में आने को तैयार नहीं है उनका कहना है कि हम घर छोड़कर चले जाएंगे लेकिन चोर नाव लगाकर सामान चोरी कर ले जाते हैं इसलिए हम घर छोड़कर नहीं जा रहे अपना घर कौन छोड़ना चाहता है, साहब मजबूरी है, सब कर देती है, हम लोग आखिरी समय तक अपने घर को नहीं छोड़ेंगे।

बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में पशुधन प्रसार अधिकारी सुष्मिता यादव अपनी टीम के साथ जानवरों को टैगिंग करती रही। वही बाढ़ विस्थापित कैंप में पहुंचे लोगों मैं शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को देखकर दवा वितरण का काम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉ. अरशद अली अंसारी व बाढ़ नोडल अधिकारी हिमांशु श्रीवास्तव ने किया उन्होंने बताया कि वायरल फीवर एवं सर्दी जुकाम के मरीज ज्यादा आए हैं लगभग 40 लोगों को दवा वितरित की गई है।

विस्थापित कैंप में पीने के लिए पानी का टैंकर मोबाइल शौचालय भी खड़ा कराया गया है वही मल्लू खेड़ा गांव निवासी किसान रंजन निषाद ने बताया कि बाढ़ विस्थापित कैंप में अपने परिवार को लेकर सुबह से आ गए हैं लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा राशन या खान की कोई भी वस्तु मुहैया नहीं कराई गई है छोटे-छोटे बच्चे खाने की तलाश में बैठे हैं।

अभयपुर ग्राम प्रधान रामदास निषाद ने बताया कि बिंदकी फॉर्म बेनीखेड़ा, बड़ाखेड़ा, मदारपुर, दरियापुर कटरी सहित कई गांवों में पानी घुस गया है जिससे समस्या विकराल होती जा रही है लोगों के घरों में भी पानी भरने लगा है, जो 14 वर्ष पहले 2010 में ऐसी बाढ देखने को मिली थी लगता है कि इस बार उससे ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

विस्थापित कैंप के किसानों ने बताया कि कैंप में अभी तक ना तो कोई खाने पीने की व्यवस्था की गई है यहां तक की सभी व्यक्तियों को तिरपाल भी मुहैया नहीं हो पाई है जिससे अपने सामान को सुरक्षित रखने में कठिनाई हो रही है वहीं छोटे-छोटे बच्चों को खुले आसमान के नीचे बैठना पड़ रहा है।

## जिला कारागार में आयोजित की गई साक्षरता परीक्षा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारत सरकार के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया। जिसमें पुरुष व महिला बंदियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जेल अधीक्षक ने बताया कि साक्षरता परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले कैदी जो शुरूआत में कारागार में आये थे उनमें से जिन्हे साहित्य एवं लेखन का ज्ञान था। रविवार को जिला कारागार में जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ के निर्देशन में जिला कारागार में आयोजित साक्षरता परीक्षा में निरूद्व बंदियों में से 5 महिला बंदी तथा 45 पुरूष बंदियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव साक्षर बंदियों में से प्रथम/द्वितीय/तृतीय विजेता को पुरस्कार दिया जायेगा।

# कोतवाल पर अभद्रता करने का भाजपाइयों ने लगाया आरोप, मचाया हंगामा

**संवाददाता।** फतेहपुर

**दुष्कर्म** के आरोपी भाजपा नेता डॉ. अमित शर्मा का शहर कोतवाल पर अभद्रता करने का आरोप लगाने व आत्महत्या करने की जानकारी देने का वीडियो वायरल होने के बाद डाक्टर के पक्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर कोतवाल के निलंबन को लेकर जमकर हंगामा किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदर कोतवाल पर मुकदमा दर्ज करने व निलंबन की मांग को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर उन्हें कार्रवाई के लिये शाम 5 बजे तक का समय दिया। वहीं दूसरी ओर दुष्कर्म पीड़िता ने भाजपा नेता अमित शर्मा पर कोर्ट की तारीखों से बचने के लिये महज़ ड्रामा बताया।

शनिवार देर रात्रि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री व नर्सिंग होम ऑनर एसो. के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सदर कोतवाली के प्रभारी तारकेश्वर राय पर उनके साथ अभद्रता किये जाने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या की धमकी दी गयी थी। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता। भाजपा प्रतिनिधिमंडल व एएसपी की वार्ता के दौरान ही कुछ कार्यकर्ता नाराज़गी ज़ाहिर कर हंगामा करने लगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के हंगामे को देख नेताओं व सीओ सिटी सुशील दुबे द्वारा समझा बुझाकर शांत कराया गया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने देर शाम तक कार्रवाई करने का समय देते हुए उसके बाद आलाकमान के निर्देशन पर आगे की रणनीति तय करने की बात कही।

महिला से चल रहा है विवाद: सदर कोतवाल पर आभद्रता का आरोप लगाकर आत्महत्या की धमकी का वीडियो वायरल करने वाले भाजपा नेता अमित शर्मा का पूर्व में एक महिला से विवाद चल रहा है। महिला की ओर से दुष्कर्म, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। इसके अलावा उच्च न्यायालय में मध्यस्था का वाद भी विचाराधीन है। जिसकी 22 सितंबर को ही सुनवाई की तिथि भी थी। एएसपी ने बताया विवाद की वजह: मामले पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि भाजपा नेता पर महिला से विवाद चल रहा है जिस पर सदर कोतवाली में 16 जून 2024 को डा. अमित शर्मा के विरुद्ध 498, 376, 323, 504, 506 समेत अन्य धाराओ में मुकदमा पंजीकृत है।

महिला से पूर्व में विवाद था। सम्पूर्ण प्रकरण की जांच सीओ सदर से कराई जा रही है। जांच के उपरांत कार्रवाई की जायेगी।

# एक जोड़ी चप्पल निकालने कुंए में उतरे तीन लोगों की मौत



**बांदा।** आपको बताते चलें कि यह घटना विशुंडा थाना के बड़ा गांव की है आज दिन में अचानक एक जोड़ी चप्पल कुएं में गिर गई तीन दोस्त थे बोले यह चप्पल निकालना कुआं से जरूरी है कुमार काफी समय से बंद पड़ा था और काफी गहरा था पहले एक व्यक्ति कुएं में उत्तर कर चप्पल निकालने की कोशिश की वह वहीं पर बेहोश हो गया।

फिर दूसरा भाई कुएं में उतर गया। वह भी वहां पर बेहोश हो गया फिर उसका दोस्त तीसरा चप्पल लेने के लिए कुएं में उतर और वह भी बेहोश होकर मूर्छित हो गया गांव वालों ने जब देखा कि तीनों बेहोश हालत में कुएं में पड़े हुए हैं तब जाकर पुलिस और प्रशासन को सूचना दी।

सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम बेबरू, और पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल अग्निशमन टीम पहुंच कर ऑक्सीजन सिलेंडर और मास्क के जरिए नीचे उतरे बचाव दल ने तीनों को निकाल कर बाहर लाये तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी, पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जजे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम हेतु रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेज दिया इधर तीनों के परिवार में त्राहिमाम त्राहिमाम मच गया इस कोहराम से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक बांदा ने बताया कि जो भी ज्यादा से ज्यादा आर्थिक सहायता जिला प्रशासन और शासन से होगी वह उनके परिवार को मुहैया कराई जाएगी जय जहरीली गैस का प्रकरण लगता है ऐसा लगता है इस कुएं में जहरीली गैस निकल रही थी उसी के चलते इन तीनों की दम घुटकर मौत हुई है

# दाल का कटोरा कहे जाने वाले बुंदेलखंड में किसानों का दलहनी फसलों से हुआ मोहभंग

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**बुंदेलखंड** क्षेत्र जो दाल का कटोरा कहा जाता था, यानी पूरे प्रदेश में अकेले दाल की आपूर्ति करने वाला बुंदेलखंड के किसानों का दलहनो फसलों से पूरी तरह मोह भंग होकर पूरा ध्यान धान व गेहूं की फसलों में चला गया है,यही कारण है कि अब यहां के किसानों को खुद दाल खरीदकर पेट भरना पड़ता है। किसानों ने इस खरीफ फसल में कम से कम तीस हजार हेक्टएअर धान की फसल बोयी है जब कि सरकार ने जिले में धान की फसल का लक्ष्य केवल 69 हेक्टएअर रखा था।

जानकारी के मुताबिक बीस साल पहले बुंदेलखंड पूरे उत्तर प्रदेश को दाल की आपूर्ति करने वाला क्षेत्र के नाम से जाना जाता था,सिचाई के अभाव में यह क्षेत्र खरीफ फसल में सत्तर फीसदी भूमि में दलहन की खेती करता था। जिले में बर्तमान में तीन लाख हेक्टेएअर जमीन में खरीफकी फसल बोने का लक्ष्य रखा गया है जिसमे करीब दो लाख हेक्टेएअर भूमि में फसल की बोआयी की जाती है। बाकी जमीन खाली पडी रहती है।

शासन के लक्ष्य के अनुसार बुंदेलखंड में कम पानी की फसले बोई जाने का सख्त आदेश है जिसमे धान का लक्ष्य केवल 69 हेक्टेएअर है, मगर किसान इसके विपरीत कम से कम तीस हजार हेक्टएअर धान की फसल की बोआई करता है,इसी प्रकार ज्वार की फसल बोने का लक्ष्य 11,543 हे. है जबकि किसानों ने केवल 11हजार हेक्टेएअर फसल की बोआयी की है।

बाजरा का लक्ष्य केवल 94 हेक्टेएअर है जिसमे किसानों नें 98 हजार हेक्टेएअर फसल बोयी है। मिलेट्स फसल का लक्ष्य 321 हेक्टे. का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें किसानों ने बहुत ही कम फसल की बोआई की है। उपकृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि शासन ने दलहनी फसलों में उर्द की फसल 20,922 हेक्टे, के विपरीत 21 हजार हेक्टे,मूंग लक्ष्य तीन हजार के विपरीत तीन हजार सात सौ व अरहर की फसल बोने का लक्ष्य 20,165 हेक्टेयर रखा गया था।

जिसमें किसानों ने 21 हजार हेक्टेएअर बोने का दावा किया है। कुल मिलाकर केवल 46 हजार हेक्टेएअर में दलहनी फसल किसानों ने बोया है। जब कि दो दशक पहले केवल दलहनी फसल डेढ़ लाख हेक्टेएअर में फसल बोयी जाती थी। घटते घटते केवल पहले की अपेक्षा पच्चीस फीसदी भूमि में दलहनी फसले बोयी जाती है। चालू वर्ष में किसानों ने रिकार्ड तोड़ धान की बोआई की है। यही नही इसमे जमीन में पिछले साल की अपेक्षा कम से कम पचास फीसदी ज्यादा उर्वरक का प्रयोग भी किया गया है। किसान नेता बलराम दादी व निरंजन सिंह राजपूत,महेश तिवारी,भगवान दास दीक्षित का कहना है कि बुंदेलखंड का किसान गरीबी के चलते कम फसलों वाली फसले भुलाकर अधिक उत्पादन वाली फसले बोने के लिये आतुर है।

क्योंकि वह कम सिचाई वाली फसले तो बोता भी है तो उसे फसलों का वाजिब दाम नही मिल पाता है। कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि धीरे धीरे बुंदेलखंड दाल का कटोरा वाली कहावत समाप्त होती जाती है।

क्योकि जो किसान पूरे सूबे को दाल की आपूर्ति करता था वह स्वयं दाल खरीद कर खा रहा है इसके लिये किसान व नीति बनाने वाले भी दोषी हैं।

## क्विक न्यूज

### सड़क निर्माण में धांधली पर एफ़आईआर दर्ज

**संडीला, हरदोई।** मार्ग निर्माण में अनियमित्ता पाए जाने की पुष्टि के पश्चात एक ग्राम प्रधान को गिरफ़्तार कर लिया गया जबकि चार अन्य सरकारीकर्मियों के विरुद्ध भी एफ़आईआर दर्ज कराई गई है। बीडीओ संडीला प्रतिमा शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि ग्राम प्रधान लोहरई रामकुमार पुत्र स्व बुद्धा ने मनरेगा कार्यों के तहत जो मार्ग निर्माण कराया, उसमें भारी वित्तीय अनियमित्ताएं की गयीं, जिससे लाखों रुपए की सरकारी धनराशि को हड़पा गया है और शासन को गलत सूचना देकर भ्रमित किया गया है। बीडीओ सुश्री शर्मा ने ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार पाल, अंकिता दीक्षित तथा ग्राम पंचायत अधिकारी सत्येन्द्र वीर सिंह एवं तकनीकी सहायक फ़िरोज़ शमी की भी भूमिका को इस प्रकरण में संदिग्ध पाते हुए उनके विरुद्ध भी तहरीर दी, जिसपर कोतवाली में मु0अ0 संख्या 251/24 धारा 409 बीएनएस के अंतर्गत एफ़आईआर दर्ज की गयी। एफ़आईआर दर्ज होने के बाद प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ छापा मारकर वर्तमान ग्राम प्रधान रामकुमार पुत्र स्व0 बुद्धा को गिरफ़्तार करके उन्हें जेल भेज दिया है।

### सूर्य पूजन के साथ छतीसवां मानस सम्मेलन शुरू



**फ रुखाबाद।** छतीसवा मानस सम्मेलन सत्संग भवन पंडा बाग में शुरू हुआ। सुबह विद्वान पंडित रामेंद्र नाथ मिश्र ने वैदिक रीति वेद मंत्रों के साथ स्वस्ति वाचन मंगला चरण के साथ श्री गणेश एवम् देवी देवताओं व सूर्य भगवान का पूजन किया। मुख्य यजमान विशेष पाठक, डा. हेम सिंह उनकी पत्नी मालती देवी, डा. रामबाबू पाठक,आलोक गौड़,अशोक रस्तोगी ने पूजन किया। मानस सम्मेलन में संत शिरोमणि स्वामी रामानंद सरस्वती, संपूर्णानंद सरस्वती, शयामानंद जी महाराज, संपूर्णानंद महाराज, सुखदेवानंद, राजेश्वरानंद, रामेश्वरानंद महाराज, लक्ष्मीनारायण महाराज, देवीनंद महाराज, शिवानंद महाराज, विद्यानंद महाराज आदि ग्यारह संतो ने मंच से आशीर्वाद दिया।

### भाकियू राष्ट्रीयतावादी की युवा जिला इकाई गठित

**फतेहपुर।** भा.कि.यू. राष्ट्रीयतावादी के प्रदेश उपाध्यक्ष शाहिद शेख ने संगठन विस्तार करते हुए युवा जिला इकाई गठित करते हुए पदाधिकारियों का मनोनयन किया। ठा. रिशू चंदेल को युवा जिलाध्यक्ष, राकेश यादव युवा संरक्षक, अभिनाष तिवारी युवा जिला उपाध्यक्ष, मनीष तिवारी युवा जिला उपाध्यक्ष, शिव शंकर मौर्य युवा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, योगेश गुप्ता युवा जिला उपाध्यक्ष, अमन विश्वकर्मा युवा जिला मीडिया प्रभारी, ज्ञान सिंह युवा जिला प्रचारक मंत्री, डा. पुत्तन सिंह यादव कार्यालय प्रभारी, योगेश शुक्ला युवा जिला उपाध्यक्ष, सौरभ यादव युवा संगठन मंत्री, अनीस अहमद जिला उपाध्यक्ष, छोटू सिद्दीकी युवा जिला संगठन मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा जिला सचिव के पद पर अलीम अहमद, तहसील खागा के उपाध्यक्ष पद पर हरीश चन्ददानी को शामिल किया गया है।

### गैस सिलेंडर में आग लगने से पांच लोग झुलसे

**राठ, हमीरपुर।** रविवार को खाना बनाने के लिए जलाई जा रही घरेलू गैस सिलेंडर में आग लग गई। इस दौरान दो महिलाओं सहित पांच लोग झुलस गए। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने दो महिलाओं को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। सूचना पर तहसीलदार कुमार भूपेंद्र ने सीएचसी में पहुंच आग से झुलसे लोगों से जानकारी ली। मुस्करा थाने के भैसाएं गांव निवासी सत्येन्द्र ने बताया कि रविवार की सुबह करीब नौ बजे उसकी पत्नी रेखा खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जला रही थी। तभी सिलेंडर लीकेज होने पर आग लग गई। आग से उसकी पत्नी झुलस गई। जब वह व उसका भाई अमित, रेखा पत्नी दयाशंकर बचाने गए तो वह भी आग से झुलस गए। वहीं उसका पांच वर्षीय पुत्र राजा भी आग की चपेट में आकर झुलस गया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि रेखा पत्नी सत्येन्द्र रेखा पत्नी दयाशंकर 40 फीसदी झुलस गए हैं। जिन्हें मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार सफाई कर्मी की मौत

**फर्रुखाबाद।** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सबार सफाई कर्मी को कुचल दिया। निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गयी। परिजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर आये।थाना शमसाबाद के निकट ताड़ वाली हवेली निवासी 35 वर्षीय राहुल कुमार शर्मा ग्राम पंचायत सिरोली में सफाई कर्मी के पद पर तैंनात था। सुबह वह बाइक से डियूटी पर जा रहा था। सिरोली के निकट उसको तेज रफ्तार ट्रक नें कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया गया जहाँ से परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पंहुचे जहाँ उपचार के दौरान मौत हो गयी।

# सपा की बैठक में उठा कायमगंज चीनी मिल के चुनाव एवं बाढ़ पीड़ितों का मुद्दा

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**जिला** समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद की मासिक बैठक सपा मुख्यालय आवास विकास स्थित लोहियापुरम में जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसको ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारीयों के साथ विधानसभा प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी है कि वह बाढ़ पीड़ितों के क्षेत्र में जाकर प्रतिदिन जनता को राशन पानी और दवाई की मदद करें।

साथ ही उन्होंने जिला महासचिव जहान सिंह लोधी को बैठक में लगातार अनुपस्थित हो रहे लोगों को नोटिस जारी कर जवाब तलब करने को कहा और कहा जो पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण बैठकों में नहीं आते हैं उनकी सूचना प्रदेश कार्यालय को भेजी जाएगी। किसी भी बैठक से पहले विधानसभा अध्यक्ष को उनकी विधानसभा के प्रभारीयों से अनुमति लेने के बाद ही कोई मीटिंग करनी होगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अभी हाल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फतेहगढ़ में जलाया गया है इससे साफजाहिर है कि भाजपा वाले पीडीए के लोगों का सम्मान नहीं करते हैं हमें यह बात जन-जन तक और गांव में जाकर के बतानी होगी। इस अवसर पर विजय यादव ने पार्टी कार्यालय में दस हजार का अंशदान भी दिया। उन्होंने संघर्षशील नेताओं को सम्मानित करने का भी सुझाव दिया। इस मौके पर जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने कहा भाजपा गुंडो की पार्टी है वह पुलिस प्रशासन के माध्यम से लोगों को प्रताड़ित कर रही है। जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने भाजपा द्वारा भोलेपुर पुल का खराब निर्माण करने की बात कही। इस मौके पर जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने कहा की पार्टी नेतृत्व द्वारा जो विभिन्न बिंदुओं की जानकारी जनपद से प्राप्त की जा रही है उससे बेशक फर्रुखाबाद जनपद में हमारी पार्टी एकजुट व मजबूत होगी।

## बाढ़ के पानी में डूबे युवक की मौत, एक दिन बाद मिला शव

**फर्रुखाबाद।** खेतों से चारा काटकर घर आ रहे युवकों की नाव पलट गयी। जिससे तीन युवक डूब गए। ग्रामीणों ने दो युवकों को बचा लिया। जबकि एक युवक डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक का शव 24 घंटे के बाद बरामद कर पायाए शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गयाए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव बहबलपुर निवासी नीतेश राजपूत अपने दो साथियों हरदौल व प्रताप सिंह के साथ शनिवार सुबह नाव से चारा लेने खेतों की तरफगए थे। खेतों में बाढ़ का पानी भरा है। जिससे ग्रामीण चारा लाने के लिए नाव का उपयोग करते हैं। चारा लाते समय अचानक नाव पलट गयी। जिससे तीनों युवक डूबने लगे। वहां मौजूद ग्रामीणों ने हरदौल व प्रताप सिंह को बचा लिया। जबकि नीतेश गहरे पानी में डूब गया। गोताखोरों की कड़ी मशक्कत से 24 घंटे बाद शव को निकाला गया।

# कांग्रेस एवं सेवादल संगठन की बैठक रसूलाबाद में हुई सम्पन्न



**कानपुर देहात।** जिला कांग्रेस सेवादल के आवाह्न पर काग्रेस एवं सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में जिला महासचिव सलोने पाठक के आवास पर बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कृष्णकांत द्विवेदी ने की। बैठक में काग्रेस संगठन बढ़ाने सेवादल को आगे लाने जनता की स्थानीय समस्याओं से रूबरू होने आदि पर विशेष बल दिया गया। वहीं आगामी 2 अक्टूबर को दो महापुरुषों गान्धी व शास्त्री के जन्म दिवस को मनाए जाने आदि पर उपस्थित काग्रेस जनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पर्यवेक्षक सेवादल उपेंद्र शुक्ल अध्यक्ष ब्यापार मंडल आनंद बाबू द्विवेदी पूर्व प्रत्याशी मनोरमा संखवार ठाकुर जितेंद्र सिंह आशुतोष पाठक तीरन सिंह रामनारायण सिंह आदि रहे वहीं जिलाध्यक्ष सेवादल राम औतार दीक्षित ने बैठक का संचालन कर सभी से काग्रेस के लिए एकजुट रहने सेवादल को जिले स्तर पर बढाने में सभी से सहयोग करने युवा लोगों को आगे लाने आदि पर बल दिया। वहीं सबके समर्थन पर काग्रेस के रामनारायण सिंह कोजिला उपाध्यक्ष सेवादल मनोनीत किया।

# रनियां फैक्ट्री हादसे में मृतक संख्या छह पहुंची, दो आरोपी हुए गिरफ्तार


**संवाददाता।** कानपुर देहात

रनियां क्षेत्रान्तर्गत आरपी पॉली पैक/फोम फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से आग लग जाने की घटना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य व अग्निशमन दल द्वारा की जा रही आग बुझाने की कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए आग पर काबू पा लिया गया था तथा घायलों को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया था। फैक्ट्री में एक बड़ा टिन शेड़ गिरा हुआ था, जिसको अग्निशमन विभाग तथा एसडीआरएफ की सहायता से हटाने पर मलबे से 3 शव बरामद हुए हैं। जिनके बारे में जानकारी करने पर परिजनों तथा फैक्ट्री कर्मियों द्वारा उनकी पहचान प्राशुं पुत्र धर्मेन्द्र उम्र करीब 19 वर्ष निवासी सुजौर थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात, लवकुश पुत्र अशर्फीलाल उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम अनन्तापुर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात, मनोज पुत्र रामखिलावन उम्र करीब 17 वर्ष निवासी ग्राम मुडरा शाही थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के रूप में की गयी है।

घायलों को बेहतर उपचार हेतु कानपुर नगर व लखनऊ व जिला अस्पताल कानपुर देहात में भर्ती कराया गया था, जिनमें से कानपुर नगर में उपचाराधीन अमित पुत्र लालता प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम अनन्तापुर थाना बरौर जनपद कानपुर देहात तथा लखनऊ में उपचाराधीन अजीत पुत्र रामशंकर उम्र करीब 16 वर्ष निवासी ग्राम झरिया थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात व विशाल पुत्र मथुरा उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम झरिया थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है।

उक्त घटनाक्रम में सख्त रूख अपनाते हुए विधिक कार्यवाही के तहत फैक्ट्री को सीज कर दिया गया है तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए फैक्ट्री संचालन करने, जिससे 06 लोगों की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रनियां पुलिस द्वारा 2 नामजद अभियुक्तगण शशांक गर्ग पुत्र अजय अग्रवाल निवासी 7/76 तिलकनगर थाना स्वरूपनगर जनपद कानपुर नगर, शिशिर गर्ग पुत्र अजय अग्रवाल निवासी 7/76 तिलकनगर थाना स्वरूपनगर जनपद कानपुर नगर को आज दिनांक 22.09.2024 को खानपुर खडंजा मोड जनपद कानपुर देहात गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अन्य अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## मुकेश कुमार सिंह ग्रामीण पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष निर्वाचित



**संडीला, हरदोई।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में युवा पत्रकार मुकेश कुमार को सर्वसम्मति से ग्रापए का तहसील अध्यक्ष चुना गया। ग्रापए के तहसील कार्यालय पर उपस्थित पत्रकारों ने सबसे पहले वरिष्ठ पत्रकारों सर्वश्री वसीम अहमद सिद्दीकी, डॉ0 कृष्ण गोपाल गुप्ता तथा राजेश कुमार गुप्ता का माल्यार्पण और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में वरिष्ठ पत्रकारों ने पत्रकारिता की चुनौतियों, कार्य करने के तौर तरीकों, समाचार लेखन की बारीकियों को पत्रकारों के समक्ष साझा करते हुए उन्हें प्रत्येक दशा में संगठित रहकर पत्रकारिता करते हुए समाजसेवा का अह्वान किया। इसी अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने युवा पत्रकार मुकेश कुमार सिंह को सर्वसम्मति से तहसील अध्यक्ष चुना और उन्हें सम्मानित भी किया।

# पत्रकार महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

**संवाददाता।** लखीमपुर, खीरी



**पत्रकार** महासंघ की नई कार्यकारिणी के गठन व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन रविवार को राष्ट्रीय सहारा कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्रा ने की। बैठक का संचालन करते हुए पत्रकार गुफरान अहमद ने संगठन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। पत्रकार महासंघ की नई कार्यकारिणी के गठन के सन्दर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक खीरी रोड स्थित राष्ट्रीय सहारा कार्यालय पर आहूत की गई। बैठक में जनपद मुख्यालय के लगभग सभी समाचारपत्रों से जुड़े तमाम प्रमुख संवाददाता मौजूद रहे।

बैठक में कार्यकारिणी के गठन, शपथ ग्रहण समारोह सहित तहसील व ब्लॉक प्रभारियों के चयन पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कमल मिश्रा ने कहा कि पत्रकार महासंघ पुराना संगठन है, लेकिन इस बार चुनाव प्रक्रिया न करके सभी सदस्यों की सहमति से पदाधिकारी चुने जाएंगे। वरिष्ठ पत्रकार गंगेश उपाध्याय ने कहा कि इस संगठन मे उन्ही लोगों को जगह दी जाएगी जो किसी न किसी मीडिया संस्थान से अधिकृत रूप से जुड़े हों।

वरिष्ठ पत्रकार अजय द्विवेदी ने कहा कि वर्षों पूर्व इस संगठन का गठन हुआ था जो किन्ही कारणोंवश निष्क्रिय हो गया था, लेकिन सभी के प्रयास से पत्रकार महासंघ पुन: सक्रिय हो रहा है। वरिष्ठ पत्रकार श्याम जी अग्निहोत्री ने कहा कि पत्रकारिता एक जोखिम भरा कार्य है, पत्रकारों को वर्तमान समय में संगठित होने की जरूरत है। पत्रकार महासंघ से जुड़ने के लिये किसी उम्र व जाति की सीमा नही है। उन्होने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि इस संगठन में सभी अनुभवी एवं किसी न किसी अद्भुत प्रतिभा के धनी पत्रकार जुड़े हैं। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों की जायज मांगों को सही पटल पर गंभीरता से प्रस्तुत करना एवं अपने संगठन के द्वारा समाज को भी नई दिशा प्रदान करना भी होगा।

अधिवक्ता व वरिष्ठ पत्रकार मो0 सईद खान ने कहा कि आज बहुत ही गर्व और खुशी का दिन है कि पत्रकार इस संगठन के माध्यम से अब और भी आपस में सामंजस्य बनाने में सफल होंगे। वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार गौड़ ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह संगठन सभी वर्गों के लिये आने वाले समय में अपनी कार्य प्रणाली से एक मील का पत्थर साबित होगा।

हम सभी का सौभाग्य है कि इस संगठन में आज मौजूद सभी पत्रकार साथी पत्रकारिता जगत में एक अलग प्रतिभा के धनी हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ पत्रकार नन्द कुमार मिश्रा ने कई पुराने ऐतिहासिक और बेहद रोचक संस्मरण सुनाते हुए कहा कि हमारे कार्यकाल में हमेशा पत्रकार हर एक से सम्मानजनक तरीके से कार्य कराने में सफल होते थे और हर वर्ग चाहें वह प्रशासनिक हो, राजनीतिक हो, समाजसेवी हो बेहद सम्मान की दृष्टि से हम सभी पत्रकारों का सम्मान करते थे और हर जायज बात को गंभीरता से सुनने के उपरांत मानते थे।

# रेलवे त्योहारों के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वालों पर कसेगा शिकंजा

**भाषा।** नई दिल्ली



**रेल** मंत्रालय ने त्योहारों के दौरान पुलिसकर्मियों सहित बिना टिकट यात्रियों पर नजर रखने के लिए एक विशेष टिकट जांच अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेल मंत्रालय ने 20 सितंबर को 17 जोन के महाप्रबंधकों को लिखे पत्र में बिना टिकट और अनधिकृत यात्रियों के खिलाफ एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर और 25 अक्टूबर से 10 नवंबर की अवधि के बीच विशेष अभियान शुरू करने और 1989 के रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के तहत उचित कार्वाई करने को कहा है। विभिन्न रेल मंडलों में चल रहे नियमित अभियान का हिस्सा रहे रेलवे के वाणिज्यिक अधिकारियों के मुताबिक त्योहारों के दौरान भीड़ होती है और उस समय आम लोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी उनके निशाने पर होंगे क्योंकि वे शीर्ष उल्लंघनकर्ताओं में से हैं।

एक अधिकारी ने बताया, गाजियाबाद और कानपुर के बीच हमारे हालिया औचक निरीक्षण में, हमने सैकड़ों पुलिसकर्मियों को विभिन्न एक्सप्रेस और मेल ट्रेन के वातानुकूलित डिब्बों में बिना टिकट यात्रा करते हुए पाया। जब हमने उन पर जुर्माना लगाया, तो शुरू में उन्होंने भुगतान करने से इनकार कर दिया और हमें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने कहा, हम निडर रहे और उनसे भुगतान कराया। यात्रियों की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक थी क्योंकि वे पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्वाई देखकर खुश और हतप्रभ थे।

उत्तर मध्य रेलवे जोन के टिकट निरीक्षकों ने बताया कि वे पुलिसकर्मियों और अन्य अनधिकृत यात्रियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं क्योंकि वे वैध टिकट वाले यात्रियों के लिए परेशानी पैदा करते हैं। हाल के दिनों में बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए पुलिसकर्मियों की संख्या के बारे में पूछे जाने पर प्रयागराज मंडल के एक रेलवे प्रवक्ता ने बताया, हम पुलिसकर्मियों के लिए अलग से आंकड़े नहीं रखते हैं। लेकिन पिछले तीन महीनों में यानी जून, जुलाई और अगस्त में बिना टिकट यात्रा करने पर उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) क्षेत्र के अंतर्गत केवल प्रयागराज मंडल में ।,17,633 यात्रियों को अनधिकृत रूप से यात्रा करते हुए पकड़ा गया पर उनपर 9,14,58,171 रुपए का जुर्माना लगाया गया। ट्रेन टिकट परीक्षकों का भी मानना है कि पुलिसकर्मी सबसे अधिक समस्या उत्पन्न करते हैं क्योंकि वे न केवल बिना टिकट यात्रा करके कानून तोड़ते हैं, बल्कि वैध यात्रियों को जबरन अपनी सीट साझा करने के लिए मजबूर करते हैं और कार्वाई पर रेलवे कर्मचारियों के साथ झड़प करते हैं। भारतीय रेलवे टिकट जांच कर्मी संगठन (आईआरटीसीएसओ) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा, बिना टिकट पुलिसकर्मियों के साथ व्यवहार करना एक वास्तविक दु:स्वप्न है क्योंकि वे न केवल हमारे साथ दुर्व्यवहार करते हैं बल्कि हमें परेशान करने के लिए अक्सर फर्जी मामले दर्ज करने की धमकी देते हैं। चंद्र शेखर गौड़ नामक व्यक्ति द्वारा आरटीआई अधिनियम के तहत किए गए आवेदन पर रेलवे ने बताया कि वित्तवर्ष 2023-24 में 361.045 लाख यात्रियों को बिना टिकट या अनधिकृत टिकट के यात्रा करते पकड़ा गया और उनसे 2231.74 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला गया।

## कानपुर में रेल पटरी पर सिलेंडर मिला चालक ने मालगाड़ी रोकी, हादसा टाला

**कानपुर।** कानपुर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के निकट रेल की पटरी पर रविवार सुबह एक गैस सिलेंडर मिला, जिसके बाद लोको पायलट (चालक) ने मालगाड़ी रोक दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मालगाड़ी के लोको-पायलट द्वारा आपातकालीन ब्रेक लगाने के बाद रविवार सुबह एक और ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश नाकाम हो गई। अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब मालगाड़ी कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही थी। लगभग एक महीने के भीतर यह तीसरी घटना है, जब रेल सेवा को बाधित करने की कोशिश की गई है। रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि आज सुबह लगभग आठ बजकर 10 मिनट पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पुलिस ने सूचना दी कि प्रेमपुर स्टेशन से इलाहाबाद की तरफ जाने वाले रेलवे मार्ग पर लाल रंग का एक सिलेंडर पटरी पर रखा हुआ है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस ने तत्काल प्रेमपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। यह पाया गया कि लाल रंग का खाली सिलेंडर पटरी पर रखा हुआ था। कानपुर पूर्व के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों को सतर्क किया, जिन्होंने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और कानपुर पुलिस को सूचना दी और मामले की जांच शुरू की गई। डीसीपी ने बताया कि मालगाड़ी के लोको पायलट ने पांच किलोग्राम वजन का एलपीजी सिलेंडर देखा, जिसके बाद आपातकालीन ब्रेक लगाकर कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही मालगाड़ी को रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों को काम पर लगाया गया और फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी बुलाया गया। उन्होंने पाया कि एलपीजी सिलेंडर खाली था। अभी लगभग 15 दिन पहले ही प्रयागराज से भिवानी की ओर जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को शिवराजपुर क्षेत्र में पटरी पर एलपीजी सिलेंडर रखकर पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी। ट्रेन रुकने से पहले सिलेंडर से टकरा गई थी और ट्रेन की चपेट में आने से सिलेंडर पटरी से दूर जा गिरा था। इसी तरह कुछ दिनों पहले कानपुर-कासगंज रेल मार्ग पर पटरी के बीच गैस सिलेंडर रखकर ट्रेन पलटाने की कोशिश की गई थी। दोनों ही मामलों में जांच की जा रही है। लगभग एक महीने की भीतर यह तीसरी घटना है।

# सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत के खिलाफ मारपीट का मुकदमा हुआ दर्ज

**अयोध्या।** फैजाबाद (अयोध्या) से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद के खिलाफ अपहरण, धमकी देने और मारपीट के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सपा सांसद ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि उनका बेटा मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को यहां कोतवाली शहर पुलिस थाना में रवि तिवारी नामक व्यक्ति ने प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि यह कथित घटना शनिवार दोपहर फैजाबाद शहर में स्टेट बैंक मुख्य शाखा चौराहे के पास एक जमीन खरीद में कमीशन को लेकर विवाद के बाद हुई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुकदमा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 140 (3) (अपहरण), 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 191 (3) (घातक हथियार से लैस होकर बलवा करना), 351 (3) (जान से मारने की धमकी देना) के तहत दर्ज किया गया है।उन्होंने बताया कि यह घटना कथित तौर पर एक जमीन खरीद मामले में कमीशन को लेकर विवाद के बाद शनिवार दोपहर फैजाबाद शहर में भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के चौराहे के पास हुई। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि अजीत प्रसाद और पांच-छह अन्य लोगों ने तिवारी पर हमला किया, धमकी दी और उसका अपहरण कर लिया।अजीत प्रसाद प्रॉपर्टी डीलिंग व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।अवधेश प्रसाद के लोकसभा सदस्य चुने जाने और विधानसभा सीट से उनके इस्तीफे के कारण होने वाले उपचुनाव में अजीत प्रसाद के समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मिल्कीपुर सीट से उपचुनाव लड़ने की संभावना है। हालांकि, सपा ने आधिकारिक तौर पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। शिकायतकर्ता अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पलिया रिसाली गांव का रहने वाला है। शहर कोतवाली के प्रभारी अश्विनी पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए हैं और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने अपने बेटे पर मुकदमा दर्ज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आरोप निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, अखिलेश यादव (सपा अध्यक्ष) ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए मेरे बेटे को उम्मीदवार बनाया है और सपा यह सीट जीत रही है, जिससे भाजपा बेचैन है। प्रसाद ने दावा किया कि उनके बेटे के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने भाजपा पर रौनाही थाना क्षेत्र में पुलिस अत्याचार के खिलाफ आंदोलन को दबाने की साजिश करने का आरोप लगाया। आंदोलन में दुखीराम नाम के व्यक्ति की मौत हो गई थी।

## कांग्रेस केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी

**कोलकाता।** कांग्रेस की बंगाल इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी केंद्र और राज्य दोनों में सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ आवाज उठाना जारी रखेगी। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस संगठन के कमजोर होने की बात स्वीकार करते हुए सरकार ने कहा कि वह पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और प्रदीप भट्टाचार्य के साथ परामर्श कर इसे मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। सरकार ने यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय विधान भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी इनमें से किसी भी सरकार द्वारा राज्य में उद्योग स्थापित करने जैसे किसी भी रचनात्मक प्रयास का समर्थन करेगी।सरकार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राज्य में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को भी उठाएंगे और दुर्गा पूजा के बाद लोगों तक पहुंचेंगे। राज्य में विधानसभा चुनाव 2026 में होगा। कांग्रेस और वाम मोर्चा दोनों ही चुनावी गठबंधन में 2021 का चुनाव लड़ने के बावजूद राज्य विधानसभा में एक भी सीट जीतने में असफल रहे थे। इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने राज्य की 42 सीट में से एक पर जीत हासिल की थी। हालांकि, सरकार ने पश्चिम बंगाल में अपने चुनावी



सहयोगी वाम मोर्चा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ कांग्रेस के भविष्य के समीकरणों से संबंधित सवाल को टालते हुए कहा कि उनका प्राथमिक काम राज्य में पार्टी संगठन को मजबूत करना है। संबंधित दल भाजपा से लड़ने के लिए गठित किए गए विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं। नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह राज्य में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अपने पूर्ववर्तियों अधीर रंजन चौधरी और प्रदीप भट्टाचार्य के साथ-साथ जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से मार्गदर्शन लेंगे। उन्होंने कहा, हम अपने नेता राहुल गांधी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर काम करेंगे और किसी से नहीं डरेंगे तथा न ही किसी को डराएँगे। उन्होंने कहा कि पार्टी लोगों के हितों के पक्ष में बात करेगी।

## राहुल ने लोगों से वायनाड जाने और वहां पर्यटन उद्योग को पुनः पटरी पर लाने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को लोगों से वायनाड जाने और इसकी सुंदरता का अनुभव करने का आग्रह किया ताकि हाल में भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित इस क्षेत्र में पर्यटन उद्योग पुन: पटरी पर आ सके। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे वायनाड घूमने जाएं, जिससे वहां आजीविका के अवसर बढ़ सकें और इसकी जीवंतता को बहाल किया जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि हाल की भूस्खलन त्रासदी से केवल मुंडक्कई क्षेत्र ही प्रभावित हुआ है, लेकिन इससे यह गलत धारणा बन गई है कि पूरा वायनाड प्रभावित हुआ है, जिसके कारण पर्यटन में भारी गिरावट आई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, वायनाड बेहद खूबसूरत है, और इसके लोगों की करुणा व दयालुता ने हमेशा मुझे वहां खींचा है। आज, बहुत से लोग जो अपनी आजीविका के लिए पर्यटन पर निर्भर हैं, वे मदद के लिए आप सभी की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि वायनाड अभी भी जीवंत और मेजबानी करने वाला क्षेत्र है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप इसकी खूबसूरती का अनुभव करें और पर्यटन को पुनर्जीवित व आजीविका के अवसर बहाल करने में मदद करें। इस महीने की शुरुआत में गांधी ने कहा था कि वायनाड में पर्यटन को पुन: पटरी पर लाने के लिए ठोस प्रयास करना जरूरी है और लोगों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि हाल में हुए भूस्खलन के बाद ए धारणा दूर हो सके कि यह एक खतरनाक स्थान है।

## झारखंड में आतंकी संगठन एक्यूआईएस से जुड़े आठ व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया

**रांची।** झारखंड में सुरक्षाबलों ने बृहस्पतिवार को विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर आतंकी संगठन अलकायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) से कथित तौर पर जुड़े आठ लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से मिली सूचना के बाद झारखंड के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस), विशेष कार्य बल (एसटीएफ), रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त रूप से रांची, हजारीबाग और लोहरदगा में कुल 16 स्थानों पर छापेमारी की। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता और महानिरीक्षक (परिचालन) अमोल वी होमकर ने संवाददाताओं से कहा, अब तक आठ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। इस अभियान में कुछ अवैध हथियार, लैपटॉप, कई मोबाइल फोन और संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए हैं। छापेमारी अभी जारी है। उन्होंने कहा कि संदिग्धों से पूछताछ और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद कानून के अनुसार आगे की कार्वाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, एक बार चल रहा अभियान समाप्त हो जाए, तो हम आगे की जानकारी साझा करेंगे।

## मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास के लिए सरकार उच्च स्तरीय समिति बनाएगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र के और विकास के लिए खाका तैयार करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का रविवार को निर्णय लिया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पशुपालन, मत्स्यपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह के बीच यहां कृषि भवन में हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मत्स्य पालन के क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा किए गए अनुसंधान पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए मॉडल फार्म विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कृषि मंत्रालय ने बयान में कहा, इस संबंध में मत्स्य पालन के क्षेत्र में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा मत्स्य पालन के क्षेत्र में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय तथा आईसीएआर के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। बयान के अनुसार, समिति नियमित बैठकें करेगी और खाका तैयार करेगी। चौहान ने कहा कि वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों को एकजुट करने की आवश्यकता है। बैठक में मत्स्य पालन सचिव अभिलक्ष लिखी, आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण पूरा

**पुरी।** (भाषा) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण रविवार को पूरा कर लिया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढी ने बताया कि रत्न भंडार के अंदर कोई गुप्त कक्ष या सुरंग है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए तकनीकी सर्वेक्षण का दूसरा दौर तीन दिन (21 से 23 सितंबर) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन यह दो दिन में ही पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि एसजेटीए ने रत्न भंडार के सर्वेक्षण के दौरान अपराह्न एक बजे से शाम छह बजे तक श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने से रोक दिया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, चूंकि एएसआई ने पहले ही सर्वेक्षण पूरा कर लिया है, इसलिए सोमवार को श्रद्धालुओं के प्रवेश पर कोई पाबंदी नहीं होगी। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक ने कहा कि सर्वेक्षण के निष्कर्षों



को एएसआई रिपोर्ट से जाना जा सकता है। पाढी ने कहा, हमें उम्मीद है कि एएसआई जल्द ही सरकार के मूल्यांकन के लिए अपनी सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उन्होंने कहा कि एएसआई द्वारा संरक्षण कार्य पूरा होने के बाद रत्न भंडार के अंदर संग्रहित सभी कीमती वस्तुओं और आभूषणों की सूची बनाई जाएगी। तकनीकी दल में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई), हैदराबाद के विशेषज्ञ भी शामिल थे। रत्न भंडार सूची समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए मंदिर में प्रवेश किया। उन्होंने कहा, एएसआई से रिपोर्ट मिलने के बाद, हम भविष्य का कदम तय करेंगे। एनजीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक आनंद कुमार पांडे ने यहां संवाददाताओं से कहा, भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से, सर्वेक्षण दो दिनों में पूरा हो गया। हमने सभी मानचित्रण किए और विशाल डेटा तैयार किया। हम वापस जाने के बाद डेटा को संसाधित करेंगे और रिपोर्ट तैयार करेंगे। रिपोर्ट तैयार करने से पहले डेटा का सात चरणों में विश्लेषण किया जाएगा। सर्वेक्षण का पहला दौर 18 सितंबर को हुआ था, जब एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक जे. शर्मा के नेतृत्व में 17 सदस्ईय तकनीकी टीम ने पाढी और न्यायमूर्ति रथ की उपस्थिति में रत्न भंडार का प्रारंभिक निरीक्षण और इसकी लेजर स्कैनिंग की थी। एसजेटीए ने 18 सितंबर को, एएसआई को पत्र लिखकर दशहरा और कार्तिक महीने के दौरान भगवान जगन्नाथ के विशेष अनुष्ठानों के मद्देनजर 24 सितंबर तक तकनीकी सर्वेक्षण पूरा करने का अनुरोध किया था। मंदिर में दुर्गा पूजा के अनुष्ठान 24 सितंबर को शुरू होंगे। एक अधिकारी ने कहा कि मंदिर प्रशासन ने रत्न भंडार के बाहरी और आंतरिक कक्षों से सभी कीमती सामान और आभूषणों को स्थानांतरित कर दिया है और उन्हें मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थाई कक्ष में संग्रहित किया है। उन्होंने कहा कि सभी गतिविधियां राज्य सरकार की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार की जा रही हैं।

## पेज 1 का शेष

### केजरीवाल...

इस कानून के तहत लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, बीसी खंडूरी, कलराज मिश्र और शांता कुमार जैसे कई दिग्गज और बड़े नेताओं को रिटायर कर दिया गया। अब अमित शाह कह रहे हैं कि ये नियम पीएम नरेंद्र मोदी पर लागू नहीं होगा। लेकिन आरएसएस प्रमुख से पूछना चाहता हूं कि क्या वह इससे सहमत हैं कि जो नियम लाल कृष्ण आडवाणी पर लागू हुआ, वह नियम मोदी जी पर लागू नहीं होना चाहिए। पूरा देश आज मोहन भागवत से ये प्रश्न पूछ रहा है। केजरीवाल ने कहा वह उम्मीद करते हैं कि आरएसएस प्रमुख इन सवालों का जवाब देंगे। जब केजरीवाल सभा को संबोधित कर रहे थे, तब भाजपा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जंतर-मंतर से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर कॉनॉट प्लेस में उनके और आप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा ने इसी मुद्दे पर राजघाट पर केजरीवाल के खिलाफ एक और विरोध प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, जंतर-मंतर आप के खास नीले और पीले रंग से सराबोर था, क्योंकि सैकड़ों समर्थकों ने इलाके को बैनरों से पाट दिया था।

### थिएटर...

इसमें कहा गया कि नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए कि पृथ्वी के लिए अधिक स्वच्छ, समावेशी, अधिक सुरक्षित और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण के प्रयासों की सफलता के वास्ते अमेरिका-भारत के बीच निकट साझेदारी महत्वपूर्ण है। तथ्य-पत्र में कहा गया है, राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी ने हरित ऊर्जा अनुप्रयोगों और अगली पीढ़ी के दूरसंचार, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उन्नत संवेदन, संचार और विद्युत इलेक्ट्रॉनिक पर केंद्रित एक नया सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए अहम व्यवस्था किए जाने की सराहना की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सुरक्षा एवं नवोन्मेष(आईटीएसआई) कोष के संबंध में अमेरिकी विदेश मंत्रालय और भारत सेमीकंडक्टर मिशन, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच नई रणनीतिक साझेदारी की भी सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिकी, भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मोटर वाहन बाजारों के लिए सुरक्षित, संरक्षित और लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के मकसद से उठाए गए कदमों का स्वागत किया, जिसमें वैश्विक बाजारों में निर्यात के लिए विनिर्माण के वास्ते अपने चेन्नई संयंत्र का उपयोग करने के लिए फोर्ड मोटर कंपनी द्वारा आशय पत्र प्रस्तुत करना भी शामिल है। राष्ट्रपति बिडेन द्वारा आयोजित विलमिंगटन में क्वाड नेताओं की बैठक को समाप्त करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे।

## लेनदेन शुल्क लगा, तो यूपीआई का प्रयोग बंद कर देंगे 75% उपयोगकर्ता : सर्वेक्षण

**भाषा।** नई दिल्ली

**यूपीआई** सेवा पर यदि किसी तरह का लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। लोकलसर्किल्स के रविवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, 38 प्रतिशत उपयोगकर्ता अपना 50 प्रतिशत भुगतान लेनदेन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या किसी अन्य प्रकार के डिजिटल माध्यम के बजाय यूपीआई के जरिए करते हैं। सर्वे कहता है कि सिर्फ 22 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क का बोझ उठाने को तैयार हैं। वहीं 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगर लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो वे यूपीआई का उपयोग करना बंद कर देंगे।

यह सर्वे तीन व्यापक क्षेत्रों पर किया गया है। इसमें 308 जिलों से 42,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। हालांकि प्रत्एक प्रत्एक प्रश्न पर उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी। यूपीआई पर लेनदेन शुल्क से संबंधित प्रश्न को लेकर 15,598 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लेन-देन की मात्रा में रिकॉर्ड 57 प्रतिशत और मूल्य में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। पहली बार किसी वित्त वर्ष में यूपीआई लेन-देन 100 अरब को पार कर गया है। यह 2023-24 में 131 अरब रहा, जबकि 2022-23 में यह 84 अरब था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के लिहाज से यह ।,39,100 अरब रुपए से बढ़कर ।,99,890 अरब रुपए पर पहुंच गया है। सर्वे के अनुसार, 37 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने मूल्य के लिहाज से अपने कुल भुगतान के 50 प्रतिशत से अधिक के लिए यूपीआई लेन-देन खातों को साझा किया। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है, यूपीआई तेजी से 10 में से चार उपभोक्ताओं के भुगतान का अभिन्न अंग बन रहा है। इसलिए किसी भी तरह का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष लेनदेन शुल्क लगाए जाने का कड़ा विरोध हो रहा है। लोकलसर्किल्स इस सर्वेक्षण के निष्कर्षों को वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के साथ आगे बढ़ाएगा, ताकि किसी भी एमडीआर शुल्क की अनुमति देने से पहले यूपीआई उपयोगकर्ता की नब्ज को ध्यान में रखा जा सके। यह सर्वे 15 जुलाई से 20 सितंबर के बीच ऑनलाइन आयोजित किया गया था।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने कोचिंग सेंटर से छात्रों को एक करोड़ वापस दिलाए

**नई दिल्ली( भाषा )।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों और अभ्यर्थियों को कोचिंग नामांकन शुल्क के रूप में एक करोड़ रुपए की वापसी कराई है। इसमें संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी शामिल हैं। सरकार ने रविवार को बताया कि देश में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग सेंटर में प्रवेश लेने वाले वाले छात्रों की शिकायत के बाद उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के हस्तक्षेप से रिफंड की प्रक्रिया मुकदमे के बिना पूरी कर ली गई। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा, यह कार्वाई यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है कि कोचिंग संस्थान निष्पक्ष व्यवहार का पालन करें और उपभोक्ताओं के अधिकारों का सम्मान करें। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि कोचिंग सेंटरों द्वारा अनुचित व्यवहार, विशेष रूप से नामांकन शुल्क वापस करने से इनकार करने के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद एनसीएच ने तेजी से इन शिकायतों को हल करने के लिए एक अभियान शुरू किया। एनसीएच को 2023-24 में छात्रों से 16,276 शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि यह आंकड़ा 2022-2023 में 5,351 और 2021-2022 में 4,815 था। शिकायतों में अधूरे वादे, अपर्याप्त शिक्षण गुणवत्ता और पाठ्यक्रमों को अचानक रद्द करना शामिल था। मंत्रालय ने सफलता की कुछ कहानियों का हवाला दिया। इनमें एक बेंगलुरु का छात्र शामिल है, जिसे 3.5 लाख रुपए की धनराशि वापस मिली, तथा गुजरात के एक छात्र को एनसीएच के हस्तक्षेप के बाद 8.36 लाख रुपए की धनराशि वापस मिली।

## कांग्रेस से संभावित गठबंधन को लेकर बीजद सांसद की टिप्पणी पर विवाद

**भुवनेश्वर( भाषा )।** ओडिशा में कांग्रेस से संभावित गठबंधन को लेकर बीजू जनता दल (बीजद) के सासंद देबाशीष सामंतराय के बयान पर विवाद होने के बाद पार्टी ने सफाई दी कि यह उनकी (सामंतराय की) निजी राय है। कांग्रेस ने जहां ऐसे गठबंधन की संभावनाओं से इनकार किया, वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा कि बीजद दिन में सपने देख रही है। बीजद सांसद का अपनी पार्टी और कांग्रेस के बीच संभावित गठबंधन के बारे में बोलते हुए एक वीडियो व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद, सामंतराय ने कहा कि यह उनकी निजी राय है। भाजपा ने इस साल जून में ओडिशा में बीजद के 24 साल के शासन को समाप्त करते हुए अपनी सरकार बनाई थी। बीजद उपाध्यक्ष देबी प्रसाद मिश्रा ने कहा कि लोग चाहते हैं कि पार्टी विपक्ष की भूमिका निभाए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, बीजद जनता के फैसले का सम्मान करती है।

# जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को फलते देख पाक परेशान : राजनाथ

**भाषा।** पुंछ (जम्मू-कश्मीर)

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने 18 सितंबर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में भारी संख्या में हिस्सा लेने के लिए लोगों की रविवार को सराहना की और कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र को फलते-फूलते देख पाकिस्तान के पेट में दर्द हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सिंह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां), कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर अपने घोषणापत्रों में संविधान के अनुच्छेद 370 की बहाली की बात करके लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन दलों को पाकिस्तान के प्रॉक्सी के रूप में काम करना बंद कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ जो 30 वर्षों में सर्वाधिक है और लोकसभा चुनाव में हुए 58 प्रतिशत के रिकॉर्ड मतदान को भी पीछे छोड़ दिया। दुनिया में यह संदेश गया है कि अनुच्छेद 370 को भारत की बेहतरी के लिए हटाया गया। सिंह ने यहां भाजपा उम्मीदवार चौधरी अब्दुल गनी के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, लोगों ने लोकतंत्र का झंडा इतना ऊंचा उठा दिया है कि पाकिस्तान के पेट में दर्द हो रहा है। हम पाकिस्तान के साथ दुश्मनी नहीं चाहते, क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। पाकिस्तान अपनी घरेलू समस्याओं से अपने लोगों का ध्यान हटाने के लिए भारत के खिलाफ नापाक हरकतें करता रहता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा



आसिफ के बयान का हवाला देते सिंह ने कहा कि पड़ोसी देश को जम्मू-कश्मीर के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार किसने दिया है। आसिफ ने कहा था कि उनका देश और नेकां-कांग्रेस गठबंधन अनुच्छेद 370 की बहाली पर एक ही राय रखते हैं। सिंह ने कहा, मैं नेकां, कांग्रेस और पीडीपी के अपने मित्रों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप पाकिस्तान के प्रतिनिधि के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं? रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग परेशान हैं और भारत में शामिल होना चाहते हैं। सिंह ने कहा, वे (पीओके के लोग) जम्मू एवं कश्मीर में बदलाव और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति देख रहे हैं। वे अपनी समृद्धि के लिए भारत में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं और वे अब उनके (पाकिस्तान) साथ नहीं रहना चाहते। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने कभी भी धर्म के आधार पर लोगों के बीच भेदभाव नहीं किया और पीओके के निवासियों को अपना माना। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कथन हम दोस्त बदल सकते हैं, पड़ोसी नहीं का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान सही रास्ते पर चलता है, तो भारत अपने पड़ोसी देश के साथ अच्छे संबंध रखने को तैयार है। उन्होंने कहा, हमें वाजपेई के शब्दों को नहीं भूलना चाहिए। सिंह ने कहा, नेकां, कांग्रेस और पीडीपी नेता अनुच्छेद 370 को लेकर काफी शोर मचा रहे हैं और उन्होंने इसे बहाल करने का वादा किया है। आप इसे कैसे बहाल करेंगे, क्योंकि केवल केंद्र सरकार के पास ही ऐसा करने का अधिकार है? पांच अगस्त, 2019 को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया था, और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। पिछले 35 वर्षों में जम्मू-कश्मीर में हुई मौतों और तबाही के लिए अनुच्छेद 370 को जिम्मेदार ठहराते हुए सिंह ने कहा कि आतंकवाद के कारण जान गंवाने वालों में 80 प्रतिशत मुसलमान थे। उन्होंने कहा, अगर नेकां-कांग्रेस गठबंधन सत्ता में आता है, तो लोग (आतंकवाद के कारण) अपनी जान गंवाना शुरू कर देंगे। अनुच्छेद 370 के कारण ही जम्मू-कश्मीर पिछड़ गया।

# पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भाजपा सरकार जरूरी : शाह

**भाषा।** नौशेरा (जम्मू कश्मीर)

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार को कहा कि आतंकवाद का सफाया होने तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने इस बात पर जोर भी दिया कि जम्मू कश्मीर में शांति सुनिश्चित करने और पड़ोसी देश को सबक सिखाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सत्ता में आना जरूरी है। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी और अब्दुल्ला परिवार की आलोचना की तथा दावा किया कि उन्होंने आरक्षण खत्म करने के लिए हाथ मिला लिया है लेकिन उन्हें ऐसा करने नहीं दिया जाएगा। शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नारे नफरत के बाजार में, मोहब्बत की दुकान पर कटाक्ष किया और कहा, आठ अक्टूबर को मतगणना के बाद आपकी तथाकथित मोहब्बत की दुकान बंद हो जाएगी। गांधी इस नारे का इस्तेमाल अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अकसर करते थे। गृह मंत्री ने आतंकवाद के मुद्दे पर नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर निशाना साधते हुए कहा कि किसी भी पत्थरबाज या आतंकवादी को रिहा नहीं किया जाएगा। पच्चीस सितंबर को दूसरे चरण के मतदान से पहले भाजपा की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंदर रैना के समर्थन में नौशेरा में आयोजित एक चुनावी रैली में शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर में सरकार बनाने के बाद भाजपा आतंकवादियों के साथ बिरयानी खाने वाले तीन परिवारों की भूमिका को उजागर करने के लिए एक श्वेतपत्र जारी करेगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के युवाओं को शेर करार देते हुए कहा, मैं



जम्मू-कश्मीर के युवाओं से बात करना चाहता हूं।आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने और पाकिस्तान को सबक सिखाने के अलावा शांति, समृद्धि और विकास के लिए जम्मू कश्मीर में भाजपा सरकार जरूरी है। उन्होंने लोगों से भाजपा उम्मीदवारों, विशेषकर रैना को वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने रैना की क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रशंसा की। गृह मंत्री की पिछले दो दिनों में जम्मू क्षेत्र में यह छठी रैली थी। शाह शुक्रवार शाम तीन दिवसीय दौरे पर मंदिरों के शहर जम्मू पहुंचे। उन्होंने शनिवार को मेंढर, सुरनकोट, थानामंडी, राजौरी और अखनूर में पांच रैलियां कीं। वे (नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेसगठबंधन) पत्थरबाजों और आतंकवादियों को रिहा करना चाहते हैं (जैसा कि उन्होंने अपने घोषणापत्र में वादा किया है)। फारूक अब्दुल्ला जम्मू की पहाड़ियों में आतंकवाद के फिर से पनपने की बात कर रहे हैं, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह मोदी सरकार है और हम आतंकवाद को पाताल में दफना देंगे। किसी भी आतंकवादी या पत्थरबाज को रिहा नहीं किया जाएगा। गृह मंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत गुरु नानक देव की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करके की। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पाकिस्तान के साथ बातचीत तथा नियंत्रण रेखा से सीमा पार व्यापार की बहाली के पक्ष में हैं। मैं फारूक अब्दुल्ल और राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि जब तक आतंकवाद का सफाया नहीं हो जाता तब तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। मैं अपने शेरों (जम्मू कश्मीर के युवाओं) से बात करूंगा, पाकिस्तान से नहीं। शाह ने सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा वर्षों में बनाए गए भूमिगत बंकरों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे ढांचों की कोई जरूरत नहीं है ।

# 10 डेटोनेटर फटने के बाद मिलिट्री स्पेशल ट्रेन रोकनी पड़ी, जांच जारी

**खंडवा (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में हाल ही में रेल पटरियों पर दस डेटोनेटर फटने के कारण अधिकारियों को कुछ समय के लिए मिलिट्री स्पेशन ट्रेन रोकनी पड़ी। इन डेटोनेटर को रेलवे ने हानिरहित बताया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि यह घटना बुधवार को भुसावल मंडल के नेपानगर और खंडवा स्टेशन के बीच सागफाटा के पास हुई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) इसकी जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि ए डेटोनेटर रेलवे द्वारा दिए गए थे और उनका उपयोग



नियमित परिचालन के तहत किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन डेटोनेटर को पटाखे कहा जाता है और जब ए फटते हैं तो तेज आवाज होती है जो इस बात का संकेत है कि आगे कोई अवरोध, कोहरा या धुंध है। इन डेटोनेटर का रेलवे द्वारा नियमित रूप से उपयोग किया जाता है और ऐसे डेटोनेटर वहां (पटरियों पर) रखे गए थे। उन्हें वहां रखने की कोई आवश्यकता नहीं थी इसलिए आरपीएफ इसकी गहन जांच कर रही है। उन्होंने कहा, "सभी कोणों से जांच की जा रही है। रेलवे के एक अन्य शीर्ष अधिकारी ने बताया कि उस समय (डेटोनेटर फटने के दौरान) मिलिट्री स्पेशन ट्रेन खंडवा से जा रही थी। वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि गश्त करने वाले 10 से 12 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच जारी है।

## झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में इंटरनेट सेवाएं तत्काल बहाल करने का आदेश दिया

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने रविवार को राज्य सरकार को राज्य में बाधित इंटरनेट सेवाओं को तत्काल बहाल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति आनंद सेन और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की पीठ ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह अदालत की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी परीक्षा के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित न करे। गृह सचिव वंदना दादेल ने वह फाइल और मानक संचालन प्रक्रिया पेश की, जिसके तहत झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा के आयोजन के लिए इंटरनेट सेवाओं के निलंबन की अधिसूचना जारी की गई थी। दादेल को पहले अदालत ने व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा था। दादेल द्वारा प्रस्तुत फाइल को अदालत ने अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित रखने के लिए रजिस्ट्रार जनरल को सौंप दिया। फाइल की एक फोटोकॉपी गृह सचिव को सौंपने का आदेश दिया गया।

# कांग्रेस ऋण लेती है, सोनिया गांधी को दे देती है : कंगना

**भाषा।** शिमला

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत ने रविवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश सरकार ऋण लेती है और इसे कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को दे देती है, जिससे राज्य का खजाना खाली हो गया है। रनौत ने यहां एक गांव में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार व्याप्त है और कांग्रेस शासित राज्य सरकारों ने अपने-अपने राज्यों को खोखला कर दिया है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि पार्टी (कांग्रेस) चुनावों पर इतना अधिक खर्च कैसे करती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए भाजपा सांसद ने कहा, वे कर्ज लेते हैं और सोनिया गांधी को देते हैं जिससे राज्य खाली हो गया है। रनौत ने कहा, आपदाओं और कांग्रेस सरकार ने राज्य को दशकों पीछे धकेल दिया है और मैं लोगों से मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करती हूं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, अगर हम आपदा निधि देते हैं तो वह मुख्यमंत्री राहत कोष में जानी चाहिए, लेकिन सभी जानते हैं कि वह सोनिया राहत कोष में जाती है। हाल में हुए लोकसभा चुनाव में रनौत के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर कटाक्ष करते हुए मंडी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद ने कहा, एक राजा के बेटे की हरकतें सभी को पता हैं और लोग सड़कों पर गड्ढों से थक चुके हैं। मैं अपने क्षेत्र के लिए जितना संभव होगा, उससे अधिक करूंगी, लेकिन पीडब्ल्यूडी मंत्री को भी कुछ करना चाहिए।

## यौन उत्पीड़न का प्रतिरोध करने पर सरकारी स्कूल के प्राचार्य ने बच्ची की हत्या की

**दाहोद (गुजरात)।** गुजरात के दाहोद जिले में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य को छह वर्षीय एक छात्रा की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्ची ने यौन उत्पीड़न के प्रयास का प्रतिरोध किया था जिसके चलते उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को सिंगवाड़ तालुका के एक गांव में स्कूल परिसर के अंदर बच्ची का शव मिलने के बाद जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक राजदीपसिंह जाला ने बताया कि यौन उत्पीड़न की कोशिश का छात्रा द्वारा प्रतिरोध किए जाने पर स्कूल के प्राचार्य गोविंद नट ने उसका गला घोंट दिया। जाला ने मीडियाकर्मियों को बताया, बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 10.20 बजे प्राचार्य अपनी कार से वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने बच्ची की मां के अनुरोध पर उसे अपनी गाड़ी में स्कूल ले जाने के लिए सहमति जताई जबकि छात्राओं और शिक्षकों ने पुलिस को बताया कि बच्ची उस दिन स्कूल नहीं पहुंची थी।

## संयुक्त संसदीय समिति को वक्फ बोर्ड विधेयक पर 1.2 करोड़ प्रतिक्रियाएं मिली

**नई दिल्ली।** विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति को ईमेल के जरिए 1.2 करोड़ प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। विभिन्न प्रतिद्वंद्वी समूहों की ओर से इस विधेयक के संबंध में अपने-अपने दृष्टिकोण के प्रति समर्थन जुटाए जाने के बीच ए प्रतिक्रियाएं मिली हैं। संसदीय सूत्रों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति को दस्तावेजों के साथ 75,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं जिसमें अपने-अपने दृष्टिकोण का समर्थन किया गया है। इसके कारण समिति को लोकसभा सचिवालय से अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग करनी पड़ी है। सूत्रों में से एक ने कहा, हमने ईमेल से प्राप्त प्रतिक्रियाओं की जांच करने और उन्हें वर्गीकृत करने और दर्ज करने के लिए 15 अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने अपने समर्थकों से मसौदा कानून की जांच कर रही संसदीय समिति को प्रतिक्रिया भेजकर वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने की अपील की है। नाइक की अपील पर जवाबी प्रतिक्रिया शुरू हो गई है और कई हिंदू समूहों ने भी अपने समर्थकों से विधेयक के समर्थन में समिति को ईमेल लिखने का आग्रह किया है। पिछले महीने समिति ने विधेयक पर आम जनता, गैर सरकारी संगठनों, विशेषज्ञों, हितधारकों और संस्थानों से लिखित सुझाव मांगे थे। एक बयान में समिति ने लोगों से अपनी टिप्पणियां संयुक्त सचिव, लोकसभा सचिवालय, कमरा नंबर 440, संसद भवन एनेक्सी, नई दिल्ली -110001 को भेजने या ई-मेल करने के लिए कहा था। समिति सरकारी अधिकारियों, कानूनी विशेषज्ञों, वक्फ बोर्ड के सदस्यों और समुदाय के प्रतिनिधियों से प्रतिक्रिया लेने के लिए पांच शहरों के दौरे पर भी जाने वाली है। यह दौरा 26 सितंबर को शुरू होगा जिसके तहत समिति के लोग मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु जाएंगे।

# युवा विधि स्नातक केवल महान विचारक, बल्कि दयालु इंसान भी बनें : प्रधान न्यायाधीश

**भाषा।** बेंगलुरु



भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि सच्चे नेता अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानते हैं, तथा अपनी ताकत का उपयोग दूसरों को आगे बढ़ाने में करते हैं। यहां नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडियायूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) के 32वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने धैर्य के साथ निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने युवा विधि स्नातकों से आग्रह किया कि वे न केवल महान सोच वाले बनें, बल्कि दयालु इंसान भी बनें। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, निर्णय लेने की प्रक्रिया अनिश्चितता से भरी होती है, लेकिन इसमें डरने की कोई बात नहीं है, क्योंकि अनिश्चितता के इन्हीं क्षणों में आपके चरित्र का निर्माण होता है। आने वाले वर्षों में आपका मार्ग चाहे जो भी हो, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप धैर्य और विनम्रता को अपना साथी समझे और इन्हीं के साथ इस यात्रा पर आगे बढ़ें। धैर्य रखने के गुण पर प्रकाश डालते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि हम त्वरित संतुष्टि की पीढ़ी बन गए हैं। उन्होंने कहा, तेजी से बदलती दुनिया की आवश्यकताएं, जलवायु परिवर्तन, सोशल मीडिया जैसे मनोरंजन के नए तरीके और सामाजिक बुराइयों को बदलने की उत्सुकता हमें जटिल समस्याओं के लिए अल्पकालिक परिणाम की तलाश करने के लिए मजबूर कर रही है।

## प्लास्टिक की पन्नी में पेशाब करने और फिर बिना हाथ धोए फल बेचने वाला गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे के डोंबिवली में रविवार को उस 20 वर्षीय फल विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया गया जिसे एक वायरल वीडियो में प्लास्टिक की पन्नी में पेशाब करते और फिर बिना हाथ धोए फल बेचते दिखाया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान अली खान के रूप में हुई है। वीडियो निलजे इलाके का है। अधिकारी ने कहा कि खान को भारतीय न्याय संहिता की धारा 271 (लापरवाही से काम करने से जीवन के लिए खतरनाक बीमारी का संक्रमण फैलने की आशंका), धारा 272 (दुर्भावनापूर्ण कार्य जिससे जीवन के लिए खतरनाक बीमारी का संक्रमण फैलने की आशंका हो) और धारा 296 (अश्लीलता) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## उत्कर्ष बैंक ने दो नए आउटलेट खोले

**गोरखपुर।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने घुघुली महराजगंज और शंकरगढ़ प्रयागराज में अपने नए आउटलेट का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ बैंक ने उत्तर प्रदेश में 206 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 966 आउटलेट तक पहुंच बना ली है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओएगोविंद सिंह ने कहा कि घुघुली, महराजगंज और शंकरगढ, प्रयागराज में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन हमारे स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। घुघुली महराजगंज और शंकरगढ़ प्रयागराज के ग्राहक बैंक के उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे जिसमें बचत खातेए चालू खाते, निश्चित जमा और आवर्ती जमा के साथ.साथ आवासीय ऋण व्यापार ऋण संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा और निवेश उत्पाद शामिल हैं।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया का किया विस्तार

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाल ही में लॉन्च किए गए बीएएएस प्रोग्राम का विस्तार किया है। अब कंपनी ने इस खास प्रोग्राम को कॉमेट ईवी और जेडएस ईवी मॉडल के लिए भी पेश किया है। कंपनी ने बीएएएस कॉन्सेप्ट को एमजी विंडसर के लॉन्च के साथ पेश किया गया था। कंपनी की इस पेशकश को ग्राहकों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रियां मिली हैं। इस बेहद खास एमजी प्रोग्राम के तहत ग्राहक अब स्ट्रीट.स्मार्ट कार, . एमजी कॉमेट ईवी को 4.99 लाख. बैटरी रेंटल /2.5किमी की शुरुआती कीमत पर घर ला सकते हैं, । जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफीसर सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि बीएएएस प्रोग्राम के साथ हमने ग्राहकों के लिए आसान ओनरशिप के लिए एक प्लेटफॉर्म तैयार किया है इस प्रोग्राम की मदद से हमारे ईवी का खरीदना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है।

## ग्रामीण भारतीय कारीगरों को मंच देगा रग उत्सव

**जयपुर।** भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत की प्रतीक और हाथ से बनी कालीनों के निर्माण में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी जयपुर रग्स ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम रग उत्सव की शुरुआत की घोषणा की है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसा उत्सव है जो व्यापर से आगे जाकर ग्रामीण भारतीय कारीगरों की कला और दुनिया भर के ग्राहकों की पसंद को एक साथ लाता है। जयपुर रग्स के डायरेक्टर योगेश चौधरी कहते हैं रंग उत्सव केवल एक त्यौहार नहीं हैए बल्कि मानवीय भावना और रचनात्मकता का उत्सव है। यह हमारे लिए दुनिया को भारत की आत्मा के करीब लाने का एक तरीका है जहां हर रग एक कैनवास है और हर धागा एक कहानी है। यह आयोजन उन हाथों को आभार है जो हर गाँठ में जादू बुनाते हैं और उन दिलों को जो हमारी समृद्ध विरासत की विरासत को आगे बढ़ाते हैं। जयपुर रग्स में हम आपको इस यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं . करघे से आपके लिविंग रूम तक की यह यात्राए जहाँ परंपरा इनोवेशन से मिलती है।

## क्विक न्यूज

### बंगाल की खाड़ी में नाव पलटने के दो दिन बाद उसमें से आठ मछुआरों के शव बरामद

**नामखाना (पश्चिम बंगाल)।** बंगाल की खाड़ी में दो दिन पहले मछली पकड़ने वाले एक ट्रॉलर के पलट जाने के बाद रविवार को उसमें से आठ मछुआरों के शव बरामद किए गए। हालांकि, एक मछुआरा अब भी लापता है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम को तट से 60 किलोमीटर दूर तूफान में फंसकर एमवी बाबा गोविंदा नामक ट्रॉलर पलट गया। पास की मछली पकड़ने वाली नावों ने आठ मछुआरों को बचा लिया, लेकिन नौ अन्य लोगों का पता नहीं चल सका। व्यापक खोज और बचाव अभियान के बाद पलटे हुए ट्रॉलर को पानी से बाहर निकाला गया और पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के सागर क्षेत्र में लुथियन द्वीप ले जाया गया। आठ मछुआरों के शव जहाज के डेक और केबिन में पाए गए और उन्हें नामखाना ले जाया गया, जबकि एक लापता मछुआरे की तलाश जारी है। मछली पकड़ने वाला जहाज शुक्रवार दोपहर दक्षिण 24 परगना जिले के नामखाना से गहरे समुद्र के लिए रवाना हुआ था।शवों की पहचान किए जाने तथा उन्हें शोक संतप्त परिजनों को सौंपे जाने के समय सुंदरबन विकास मंत्री बंकिम चंद्र हाजरा, पूर्व मंत्री मंतूराम पाखीरा, स्थानीय सांसद बापी हलधर तथा पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।पाखीरा ने पीटीआई-भाषा को बताया, तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी ने पहल की है ताकि शवों की पहचान पूरी होने के बाद मृतकों के परिजनों को प्रशासन और पार्टी दोनों की ओर से आर्थिक मुआवजा मिल सके।

### बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर महिलाओं के लिए जिम और स्नानघर बनाए

**नादिया (प. बंगाल)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पश्चिम बंगाल के नादिया सीमांत क्षेत्र में तीन खुले जिम और महिलाओं के लिए कई स्नानघर बनाए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सीमा बलों को स्थानीय आबादी के साथ जुड़ने के निर्देश के बाद ए सुविधाएं बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा पर स्थित ए दूरदराज के स्थान देश के अंतिम नहीं बल्कि पहले गांव हैं और बीएसएफ जैसे संगठनों को सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील इन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के जीवन की बेहतरी के लिए सभी उपाय करने चाहिए। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ की 32वीं बटालियन ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में गेडे, कादीपुर और तुंगी सीमा चौकियों के पास खुले जिम बनाए हैं। उन्होंने कहा कि सभी आयु वर्ग के लोग - बच्चे, युवा और बुजुर्ग - दिन के किसी भी समय इन सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। बीएसएफ के एक अन्य अधिकारी ने कहा, जो सुरक्षा बैरियर पहले हमारे जवानों द्वारा बंद रखा जाता था, उसे अब खोल दिया गया है ताकि लोग जब चाहें जिम का आनंद ले सकें। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने क्षेत्र की महिलाओं और लड़कियों के लिए टिन शेड से ढके स्नानघर भी बनवाए हैं, क्योंकि बल को पता चला कि महिलाएं सड़क के किनारे स्थित पानी के नलों के पास नहाने को मजबूर हैं। अधिकारी ने बताया कि बीएसएफ कर्मियों द्वारा नारी सम्मान स्नानघर बनाए गए, जिनका स्थानीय महिलाओं द्वारा उद्घाटन किया गया।

### मुख्य न्यायाधीश ने नेशनल लॉ स्कूल बेंगलुरु में जेएसडब्ल्यू अकादमिक ब्लॉक की आधारशिला रखी

**बेंगलुरु।** देश में कानूनी शिक्षा को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश सीजेआई धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ ने आज यहां नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी एनएलएसआईयू में जेएसडब्ल्यू अकादमिक ब्लॉक नाम से मुख्य अकादमिक ब्लॉक के व्यापक पुनर्विकास और विस्तार की आधारशिला रखी। प्रस्तावित योजना के तहत, मौजूदा इमारत को बहुमंजिला संरचना में बदल दिया जाएगा, जिसमें अत्याधुनिक व्याख्यान कक्ष, सेमिनार कक्ष, संकाय कार्यालय और सहयोगी शोध स्थान उपलब्ध होंगे। यह उन्नत बुनियादी ढांचा छात्रों और शोधकर्ताओं को बेहतर शिक्षण वातावरण से लाभान्वित करने में सक्षम करेगाए जिससे उन्हें तेजी से विकसित हो रहे कानूनी परिदृश्य में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जेएसडब्ल्यू समूह से प्राप्त पर्याप्त अनुदान द्वारा संभव हुआ यह प्रोजेक्ट, एनएलएसआईयू के शैक्षणिक ढांचे को बदलने के उद्देश्य से एक व्यापक सहयोग का हिस्सा है। यह अनुदान अकादमिक ब्लॉक में काम और श्जेएसडब्ल्यू सेंटर फॉर द फ्यूचर ऑफ लॉ की स्थापना दोनों को निधि देगा। जो कानूनी क्षेत्र में तकनीकी प्रगति द्वारा उत्पन्न उभरती चुनौतियों और अवसरों को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अत्याधुनिक शोध केंद्र है। केंद्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,डिजिटल गोपनीयता, स्वचालन और इन उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक निहितार्थ जैसे मुद्दों पर अनुसंधान का नेतृत्व करेगा। इस साझेदारी के साथए जेएसडब्ल्यू ग्रुप और एनएलएसआईयू भारत में कानूनी शिक्षा के भविष्य को आकार देनेए इसे अधिक समावेशीए प्रौद्योगिकी.संचालित और पेशे की बदलती गतिशीलता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए संयुक्त रूप से प्रतिबद्ध हैं।

### कांग्रेस ने उदय भानु चिब को बनाया भारतीय युवा कांग्रेस का नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को श्रीनिवास बी.वी. को हटाकर उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। श्रीनिवास बी. वी. गत पांच साल से अधिक समय तक आईवाईसी के अध्यक्ष रहे। उनका कार्यकाल आईवाईसी के लिए घटनाओं से भरा रहा क्योंकि कोविड महामारी के दौरान उनके राहत कार्य मीडिया में प्रमुख चर्चा के विषय थे। चिब अब तक आईवाईसी के महासचिव पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे। वह जम्मू और कश्मीर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल प्रभाव से उदय भानु चिब को भारतीय युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पार्टी निर्वतमान अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी.के योगदान की सराहना करती है। चिब ने सोशल मीडिया मंच पर शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा, मेरे नेता राहुल गांधी जी के साथ एक यादगार मुलाकातउ सामाजिक न्याय के लिए आपका संघर्ष और दृढ़ता हम सभी के लिए प्रेरणा है। चिब जम्मू के पलौरा के निवासी हैं और कांग्रेस नेता हरि सिंह चिब के बेटे हैं।

### मादक पदार्थ के कारोबार से अर्जित धन पाकिस्तान में आतंकवादी आकाओं के पास जा रहा : डीजीपी

**श्रीनगर।** पाकिस्तान में आतंकवादी आका हवाला कारोबार पर कार्रवाई के कारण मादक पदार्थ के कारोबार से अर्जित धन का इस्तेमाल अपने घटते वित्त की भरपाई के लिए कर रहे हैं, ताकि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने में मदद मिल सके। केंद्र-शासित प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर.आर. स्वैन ने रविवार को यह बात कही। श्रीनगर में संवाददाताओं से मुखातिब स्वैन ने कहा, मादक पदार्थ आतंकवादी वित्त पोषण का मुख्य जरिया बनकर उभर रहे हैं। आतंकवाद के वित्त पोषण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ज्यादातर पारंपरिक हवाला स्रोतों पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। मुझे लगता है कि मादक पदार्थ के कारोबार से अर्जित धन का इस्तेमाल इसकी भरपाई के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ के कारोबार और आतंकवाद के बीच संबंध है, जो अब बिना किसी संदेह के स्थापित हो गया है। स्वैन ने कहा, यह एक पुराना, लेकिन प्रासंगिक सवाल है। मैं पहले भी कहा है कि संबंध स्पष्ट नहीं थे। लगभग दो साल पहले तक जांच से संबंध स्थापित नहीं हुए थे। लेकिन आज एसआईए और अन्य एजेंसियों की जांच से साबित हो गया है कि मादक पदार्थ का स्रोत पाकिस्तान में है। उन्होंने कहा, (सीमा के) उस पार मादक पदार्थ के मुख्य स्रोत का कुछ आतंकवादी संगठनों से संबंध होने का इतिहास रहा है। स्वैन ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों के बाजारों में बेची जाने वाली हेरोइन सीमा पार से आ रही है। उन्होंने कहा, पर्दे के पीछे के स्रोतों से पता चला है कि सीमा पार मौजूद आतंकी आका इसे (मादक पदार्थ) यहां भेज रहे हैं। हमारे यहां अफीम की खेती नहीं होती है, हमारे पास ऐसी इकाइयां नहीं हैं, जहां इसे प्रसंस्कृत किया जा सके। डीजीपी ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री बाबू सिंह के मामले का हवाला देते हुए बताया कि मादक पदार्थ के कारोबार से अर्जित धन का इस्तेमाल आतंकवाद के वित्त पोषण के लिए कैसे किया जाता है।

# हिज्बुल्ला ने इजराइल में 100 से अधिक रॉकेट दागे

● युद्ध का खतरा बढ़ा

भाषा। नहरिया



**हिज्बुल्ला ने** उत्तरी इजराइल के बड़े क्षेत्र में शनिवार तड़के 100 से अधिक रॉकेट दागे, जिनमें से कुछ हाइफा शहर के पास गिरे। जवाब में इजराइल ने भी लेबनान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए, जिससे दोनों पक्षों में महीने से जारी तनाव के पूर्ण युद्ध का रूप अख्तियार करने का खतरा बढ़ गया। हिज्बुल्ला के रॉकेट हमलों से उत्तरी इजराइल में हवाई आक्रमण के प्रति आगाह करने वाले सायरन बज उठे, जिसके बाद हजारों लोगों को बम रोधी शिविरों में शरण लेते हुए देखा गया। इजराइली सेना ने कहा कि रॉकेट रिहायशी इलाकों की तरफ दागे गए , जिससे दोनों पक्षों में टकराव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि पूर्व में अधिकतर हमले सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए थे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सीमा के पास इजराइल के हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। इजराइल की बचाव सेवा एजेंसी मेगन डेविड एडोम ने बताया कि उसने छेें से घायल चार लोगों का इलाज किया, जिनमें 76 वर्षीय एक बुजुर्ग भी शामिल है, जो हाइफा के पास स्थित किर्याट बालिक में घायल हो गया था। किर्याट बालिक में कई इमारतों के क्षतिग्रस्त होने और वाहनों में आग लगने की खबर है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि इमारतों और वाहनों को क्षति हिज्बुल्ला के रॉकेट के कारण हुआ या इजराइली लड़ाकू विमान की वजह से। हिज्बुल्ला ने ए रॉकेट हमले ऐसे समय में किए, जब बेरूत में शुक्रवार को इजराइल के हवाई हमले में संगठन के एक शीर्ष नेता सहित 45 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, कुछ दिन पहले हिज्बुल्ला से जुड़े कई सदस्यों के पेजर, वॉकी-टॉकी, मोबाइल और लैपटॉप सहित अन्य उपकरणों में भी बड़े पैमाने पर विस्फोट हुए थे। इजराइली सेना ने कहा कि पिछले 24 घंटे में उसने दक्षिणी लेबनान में कई हवाई हमले किए, जिनके तहत रॉकेट प्रक्षेपण स्थल सहित लगभग 400 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### इजराइल से अब सीधी लड़ाई शुरू हो चुकी है: हिज्बुल्ला उप प्रमुख

**नहरिया (इजराइल)।** हिज्बुल्ला के उप प्रमुख नईम कासम ने कहा कि उनके समूह की अब इजराइल से सीधी लड़ाई शुरू हो चुकी है तथा उत्तरी इजराइल से और लोगों को विस्थापित होना पड़ेगा। कासम ने हिज्बुल्ला के शीर्ष कमांडर इब्राहिम अकील के अंतिम संस्कार के मौके पर कहा, हम यह स्वीकार करते हैं कि हमें पीड़ा हुई है। हम इंसान हैं। लेकिन जैसा दर्द हमें मिला है, वैसा ही आपको भी मिलेगा। उन्होंने कहा, आपकी अर्थव्यवस्था तबाह हो जाएगी...और आप अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाओगे। हालिया महीनों में कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों के खोने वाले हिज्बुल्ला के प्रमुख कासम ने कहा कि समूह ने जोरदार वापसी की है और अग्रिम मोर्चे पर इसका असर दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि समूह ने रविवार तड़के इजराइल के अंदरूनी इलाकों में 100 रॉकेट दागे हैं, जो बस एक शुरुआत है।

# इजराइल ने वेस्ट बैंक में अल जजीरा के कार्यालय पर छापा मारा

भाषा। दुबई

इजराइली सैनिकों ने रविवार तड़के इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में समाचार संगठन अल जजीरा के कार्यालय पर छापा मारा और वहां मौजूद लोगों को तत्काल काम बंद करने का आदेश दिया। कतर द्वारा वित्तपोषित प्रसारक गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को कवर कर रहा है। अल जजीरा ने अपने अरबी भाषा के चैनल पर इजराइली सैनिकों के एक फुटेज का सीधा प्रसारण किया जिसमें सैनिक कार्यालय को 45 दिन तक बंद रखने का आदेश दे रहे हैं। इजराइल ने मई में पूर्वी यरुशलम में अल जजीरा के कार्यालय पर छापा मारा था और उसके उपकरण जब्त कर लिए थे। इजराइल में उसके प्रसारण पर रोक लगा दी थी। यह पहला मौका है जब इजराइल ने देश में संचालित किसी विदेशी समाचार चैनल को बंद किया है। हालांकि अल जजीरा ने इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक तथा गाजा पट्टी में अपना संचालन जारी रखा। इजराइली सेना ने 12 घंटे बाद छापेमारी की बात स्वीकार की, तथा बिना कोई सबूत दिए आरोप लगाया कि इसका इस्तेमाल आतंकवाद को भड़काने, आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए किया जा रहा था तथा चैनल के प्रसारण से ... सुरक्षा और लोक व्यवस्था को खतरा है। अल जजीरा ने इस कदम की निंदा की है और वह पड़ोसी देश जॉर्डन के अम्मान से प्रसारण कर रहा है। प्रसारक ने कहा है, अल जजीरा अपनी कवरेज को दबाने के प्रयासों से न तो डरेगा और न ही विचलित होगा। सशस्त्र इजराइली सैनिकों ने कार्यालय में प्रवेश किया और लाइव प्रसारण के दौरान एक पत्रकार से कहा कि इसे बंद कर दिया जाएगा, तथा कर्मचारियों को तुरंत वहां से चले जाने को कहा। अल जजीरा के स्थानीय ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-उमरी ने बाद में एपी को बताया कि इजराइली सेना ने प्रसारक के कामकाज को बंद करने के आदेश के समर्थन में फलस्तीन में ब्रिटिश शासन के दौरान के कानूनों का हवाला दिया। इजराइल के फॉरेन विदेशी प्रेस एसोसिएशन ने कहा कि वह इससे बहुत परेशान है, जो प्रेस की स्वतंत्रता को खतरा पैदा करती है, और इजराइली सरकार से इन कार्वाइयों पर पुनर्विचार करने का आग्रह करती है।

### अलबामा के बर्मिंघम में गोलीबारी: चार लोगों की मौत, 18 अन्य घायल

बर्मिंघम (अमेरिका)। अमेरिका के अलबामा स्थित बर्मिंघम के एक इलाके में हुई गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि कई लोग क्रॉसफायर (दो ओर से गोलीबारी) के चपेट में आए है। अधिकारियों ने गोलीबारी करने वाले लोगों को पकड़ने मे जनता से मदद मांगी है। अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने एक ईमेल में बताया कि गोलीबारी शनिवार रात करीब 11 बजे फाइव पॉइंट्स साउथ जिले में हुई। पुलिस को दो पुरुष और एक महिला का शव फुटपाथ पर मिला। उन्हें गोली लगी थी। फिट्जगेराल्ड ने बताया कि गोली लगने से जख्मी हुए अन्य पुरुष को एक अस्पताल मे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि कई संदिग्धो ने सार्वजनिक क्षेत्र में मौजूद लोगों के एक बड़े समूह पर गोलीबारी की। फिट्जगेराल्ड ने बताया कि घायल लोगो का अस्पतालो मे आना शुरू हो गया है। रविवार की सुबह तक पुलिस ने 18 अन्य पीड़िताें की पहचान की, जिनमे से कुछ की हालत गंभीर थी। पुलिस प्रमुख स्कॉट थर्मंड ने रविवार सुबह संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारियों का मानना है कि जिसकी हत्या करने के लिए गोलीबारी की गई थी वह व्यक्ति मृतकों में शामिल है।

### नेपाल योग समागम का आयोजन करेगा

**काठमांडू।** आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास में, होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) पश्चिमी नेपाल के पोखरा में एक योग समागम का आयोजन करने जा रहा है, जहां दुनिया भर के जाने-माने योग उत्साही प्राचीन ज्ञान के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण लेंगे। आयोजकों के अनुसार, पूर्णा योग केंद्र के सहयोग से इसका आयोजन 16 से 19 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। उनके मुताबिक इस कार्यक्रम मे पर्यटन केंद्र पोखरा में 100 से अधिक लोग हिस्सा लेगे, जिनकी रुचि योग में है। आयोजकों ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन के दौरान शाकाहारी और जैविक भोजन परोसा जाएगा और भक्ति गीतो के साथ-साथ सुकून पहुंचाने वाला संगीत भी बजाया जाएगा। एचएएन के अध्यक्ष बिनायक शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से नेपाल वैश्विक यात्रा बाजार में खुद को पसंदीदा योग और आध्यात्मिक स्थलो मे से एक के रूप मे स्थापित करना चाहता है। उन्होने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया, योग की कला और विज्ञान हिमालय से उत्पन्न हुई है और भगवान शिव पहले योगी है जिन्होने मनुष्यों को प्राचीन ज्ञान सिखाया। अब हम इस प्राचीन ज्ञान का लाभ उठाना चाहते है, जिसके बारे में माना जाता है कि इसकी उत्पत्ति भगवान शिव के निवास हिमालय से हुई है। नेपाली मूल की अमेरिकी योग प्रशिक्षक लता तुलाचन ने कहा, इस अवसर पर प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम, ध्यान और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ-साथ अभ्यास से जुड़े दार्शनिक ज्ञान पर प्रवचन दिए जाएंगे। तुलाचन ने कहा, योग न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने मे मदद करता है, बल्कि व्यक्ति के आध्यात्मिक कल्याण को भी बढ़ाता है और जीवन मे शांति लाता है।

### नेपाल के बैतड़ी जिले में भूकंप, लोग सहमे

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल के बैतड़ी जिले में रविवार दोपहर हल्का भूकंप आया जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4 रही। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र ने बताया कि भूकंप दोपहर 2.09 बजे आया और इसका केंद्र शिवलिंग में था। भूकंप के कारण किसी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नही है। पश्चिमी नेपाल के बझांग जिले के माझीगांव के आसपास 18 सितंबर को भूकंप आया था। हाल ही में पश्चिमी नेपाल में भूकंप के झटके महसूस किए गए है।

# ईरान में कोयला खदान में विस्फोट, 34 मजदूरों की मौत

भाषा। तेहरान



**पूर्वी ईरान में** एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 34 मजदूरों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसे ईरान के इतिहास की सबसे बड़ी खदान दुर्घटना करार देते हुए रविवार को कहा कि विस्फोट के घंटों बाद भी कई मजदूर लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में स्थित तबास की कोयला खदान में शनिवार देर रात विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट के दौरान लगभग 70 लोग खदान में काम कर रहे थे। सरकारी टेलीविजन चैनल ने बाद में अपनी खबर में बताया कि 700 मीटर (2,300 फुट) गहरी खदान में 17 मजदूरों के 200 मीटर (650 फुट) की गहराई पर फंसे होने की आशंका है। हालांकि, हादसे से प्रभावित मजदूरों की संख्या के बारे में दिन भर अलग-अलग आंकड़े सामने आते रहे। प्रांत के एक आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखून्दी ने सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए को रविवार दोपहर बताया कि बचाव अभियान जारी है और हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। खदान से निकाले गए मजदूरों ने सरकारी टेलीविजन चैनल से बातचीत में विस्फोट के बाद के भयानक मंजर को बयां किया। कोयले के काले चूरे में लिपटे एक मजदूर ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया, हम खदान में काम कर रहे थे। अचानक धुआं उठने लगा। इसके बाद मैंने महसूस किया कि मुझे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। मैं फौरन अपनी जान बचाने के लिए भागा और तब तक लगातार दौड़ता रहा, जब तक एक सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंच गया। मेरे सहकर्मी वहीं फंसे रह गए। प्राधिकारियों के मुताबिक, यह विस्फोट मीथेन गैस लीक होने के कारण हुआ। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि हादसे के समय निजी खदान मंदानजू को में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम उपलब्ध थे या नहीं। हादसे पर प्रतिक्रिया के लिए खदान के मलिकाना हक वाली कंपनी से अभी संपर्क नहीं किया जा सका है। ईरान के नए सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि उन्होंने खदान में फंसे लोगों को बचाने और उनके परिजन की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है।

### यूक्रेन में रिहायशी इलाकों पर रूस के हमले में 20 से अधिक लोग घायल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के खारकीव में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर हमले किए जिसमें 20 से अधिक लोग घायल हो गए। रूस की ओर से इस सप्ताह रात के समय किया गया यह लगातार दूसरा हमला है। रूस ने शनिवार रात यूक्रेन के उत्तर-पूर्व में शेवचेनकिव्स्की जिले में बमबारी की। उन्होंने बताया कि इस हमले में 16 और नौ मंजिला दो आवासीय इमारतें जमींदोज हो गईं तथा सात अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। सिनीहुबोव और खारकीव के मेयर इगोर तेरेखोव के अनुसार, इस हमले में 21 लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक आठ वर्षीय बच्चा, 17 वर्षीय दो किशोर और कई वृद्ध शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सर्विकल कैंसर से मकाबले के लिए 75 लाख अमेरिकी डॉलर के अनुदान का संकल्प लिया

वाशिंगटन। भारत ने सर्विकल कैंसर के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रोग की जांच एवं निदान के लिए 75 लाख अमरीकी डालर का अनुदान देने का संकल्प लिया है। डेलावेयर में शनिवार को क्वाड देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आयोजित कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह पहल हिंद-प्रशांत देशो में लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने मे महत्वपूर्ण साबित होगी। क्वाड कैंसर मूनशॉट एक अभूतपूर्व साझेदारी है, जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे सर्विकल कैंसर से लड़कर लोगो की जान बचाना है। इस पहल के माध्यम से क्वाड देशों, भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया, ने हिंद-प्रशांत देशो मे सर्विकल कैंसर की देखभाल और उपचार व्यवस्था में मौजूद कमियों को दूर करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है। कैंसर मूनशॉट पहल मे भारत के योगदान के रूप में, मोदी ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कैंसर की जांच और निदान के लिए 75 लाख अमरीकी डालर के अनुदान की घोषणा की। उन्होंने कहा, भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अनुदान भारत के एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण के तहत दिया गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि भारत हिंद-प्रशांत में कैंसर की रोकथाम के लिए रेडियोथेरेपी उपचार और क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंद-प्रशांत देशो को जीएवीआई के तहत भारत से टीके की चार करोड़ खुराक की आपूर्ति से लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जीएवीआई दुनिया के सबसे गरीब देशों में रहने वाले बच्चों के लिए नए और कम इस्तेमाल किए जाने वाले टीकों और क्वाड कार्यक्रमों तक पहुंच में सुधार करने के लिए 2000 में बनाया गया एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। मोदी ने कहा, जब क्वॉड काम करता है, तो यह सिर्फ देशो के लिए नही होता है, यह लोगों के लिए होता है। यह हमारे मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का सही सार है। प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि भारत ने सर्विकल कैंसर का टीका विकसित किया है और इस बीमारी के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) -आधारित उपचार प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है। भारत ने डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल में अपने एक करोड़ अमरीकी डालर के योगदान के माध्यम से कैंसर की जांच, देखभाल और निरंतरता के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के इच्छुक देशो को तकनीकी सहायता की पेशकश की है।

### शिक्षा जगत को मिला 1760 करोड़

**यूके।** भारतीय शिक्षा जगत की अग्रणी कंपनी फिजिक्स वाला प्राइवेट लिमिटेड ने 1760 करोड़ का निवेश प्राप्त करते हुए अपने सीरीज बी के फंडिंग राउंड का समापन किया। इस निवेश के बाद कंपनी का पोस्ट मनी वैल्यूएशन 23,500 करोड़ तक पहुँच गया ह, जो इसके पिछले 8000 करोड़ के वैल्यूएशन से 3 गुना है। इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व हॉर्नबिल कैपिटल ने किया, जिसमें लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स की महत्वपूर्ण भागीदारी रही, साथ ही मौजूदा निवेशकों जीएसवी वेंचर्स और वेस्टब्रिज का सतत सहयोग भी प्राप्त हुआ। फिजिक्स वाला पीडब्लू का यह फंडिंग राउंड एडटेक क्षेत्र के लिए चुनौतीपूर्ण समय के बीच आशा की एक किरण है, जो फिजिक्स वाला की प्रगति और भारत में शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने के इसके मिशन में मौजूदा एवं नए दोनों निवेशकों के अटूट विश्वास को दर्शाता है। फिजिक्स वाला के संस्थापक और सीईओ अलख पांडेए ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह निवेश न केवल भारत में शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने और प्रत्येक छात्र तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता हैए बल्कि यह उन प्रभावों का भी प्रमाण है जो हमने वर्षों से बनाए हैं। प्रतीक और मैं इस यात्रा में हॉर्नबिल कैपिटल और लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स के साथ साझेदारी को लेकर उत्साहित है और हम वेस्टब्रिज और ढेट के निरंतर विश्वास के लिए आभारी हैं।

### भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छात्रों को पांच लाख अमेरिकी डॉलर की 50 छात्रवृत्ति देगा

विलमिंगटन (अमेरिका)। भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छात्रों को पांच लाख अमेरिकी डॉलर की 50 क्वाड छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक नई पहल की घोषणा की है। चौथी क्वाड शिखर बैठक के बाद जारी विलमिंगटन घोषणा पत्र मे कहा गया है कि ए छात्रवृत्तियां छात्रो को भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान मे चार वर्षीय स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम मे शामिल होने मे सक्षम बनाएंगी। राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में क्वाड नेताओं की शिखर बैठक शनिवार को उनके गृह नगर विलमिंगटन, डेलवेयर मे हुई। इसमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भाग लिया। घोषणापत्र में कहा गया है, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान मे चार वर्षीय स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छात्रो को 5,00,000 अमेरिकी डॉलर की 50 क्वाड छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक नई पहल की घोषणा करते हुए भारत प्रसन्न है। इसमे कहा गया है, क्वाड छात्रवृत्ति के माध्यम से हम अगली पीढ़ी के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति निर्माताओं का एक नेटवर्क बना रहे हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र मे, क्वाड नेताओ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र मे अंतरिक्ष-संबंधी अनुप्रयोगो और प्रौद्योगिकियो के आवश्यक योगदान को स्वीकार किया। घोषणापत्र मे कहा गया है, हमारे चार देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में राष्ट्रों की सहायता के लिए भू अवलोकन डेटा और अन्य अंतरिक्ष-संबंधी अनुप्रयोगों को जारी रखने का इरादा रखते है, ताकि जलवायु संबंधी पूर्व चेतावनी प्रणालियो को मजबूत किया जा सके और मौसम से जुड़ी घटनाओं के प्रभावो से बेहतर ढंग से निपटा जा सके।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए विश्व के नेता न्यूयॉक में जुट रहें

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व में जारी संघर्षों और संकटों का सामना करते हुए, इस सप्ताह के वार्षिक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं के समक्ष चुनौती न केवल ज्वलंत मुद्दों पर बल्कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के आधुनिकीकरण पर साथ मिलकर काम करने की है, ताकि भविष्य के खतरों और समस्याओं से निपटा जा सके। महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पिछले सप्ताह कहा था कि समिट ऑफ द फ्यूचर इस कठोर सच्चाई से उपजा है कि इन मुद्दों का हल करने की हमारी क्षमता की तुलना में अंतरराष्ट्रीय चुनौतियां काफी तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने नियंत्रण से बाहर भू-राजनीतिक विभाजन और संघर्षों, जलवायु परिवर्तन, असमानताओं, ऋण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई तकनीकों की ओर इशारा किया, जिनके लिए कोई सुरक्षा कवच नहीं है। न्यूयॉर्क सिटी स्थित संयुक्त राष्ट्र परिसर में विश्व के नेताओं की उच्च स्तरीय बैठक शुरू होने से दो दिन पहले रविवार को दो दिवसीय शिखर सम्मेलन शुरू हुआ। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शिखर सम्मेलन के 42 पन्नों वाले मुख्य परिणाम दस्तावेज भविष्य का समझौता को रविवार सुबह संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष फिलेमोन यांग द्वारा सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जिसके बाद वैश्विक संस्था में रूस द्वारा प्रस्तावित संशोधनों पर विचार करने के खिलाफ 143 वोट दिए, सात वोट समर्थन में पड़े और 15 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। यह समझौता संघर्षों और जलवायु परिवर्तन से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संयुक्त राष्ट्र तथा वैश्विक संस्थाओं में सुधार जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक खाका है।

# क्वाड शिखर सम्मेलन में फूट डालो और राज करो की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया : चीन मीडिया

भाषा। बीजिंग

**चीन की सरकारी** मीडिया ने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) पर बीजिंग और उसके पड़ोसियों के बीच मतभेद पैदा करने के लिए फूट डालो और राज करो की रणनीति अपनाने का रविवार को आरोप लगाया। चार सदस्ईय समूह के शिखर सम्मेलन में हिंद-प्रशांत साझेदारी का विस्तार करने का निर्णय लेने के एक दिन बाद यह आरोप लगाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में क्वाड नेताओं का शिखर सम्मेलन शनिवार को उनके गृह नगर विलमिंगटन, डेलावेयर में हुआ। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भाग लिया। चीन की सरकारी मीडिया ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन को नियंत्रित करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया था। चीन के विदेश मंत्रालय ने हालांकि शिखर सम्मेलन पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने अपनी खबर में कहा कि किसी भी मायने में, क्वाड शिखर सम्मेलन अपने 17 साल के इतिहास के दौरान चार देशों के ढांचे के लिए एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत है।

# मोदी ने जापान,ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्षों से की मुलाकात

● द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने पर चर्चा

भाषा। विलमिंगटन (अमेरिका)



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने विलमिंटन में आयोजित क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन से इतर जापान और ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्षों के साथ अत्यंत सार्थक बैठकें कीं। मोदी ने शनिवार को विलमिंगटन में जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। तीनों नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में हुए क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी और अल्बनीज ने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई वहीं मोदी ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के साथ मय की कसौटी पर खरी उतरी मित्रता से आनंदित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री अल्बनीज के साथ व्यापक चर्चा हुई। हम व्यापार, सुरक्षा, अंतरिक्ष और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में और भी अधिक गति लाना चाहते हैं। भारत समय की कसौटी पर खरी उतरी मित्रता को बहुत महत्व देता है। वहीं अल्बनीज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हमारी साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर बात करके बहुत अच्छा लगा। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेलावेयर के विलमिंगटन में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की। नेताओं ने आपसी हितों के लिए तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ भी अत्यंत सार्थक बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और जापान के बीच संबंधों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री किशिदा के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। बुनियादी ढांचे, सेमीकंडक्टर, रक्षा, हरित ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। वैश्विक समृद्धि के लिए भारत-जापान के बीच मजबूत संबंध अच्छे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डेलावेयर में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इसमें कहा गया, उन्होंने भारत-जापान संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया।

# पीएम मोदी की बाइडन के साथ बैठक भावपूर्ण थी : विदेश सचिव

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विलमिंगटन में राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक भावपूर्ण थी। आधिकारिक क्षमता में बाइडन की मोदी के साथ यह अंतिम बैठक थी क्योंकि बाइडन फिर से राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने निजी आवास पर मोदी की मेजबानी की और दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न प्रमुख पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। पिछले चार वर्षों में मोदी और बाइडन के बीच घनिष्ठ मित्रता विकसित हुई है और उन्होंने कई वैश्विक तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर मिलकर काम किया है। पिछले साल बाइडन ने ऐतिहासिक आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए मोदी की मेजबानी की थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, राष्ट्रपति बाइडन के साथ बैठक भावपूर्ण थी। प्रधानमंत्री अवगत हैं कि एक तरह से यह राष्ट्रपति बाइडन के साथ विदाई बैठक थी तथा निजी आवास पर होने के कारण यह और खास अवसर था। मिस्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के पहले दिन न्यूयॉर्क में एक विशेष प्रेस वार्ता के दौरान कहा, वास्तव में, उन्होंने (मोदी) उनसे (बाइडन) उल्लेख किया कि भारत में हम कहते हैं जब दिल के दरवाजे खुल जाते हैं, तो घर के दरवाजे भी खुल जाते हैं। उन्होंने कहा, दोनों नेताओं के बीच बहुत ही व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव है। बैठक का माहौल अपने आप में बहुत खास था।

# दुर्लभ फ्लोरिडा जीवाश्म ने कई राजों पर से उठाया परदा

● अंततः साही के जबड़े और पूंछ के विकास को लेकर बहस समाप्त

भाषा। न्यूयॉर्क

**उत्तरी** अमेरिका से विलुप्त साही के एक दुर्लभ, लगभग पूर्ण जीवाश्म ने मुझे और मेरे सहयोगियों को दशकों से चली आ रही बहस को सुलझाने में मदद की कि आधुनिक उत्तरी अमेरिकी साही अपने पूर्वजों से कैसे विकसित हुई। करंट बायोलॉजी में प्रकाशित हमारे अनुसंधान पत्र में दलील दी गई है कि उत्तरी अमेरिकी साही के पूर्वज एक करोड़ साल पहले के हो सकते हैं, लेकिन वे लगभग 80 लाख वर्ष बाद तक पहचाने जाने योग्य नहीं होंगे। उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका में साही की अस्थि संरचना की तुलना करके, हमने निर्धारित किया कि उन 80 लाख वर्षों में, उत्तरी अमेरिकी साही अप्रत्याशित रूप से अभी भी अपने करीबी रिश्तेदारों नियोट्रॉपिकल साही की तरह दिखते थे, जो आज उष्णकटिबंधीय मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका में पाए जाते हैं।हमारे निष्कर्ष दक्षिण अमेरिका से उत्तरी अमेरिकी साही के विकसित होने के घटनाक्रम की जानकारी देते हैं। साथ ही यह रहस्य भी सुलझाते हैं कि इसके पूर्वजों को ढूंढ़ना इतना कठिन क्यों है।मैं एक जीवाश्म विज्ञानी हूं और विलुप्त जीवों की जीवाश्म अस्थियों तथा दांतों पर अनुसंधान करती हूं। संग्रहालय क्यूरेटर जॉन बलोच के साथ, मैंने एक कक्षा बनाई जहां हमने अपने अध्ययन के निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए अस्थियों की संरचना का विश्लेषण किया। क्यों यह महत्वपूर्ण- आधुनिक उत्तरी अमेरिकी साही अपने कांटेदार रिश्तेदारों के बीच विशिष्ट है। इसकी एक छोटी पूंछ, एक जबड़ा होता है जो पेड़ों से छाल को खुरच सकता है और इसका वजन 10 से 25 पाउंड (4.5 और 11.3 किलोग्राम) के बीच होता है।स्पष्ट रूप से संबंधित होते हुए भी, नियोट्रॉपिकल साही अलग दिखते हैं। उनकी लंबी, पकड़ में आने वाली पूंछ, कमजोर जबड़े होते हैं और उनका वजन 1.5 से 10 पाउंड (0.68 और 4.5 किलोग्राम) के बीच होता है।आधुनिक जानवरों के डीएनए विश्लेषण के आधार पर अनुमान लगाया गया है कि ए दोनों समूह लगभग एक करोड़ वर्ष पहले अलग हो गए थे।यहीं पर रहस्यमई स्थिति पैदा होती है। उत्तरी अमेरिकी साही के सभी जीवाश्म 18 लाख साल से कम पुराने हैं। दूसरे शब्दों में, उत्तरी अमेरिकी साही के लगभग 82 लाख वर्ष पुराने जीवाश्म गायब थे।सभी अनुसंधानकर्ताओं के पास जबड़े और पूंछ के अवशेष थे जो ऐसे लग रहे थे जैसे वे नियोट्रॉपिकल साही के हों।दो प्रतिस्पर्धी परिकल्पनाएं समानता की व्याख्या कर सकती हैं। कुछ वैज्ञानिकों का तर्क है कि उत्तरी अमेरिकी साही के शुरुआती पूर्वजों के जबड़े और पूंछ के जीवाश्म उनके आधुनिक वंशजों की तरह दिखने चाहिए।

### हमने अपना काम कैसे किया

फिर फ्लोरिडा म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री के अनुसंधानकर्ताओं ने 2005 में उत्तर-मध्य फ्लोरिडा मे एक साही के 20 लाख वर्ष पुराने लगभग पूरे कंकाल का पता लगाया। जीवाश्म की एक लंबी पूंछ थी और नियोट्रॉपिकल साही के समान कोई छाल-कुतरने वाला जबड़ा नही था। लेकिन इसमे दर्जनों और अस्थियां भी थी जिनका उपयोग हम रिश्तो को सुलझाने के लिए कर सकते थे।उन सबूतों को एकत्र करने के लिए सभी अस्थियो की जांच, सैकड़ो सूक्ष्म विवरणो की तलाश करना जैसे कि हड्डियो पर लकीरो के आकार या सीमाओं के पैटर्न और इन विवरणो की तुलना आधुनिक उत्तरी अमेरिकी और नियोट्रॉपिकल साही के कंकालो से करना आवश्यक था। बलोच और मैने एक पाठ्यक्रम तैयान किया जिसमे प्रत्एक छात्र ने परियोजना का एक हिस्से की जिम्मेदारी संभाली। साथ मिलकर, हम लगभग 150 जानकारीपूर्ण विवरणो की एक सूची लेकर आए। भले ही नमूने में नियोट्रॉपिकल साही के समान कुछ लक्षण थे, लेकिन अधिक सबूत इस विचार का समर्थन करते है कि यह जीवाश्म उत्तरी अमेरिकी साही का करीबी रिश्तेदार था।इस साही का चूंकि जबड़ा और पूंछ उसके नियोट्रॉपिकल रिश्तेदारो की तरह था, इसलिए संभावना है कि उत्तरी अमेरिकी साही के अधिकांश पुराने रिश्तेदारो मे भी अपने आधुनिक वंशजो के विशिष्ट लक्षण गायब थे। दूसरे शब्दो मे, अब तक रहस्य रहे का उत्तर यह है कि उत्तरी अमेरिकी साही के जीवाश्म रिकॉर्ड युवा दिखाई देते है क्योंकि प्रबलित जबड़ा और छोटी पूंछ अपेक्षाकृत हाल ही मे विकसित हुई है।

